## न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की अगली सुनवाई 7 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाइकोर्ट कि लखनऊ बेंच में मंगलवार को राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी द्वारा स्वयं को मामले से अलग करने के पश्चात अब मामले को न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ को आवंटित कर दिया गया है। मंगलवार को याची एस विग्नेश शिशिर ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मामले में जरूरी दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दिया जाए जिसे न्यायालय ने मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई के लिए सात मई की तारीख नियत की है।

### प्रदेश के 39 स्मारकों को संरक्षण की मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में 39 स्मारकों को संरक्षण में लेने की मंजूरी दी गई है। पर्यटन विभाग की स्थायी समिति की बैठक में 41 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 39 को स्वीकृति मिली। वर्तमान में 278 स्मारक संरक्षित हैं और वर्ष 2027 तक यह संख्या 300 करने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि विभाग अब अनुभवात्मक पर्यटन पर फोकस करेगा, जिससे पर्यटक अधिक समय तक ठहरें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि बीते वर्षों में पर्यटन बजट में 22 गुना वृद्धि हुई है। बैठक में झांसी, प्रयागराज, कानपुर और सहारनपुर के जनप्रतिनिधियों ने कनेक्टिविटी, हेली सेवा, वाटर स्पोर्ट्स और स्थानीय उत्पादों को पर्यटन से जोड़ने के सुझाव दिए।

### उप्र. घुमंतू विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण को लेकर अहम निर्णय लिए गए। विशेष रूप से विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदायों के विकास को प्राथमिकता देते हुए 'उत्तर प्रदेश घुमन्तू विकास बोर्ड' के गठन की संस्तुति को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई है। यह कदम योगी आदित्यनाथ सरकार की समावेशी विकास नीति को और मजबूती देने वाला माना जा रहा है। मंगलवार को इंदिरा भवन में आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, सोहन लाल श्रीमाली समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए।

### केंद्र की भाजपा सरकार पर मायावती का हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी चुनावों के मद्देनजर मायावती ने संगठन



को मजबूत करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली स्टेट यूनिट की समीक्षा बैठक में उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। बैठक में उन्होंने पूर्व निर्देशों की समीक्षा करते हुए बेहतर काम करने वालों की सराहना की, वहीं अपेक्षित परिणाम न देने वाले पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव कर स्पष्ट संदेश दिया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा। मायावती ने कहा कि दिल्ली में सभी वर्गों की अलग-अलग जरूरतें हैं, लेकिन लोगों को कानून का राज, भ्रष्टाचार मुक्त और न्यायपूर्ण शासन नहीं मिल पा रहा है।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना

## यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित महिला अभ्यर्थियों ने जताया भरोसा, कहा-प्रदेश में बेटियां पहले से अधिक सुरक्षित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद ग्रुप फोटो खिंचवाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में वित मंत्री सुरेश खन्ना व पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 प्रधान परिचालक एवं प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र मिलते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई अभ्यर्थियों ने इसे अपने परिवार की पहली सरकारी नौकरी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।

नवचयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया अब पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी हो चुकी है। प्रयागराज की महिमा यादव ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर सीधी भर्ती युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है और पूरी प्रक्रिया बेहद साफ-सुथरे तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एटा के कुशाल चौहान ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने को जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए अपराध और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिससे प्रदेश में सुरक्षा का माहौल बना है। प्रयागराज के सौरभ मिश्रा ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति ने कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है और युवाओं को प्रेरित किया है।

महिला अभ्यर्थियों ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष जताया। प्रयागराज की अदिति राठौर ने कहा कि आज महिलाएं पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। गोरखपुर की शालू गुप्ता और अयोध्या की सपना पांडेय ने भी मुख्यमंत्री की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार हुआ है। अभ्यर्थियों ने बताया कि नियुक्ति पत्र मिलने से उनके परिवारों में उत्सव जैसा माहौल है।

## जिला अनुश्रवण समिति का नाम अब 'दृष्टि'

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने जिला स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। 'जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति' का नाम बदलकर अब 'दृष्टि' कर दिया गया है। इसका पूरा नाम 'डिस्ट्रिक्ट रिव्यू एंड इंस्पेक्शन फॉर सस्टेनेबल ट्रैकिंग एंड इम्प्लीमेंटेशन' होगा। यह निर्णय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों पर लिया गया है। ग्राम्य विकास विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर सभी मुख्य विकास अधिकारियों को भेज दिया है। हालांकि, पहली जुलाई 2025 से पहले जारी आदेश के अन्य प्रावधान यथावत रहेंगे।

# पीएम मोदी नए भारत के निर्माता, 'विरासत से विकास' को दी नई रफ्तार : मुख्यमंत्री

## योगी बोले- नारी शक्ति वंदन अधिनियम रोकने के लिए कांग्रेस, सपा समेत इंडी गठबंधन के खिलाफ देश में आक्रोश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के निर्माता हैं और उनके विजन से देश 'विरासत से विकास' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को पीएम मोदी की उपस्थिति में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड में आयोजित 'नारी वंदन सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन का ही परिणाम है कि आज हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश में चार ही जातियां हैं- नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता किसान। इन चारों में हमारा पूरा समाज समाहित होता है। यह एक विराट विजन है, जिसके अनुरूप ये चारों वर्ग समग्र समाज और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसीलिए हमने उन्हें भारत की राजनीति का केंद्र बनाकर प्रत्येक योजना का लाभ इन वर्गों तक पहुंचाया है। पीएम मोदी ने इन वर्गों के आर्थिक स्वावलंबन, सम्मान व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सोच के तहत 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने का अभियान दिया है।

इस अवसर पर राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



काशी में बीएलडब्ल्यू हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।



काशी विश्वनाथ धाम में पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन व अन्य।

### योगी ने भाजपा अध्यक्ष संग किया दर्शन-पूजन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी रहे। दोनों नेताओं ने बाबा विश्वनाथ से सुखी, समृद्ध देश-प्रदेश की कामना की। इसके पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल आदि भी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने उमड़ी बहनें

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ देश में आधी आबादी के आक्रोश की प्रतिध्वनि सुनाई दे रही है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वागत के लिए उमड़ी बहनें इस बात की गवाह हैं कि प्रधानमंत्री के प्रत्येक मिशन के साथ आधी आबादी पूरी मजबूती के साथ खड़ी है।

### काशी को मिली विकास की नई सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी ने पिछले 11-12 वर्षों में विकास की लंबी यात्रा तय की है। इस दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काशी को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने का कार्य हुआ है। इनमें 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी के धरातल पर उतर चुकी हैं, जबकि 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। आज प्रधानमंत्री ने 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर काशी को विकास की एक नई सौगात दी है।

## पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होने पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख सचिव पंचायती राज से मांगा जवाब

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पंचायत चुनाव से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने प्रमुख सचिव पंचायती राज से इस संबंध में जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 19 मई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने अधिवक्ता मोतीलाल यादव की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में आयोग का गठन न होने पर अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने 4 फरवरी 2026 के हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने न्यायालय को आश्वस्त किया था कि पंचायत चुनाव से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर लिया जाएगा। साथ ही आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही ओबीसी आरक्षण लागू किया जाएगा। इसी भरोसे पर अदालत ने पूर्व याचिका का निस्तारण किया था। वर्तमान याचिका में कहा गया है कि आश्वासन के बावजूद अब तक आयोग का गठन नहीं हुआ। इसमें जयश्री लक्ष्मण राव पाटील मामला का हवाला देते हुए कहा गया कि स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण लागू करने से पहले समर्पित आयोग का गठन और उसकी रिपोर्ट आवश्यक है।

## कोऑपरेटिव संघ के चुनाव में भाजपा का दबदबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभापति, उपसभापति समेत सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**अमृत विचार:** उप्र. को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। संघ के सभापति, उपसभापति समेत सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने नव निर्वाचित सभापति चौधरी शिवेन्द्र सिंह और उपसभापति ब्रज किशोर गुप्ता सहित सभी संचालकों को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने रामनिवास यादव, बालेन्द्र प्रताप सिंह, धनंजय कुमार सिंह, शिवदत्त नारायण सिंह, अभय सिंह, हरिओम मिश्रा, सुरेश गंगवार, जयवीर सिंह सिरोही, दिवाकर मिश्रा, शारदा चौधरी, आकांक्षा सोनकर और ऊर्षा मौर्या को भी जीत की बधाई दी। पंकज चौधरी ने कहा कि सभी पदों पर निर्विरोध चयन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था में भाजपा के प्रति व्यापक विश्वास है।

## कांग्रेस की 'किसान नौजवान बचाओ यात्रा' पहली मई से



पत्रकारों को यात्रा के बारे में जानकारी देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, साथ में अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसान और युवाओं के मुद्दों को लेकर उप्र. कांग्रेस 'किसान-नौजवान बचाओ यात्रा' निकालेगी, इसकी शुरुआत पहली मई से सहारनपुर से होगी, जोकि विभिन्न जिलों से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह जानकारी प्रदेश पार्टी कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान आर्थिक संकट और युवाओं को बेरोजगारी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यात्रा का नेतृत्व उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिमी जोन करेगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने बताया कि यात्रा सहारनपुर से शुरू होकर मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर होते हुए दिल्ली पहुंचेगी।

### 10 जिलों में खुलेंगे आलू क्रय केंद्र, लखनऊ और फर्रुखाबाद में खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में आलू किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत खरीद प्रक्रिया तेज कर दी है। उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के निर्देश पर उप्र राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) को 10 जिलों में क्रय केंद्र स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ और फर्रुखाबाद में मंगलवार से खरीद शुरू हो चुकी है। सरकार ने आलू का बाजार हस्तक्षेप मूल्य 650.09 रुपये प्रति कुंतल तय किया है, साथ ही 162.52 रुपये प्रति कुंतल ओवरहेड व्यय निर्धारित किया गया है। अधिकतम 25 प्रतिशत क्षतिपूर्ति का भार केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से वहन करेंगी।

## लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाएं : राजभर

### पंचायत सशक्तिकरण पर मंथन, विकास के लिए तय हुआ ब्लूप्रिंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



दीप जलाकर कार्यशाला की शुरुआत करते पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर।

**अमृत विचार :** पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जनभागीदारी और पारदर्शिता के जरिए गांवों के विकास को नई गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंचायती व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उन्हें नेतृत्वकारी भूमिका निभानी होगी। साथ ही, उन्होंने लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण और निधियों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया।

पंचायत राज मंत्री, मंगलवार को पंचायती राज विभाग की राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के साथ वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पंचायतों की कार्यप्रणाली को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा योजनाओं के संचालन, पारदर्शिता और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कई सुझाव भी रखे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'सेनानी' ने 10 सूत्रीय मांग पत्र पंचायत राज मंत्री को सौंपा, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

### सहायक आचार्य (बीएड) के 107 पदों पर फिर भर्ती, 28 से आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने सहायक आचार्य (बीएड) के 107 पदों पर भर्ती के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद यह प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई है।

आवेदन 28 अप्रैल से शुरू होकर 27 मई तक होंगे, जबकि संशोधन 30 मई तक किया जा सकेगा। परीक्षा 20 जुलाई को प्रस्तावित है। केवल वही अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने 31 अगस्त 2022 तक निर्धारित शैक्षिक योग्यता पूरी की है। पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा शुल्क नहीं देना होगा।

**बदलाव** — रासायनिक खाद व महंगे कीटनाशकों पर निर्भरता घटी, देसी संसाधनों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे किसान

# प्राकृतिक खेती से 2 .60 लाख किसानों की बढ़ी आय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 'प्राकृतिक खेती मिशन' किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा

**अमृत विचार:** प्रदेश में 'प्राकृतिक खेती मिशन' किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। अब खेती केवल गुजारे का माध्यम नहीं, बल्कि कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय बनती जा रही है। रासायनिक खाद और महंगे कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर किसान देसी संसाधनों के जरिए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

प्रदेश के 75 जिलों में 2356 क्लस्टर के माध्यम से 1.14 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र प्राकृतिक खेती के दायरे में आ चुका है। इसका सीधा लाभ करीब 2.60 लाख किसानों को मिल रहा है। इस पद्धति से उत्पादन में सुधार के साथ लागत घटने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

बुंदेलखंड क्षेत्र इस अभियान का प्रमुख मॉडल बनकर उभरा है। झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट जिलों में 23 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गो-आधारित प्राकृतिक खेती अपनाई गई है, जिससे करीब 22



हजार किसानों को फायदा हुआ है। जीवामृत और घनजीवामृत के उपयोग से लागत कम हुई है और फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई है।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, प्राकृतिक खेती से कम लागत में बेहतर उत्पादन मिल रहा है। रसायनमुक्त उत्पादों की बढ़ती मांग किसानों की आय बढ़ाने में सहायक बन रही है।

### टिशू कल्चर से मिलेंगे बेहतर गुणवत्ता के गन्ना बीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिशू कल्चर तकनीक के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इस पहल से किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ प्रदेश में चीनी उत्पादन और उत्पादकता को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ शुगर केन रिसर्च और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है। इसका उद्देश्य टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज तैयार करना और किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, इस पहल के तहत किसानों, मिल कर्मियों और तकनीकी कर्मचारियों को टिशू कल्चर लैब और ग्रीनहाउस संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्लांटलेट तैयार करने, हार्डनिंग और खेत में रोपाई तक की पूरी प्रक्रिया सिखाई जाएगी। साथ ही रसायनों, उपकरणों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि किसान इसे आसानी से अपनाकर अपने खेतों में लागू कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि पारंपरिक विधि के मुकाबले टिशू कल्चर से बीज उत्पादन अधिक तेज, शुद्ध और प्रभावी होता है। कम समय में बड़ी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले बीज तैयार किए जा सकते हैं, जिससे उन्नत किस्मों का तेजी से विस्तार संभव है।

# वन हेल्थ मिशन से स्वास्थ्य-पर्यावरण चुनौतियों पर काबू पाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यशाला में बोले एसीएस, योजना को अंतिम रूप मिलने के बाद होगी औपचारिक शुरुआत

**अमृत विचार:** अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष ने कहा कि राज्य में बढ़ती स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए 'वन हेल्थ मिशन' स्थापित किया जाएगा। यह मिशन मानव, पशु और पर्यावरण के बीच समन्वित दृष्टिकोण अपनाकर संभावित खतरों से निपटने की दिशा में काम करेगा।

अपर मुख्य सचिव एक होटल में आयोजित वन हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शुरू हुई दो दिवसीय बहु-हितधारक कार्यशाला में बोल रहे थे। अपर मुख्य सचिव घोष ने कहा कि डिजिटल युग में रोग प्रबंधन और आपदा नियंत्रण के लिए त्वरित डेटा उपलब्धता बेहद जरूरी है। कार्यशाला के माध्यम से विभागों के बीच डेटा साझा करने की एकीकृत प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य वन हेल्थ एक्शन प्लान को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा मिशन की औपचारिक शुरुआत की जाएगी।

अमित कुमार घोष ने कहा कि हाल के वर्षों में जूनोटिक रोगों और महामारियों के प्रसार में तेजी आई है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती है। ऐसे में वन हेल्थ दृष्टिकोण बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण से जुड़े कारकों का एकीकृत अध्ययन कर प्रभावी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर), खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भी समन्वित तरीके से काम किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बालिका की हत्या में आज होगा फैसला

**कानपुर देहात।** डेरापुर थाना क्षेत्र में एक बालिका की हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त को दोषी करार दिया गया है। सजा के बिंदु पर बुधवार को सुनवाई होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मुख्य अभियुक्त रिषभ उर्फ शीलू कटियार को बालिका की हत्या का दोषी माना है। जानलेवा हमला, पॉक्सो अधिनियम और 7 सीएलए अधिनियम में दोषमुक्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना 11 जनवरी 2021 की है। बालिका अपनी चचेरी बहन के साथ सुबह शौच के लिए खेत गई थी। अभियुक्त रिषभ उर्फ शीलू कटियार बालिका पर लगातार विवाह का दबाव बना रहा था और उसका पीछा करता था। पहले से ही खेत में घात लगाकर बैठा था। जैसे ही बालिका वहां पहुंची, उसने बाल पकड़कर क्रूरता से चाकू से गला रेत दिया। अपनी जान बचाने के संघर्ष में बालिका की उंगलियां भी कट गई थीं। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया था।

### बेकाबू हो गिरी बाइक तीन लोग घायल

**रसूलाबाद।** अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से तीन लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। डूडामहुआ गांव निवासी शिशुपाल (26) पुत्र जगदीश बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण घायल हो गया। सूचना पर परिजन सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में तिवारीपुर अकबरपुर निवासी सौम्या (20) पुत्री सुरेंद्र पड़ोसी गांव बाढ़ापुर अकबरपुर निवासी सूरज (25) के साथ होमगार्ड की परीक्षा देने फर्रूखाबाद गई थी। वहां से घर वापस लौटते समय बिल्हा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, हादसे में सौम्या गंभीर रूप से घायल हो गई। साथी युवक एंबुलेंस से सीएचसी ले गया। वहां इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### ई रिक्शा व कार में टक्कर, 5 घायल

**रसूलाबाद।** ई रिक्शा व कार में हुई टक्कर से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गई वह दो की हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट रेफर किया गया। कार व ई रिक्शा की हुई टक्कर से मलिखानपुर निवासी सुरेश चंद्र 50वर्ष, लालू निवासी सोलू 25वर्ष पुत्री उमेश, खपरेमऊ निवासी सरोजिनी 50वर्ष पत्नी सरवन और सरमन 52वर्ष पुत्र राम किशोर, रामहार निवासी साक्षी देवी 22वर्ष पुत्री दशरथ घायल हो गई। एंबुलेंस सभी घायलों को सीएचसी ले गई। ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने सरोजनी व साक्षी के फैक्चर की संभावना के चलते जिला अस्पताल रेफर किया है।

### कोचिंग का पंजीयन नहीं तो होगी कार्रवाई

**कानपुर देहात।** जिला विद्यालय बृज भूषण चौधरी ने बताया कि जनपद में संचालित जिन कोचिंग सेंटरों का तीन वर्षों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है एवं जनपद में अवैध रूप से संचालित है उन सभी कोचिंग सेन्टरों के संचालको को आदेशित किया जाता है अपनी कोचिंग का नवीनीकरण तत्काल कराए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही अमान्य विद्यालय जो बिना मान्यता के अवैध रूप से संचालित हों, को तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटर या अमान्य विद्यालयों के संचालको के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### मृदा स्वास्थ्य में जल्द ही आएगा परिवर्तन

**कानपुर देहात।** मंगलवार को तहसील स्तरीय धरती माता बचाओ व उर्वरक निगरानी समिति, पीएम प्रणाम की बैठक एवं फार्मर रजिस्ट्री की कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी, तहसीलदार रसूलाबाद, सहायक विकास अधिकारी रसूलाबाद, चीफ मैनेजर इफको एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको और तहसील के थोक उर्वरक विक्रेता शामिल हुए। जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश गुप्ता ने इसमें अवगत कराया कि भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने निर्देश जारी कर मृदा स्वास्थ्य में अनुकूल परिवर्तन लाने की योजना बनाई है। बैठक में थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में उर्वरक निर्धारित मूल्य पर बेचा जाएगा। उर्वरक के साथ ही कम प्रचलित उर्वरक की टैगिंग नहीं की जाएगी।

## संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में हुई थी शादी

**अमृत विचारः** बरौर थाना क्षेत्र के मदनपुर में मंगलवार की शाम विवाहिता का संदिग्ध हालात फंदे पर शव लटका मिला। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मायके पक्ष ने मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है।

गजनेर थाना क्षेत्र के सैंथा गांव निवासी रामशंकर की पुत्री रंजना की शादी मार्च 2023 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बरौर थाना क्षेत्र के मदनपुर के अंजनी कुमार के पुत्र साहबलाल के साथ हुई थी। बताया गया कि शादी के बाद कुछ दिनों तक सब ठीक चला। इसके बाद संबंधों में दरार आ गई। दोनों में अक्सर झगड़ा होने लगा। कई बार समझौते की कोशिश हुई मगर स्थिति सामान्य नहीं हुई। मंगलवार को करीब 4 बजे रंजना का शव घर के कमरे में दुपट्टे के सहारे धन्नी से लटका मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। सूचना मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे और पति समेत ससुराल पक्ष पर पुत्री के साथ मारपीट व हत्या का आरोप लगाया। नायब तहसीलदार सूर्यप्रकाश की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रंजना की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है। तहरीर के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

## कमरे में नग्न मिला फौजी का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** झींझक कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ले में मंगलवार को फौजी का शव मकान के अंदर नग्न हालात में मिला। इर्द-गिर्द काफी खून पड़ा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू की है।



सुवेंद्र सिंह।

औरैया के दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुरली पुरवा निवासी आनंद उर्फ सुवेंद्र सिंह चौहान (38) पुत्र अतर सिंह महाराष्ट्र के अहमदनगर में सेना में तैनात थे। करीब 15 दिन पहले छुट्टी पर घर आए थे। वह पत्नी निधि और दो बेटों देव प्रताप व वेद प्रताप के साथ झींझक के सुभाष नगर में रामसिंह राजपूत के मकान में किराए पर रह रहे थे। माता-पिता गांव में रहते हैं। मंगलवार को पत्नी ने अपनी देवरानी सोनम को सूचना दी कि सुवेंद्र दो दिन से कमरे का दरवाजा नहीं खोल रहे हैं। भीतर से दुर्गंध आ रही है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दरवाजा खुलवाया तो कमरे में नग्न हालात में शव पड़ा था। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलपुर थाना प्रभारी महेश दुबे, झींझक चौकी प्रभारी उमेश शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। घटनास्थल से एक दवा की शीशी, इंजेक्शन और शराब की बोतल बरामद हुई है, जिन्हें जांच के लिए कब्जे में लिया गया है।



घटना की जानकारी होने के बाद घर के बाहर मौजूद महिलाएं। अमृत विचार



आनंद की मौत से बेहाल भाई राजेंद्र प्रताप सिंह को संभालते लोग। अमृत विचार

### पत्नी पर हत्या का आरोप, हिरासत में लिया गया

- छोटे भाई राजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर पैसों को लेकर विवाद होता था। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी और उसके मायके वालों ने मिलकर सुवेंद्र की हत्या की है। देर शाम पुलिस ने आनंद की पत्नी निधि को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### 30 लाख फंड और प्लाट बेचने के बाद से विवाद

- इस सनसनीखेज घटना को लेकर परिजनों का कहना है कि पैसों की खातिर आनंद की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि सुवेंद्र ने हाल ही में फंड से करीब 30 लाख रुपये निकाले थे। एक प्लॉट भी बेचा था। तब से पैसों के विवाद की स्थिति बनी हुई थी। मौसी पुष्पा ने भी हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि घटनास्थल के हालात हत्या की ओर से इशारा कर रहे हैं। शरीर के पास खून के निशान भी मिले हैं।

## युवक की हत्या कर हड्डी मिल में फेंकी लाश, ईंटों से दबाया

### रसूलाबाद कस्बे के कबीर नगर की घटना, शव भरने के बाद हाथ से सिला गया बोरा

संवाददाता, रसूलाबाद

- 4 दिन पहले अचानक गायब हुआ था 27 साल का असद हुसैन
- धारदार औजारों से कत्ल के बाद हड्डी मिल के हौज में फेंका शव

**अमृत विचारः** शनिवार से लापता युवक का शव कस्बे से बाहर खंडहर पड़े हड्डी मिल परिसर में बने हौज (सूखे कुंड) में बोरे में भरा मिला। हाथ से सिली बोरी के ऊपर करीब 25 से 30 ईट भी रखी हुई थी जिससे अनुमान है कि हत्यारों ने शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से हड्डी मिल परिसर में शव को फेंका है। सूचना पर पहुंचे सीओ ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलवाकर साक्ष्य संकलन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बड़े भाई की तहरीर के आधार पर एक नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कस्बा के कबीर नगर निवासी अनाज कारोबारी रियायत हुसैन उर्फ मुन्ना खान का सबसे छोटा बेटा असद हुसैन उर्फ मोदी (27) बीते 25 अप्रैल की सुबह 8 बजे घर से दुकान जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह घर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने 26 अप्रैल को परिचितों व रिश्तेदारों से फोन कर असद के बारे में जानकारी ली, लेकिन उसका कहीं पता न चलने पर मंगलवार को गुमशुदगी लिखाने के लिए थाने जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच नेहरू नगर के कुछ श्रमिकों ने बताया कि बैरगरा गांव के पास बंद पड़ी हड्डी मिल (खंडहर) के सूखे कुंड में भूसा भरने वाली झाल में शव पड़ा है। सूचना पक भाई मौके पर पहुंचा और शव से कुछ दूर पड़ी चप्पल देखकर असद हुसैन का शव होने का अनुमान लगाते हुए पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी पाकर सीओ आलोक कुमार चौधरी, प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम सिंह पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। सीओ ने फॉरेंसिक टीम बुलवाकर शव कुंड से बाहर निकवाया। बोरी (झाल) खुलवाने के बाद उसकी पहचान असद हुसैन उर्फ मोदी के रूप में हुई। शव बुरी तरह से सड़ गया था और उसमें कीड़े पड़े होने के कारण भीषण दुर्गंध आ रही थी। फॉरेंसिक टीम ने सिर, माथे व गर्दन में किसी धारदार हथियार से हमला किए जाने की आशंका जताई।

प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने बताया कि बड़े भाई सजर हुसैन की तहरीर के आधार पर पड़ोसी शहनवाज उर्फ जेके समेत अज्ञात साथियों के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार चौधरी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई है। शीघ्र ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।



खंडहरनुमा हड्डी मिल में शव मिलने पर एकत्र लोग। अमृत विचार



मौके पर मौजूद सीओ आलोक चौधरी। अमृत विचार



असद हुसैन उर्फ मोदी।

### सट्टेबाजी के लेनदेन में हुई थी मारपीट

- बताते हैं कि 25 अप्रैल की दोपहर मोहल्ले के एक नेत्र चिकित्सक के आवास के पास असद का शहनवाज और तीन युवकों से सट्टेबाजी के लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ था। मारपीट की घटना नेत्र चिकित्सक के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। लोगों का कहना है कि असद आईपीएल मैच में सट्टा लगाता था। अनुमान है कि सट्टे के लेनदेन को लेकर हत्या हुई है। शहनवाज भी सट्टा खेलता है।

### रोते-बिलखते पहुंचे परिवार के लोग

- जानकारी मिलते ही पिता रियायत हुसैन उर्फ मुन्नाखान, मां हसीना बेगम, बड़े भाई सिराज हुसैन, एजाज हुसैन, मजहर हुसैन, सजर हुसैन, बहन यासमीन बेगम, शमां बानो, निशा बानो समेत अन्य परिजन रोते-बिलखते हुए पहुंचे। शव देखते ही चीख-पुकार मच गई।

## जेवर-पैसा दोगुना करने का झांसा देकर टप्पेबाजी

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** दोगुना करने का झांसा देकर ई रिक्शा सवार टप्पेबाज मायके से घर जा रही एक महिला के 30 ग्राम सोने के जेवरात व दो हजार नकद टप्पेबाजी कर फरार हो गए। वृद्धा के बेटे ने पुलिस को सूचना दी।

अंता निवासी राजेश सिंह तोमर की पत्नी रेखा सिंह मंगलवार को मायके ज्योति थाना शिवली से लौट रही थी। वह रिश्तेदार की कार से रसूलाबाद चौराहे पहुंचीं, तभी एक टप्पेबाज ने बातों में उलझा लिया और ई रिक्शा में बिठाकर अंता तक ले जाने की बात कही। रेखा सिंह टप्पेबाजों की बातों में आकर ई रिक्शा में बैठ गईं। वह जैसे ही असालतगंज सुनारन बगिया के पास पहुंचीं, तभी टप्पेबाजी हो गई। युवकों ने रेखा सिंह को गले में पहने हुए 20 ग्राम की सोने की जंजीर, दो अंगूठी तथा दो हजार रुपए दोगुना करने का झांसा दिया। इसके बाद जेवरात व नगदी हाथों में ले लिए और ई रिक्शा से उतार कर मौके से भाग गए। घटना के बाद बदहवास हालत में रेखा सिंह रसूलाबाद चौराहे पहुंची और दुकानदारों को आप बीती बताई। दुकानदारों ने मोबाइल के माध्यम से रेखा सिंह के परिजनों को सूचना दी ,बेटा दीपेंद्र के आने पर पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। चौराहा व टेंपो स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### सर्राफ के साथ लूट में तीन लुटेरे गिरफ्तार

- **कानपुर देहात।** गजनेर थाना क्षेत्र में रविवार को शाहजहांपुर निनाया के सर्राफ राजबल्लभ परिहार को लूटने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए लुटेरों में राजरोशन पुत्र दिनेश प्रसाद निवासी मसवानपुर सिलेंडर चौराहा थाना रावतपुर कानपुर नगर हाल पता मोतिहारी थाना हर्षीपुर जिला पूर्वीचम्पारण, बिहार, आकाश कोरी पुत्र शेर बहादुर कोरी निवासी जोरावरपुर थाना शिवली और कुलदीप कोरी पुत्र रामअवतार निवासी जिगनीकापुरवा थाना शिवली शामिल हैं। 11400 रुपये, बाइक बरामद हुई है।

## आत्म रक्षा के सिखाए जाएंगे गुर

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** महिलाओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाने के लिए कॉलेजों में कार्यशालाएं लगाई जाएंगी और सशक्त बनाया जाएगा। यह अभियान वीर हिंदू, विजेता हिंदू के तहत चलाया जाएगा।

यह बात मंगलवार को यहां आए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कही। उन्होंने राजकीय अतिथि गृह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय महिला दल एवं ओजस्विनी दल मिलकर मई व जून में युवक-युवतियों को सुरक्षा की ट्रेनिंग देंगे। स्कूल-कॉलेजों में आत्म रक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा। यह अभियान पूरे देश में चलेगा। हमारा संकल्प है कि युवतियों और युवाओं पर वीर विजेता हिंदू का गौरव स्थापित हो।

उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक दल नहीं थे, तब भी हिंदू अपने बलबूते जीता है और जीतता रहेगा। उन्होंने कहा कि धर्म और राजनीति एक ही है। धर्म के माध्यम से राजनीति करने का आरोप गलत है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी एक गंभीर चिंता का विषय है, जिस पर सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर उनके साथ अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद, राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश महामंत्री अरविंद सेंगर, राजीव भारद्वाज, शिवजी यादव, प्रमोद तिवारी, अजय मिश्रा, राम दुबे, रामचंद्र दोहरे, जीतू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



रसूलाबाद पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया। अमृत विचार

### तोगड़िया ने काशीपुर में किया रात्रि प्रवास

- **शिवली।** राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने काशीपुर के समाजसेवी भूपेंद्र सिंह के घर रात्रि प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने हर गली में हनुमान चालीसा केंद्र खोलने और हर हफ्ते एक गरीब हिंदू की मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू एकजुट नहीं हुए तो 50 वर्षों में भारत में अल्पसंख्यक हो जाएंगे। यहां राघव गोवर्धन गौशाला के संचालक राघव शुक्ला, निखिल सिंह, प्रफुल्ल प्रताप सिंह, रामगोपाल सिंह, जितेंद्र कछवाहा, ललुआ सिंह गजेंद्र सिंह, उमेश सिंह, सुशील राजपूत, शंकर राजपूत जय सिंह गौतम राम प्रकाश गौतम जय सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी में अल्ट्रासाउंड की सुविधा

संवाददाता, रसूलाबाद

- रसूलाबाद क्षेत्र के डेढ़ सैकड़ा गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचारः** मंगलवार को सीएचसी रसूलाबाद में क्षेत्रीय भाजपा विधायक पूनम संखवार ने अल्ट्रासाउंड मशीन का विधिवत पूजन व फीता काटकर उद्घाटन किया। अल्ट्रासाउंड मशीन शुरू हो जाने और सप्ताह में एक दिन उसके विशेषज्ञ के बैठने से क्षेत्रीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और सरकार की इस सुविधा का स्वागत किया है।

भाजपा विधायक पूनम संखवार ने बताया कि रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े लगभग 150 गांव के लोगों को अल्ट्रासाउंड के लिए प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटरों की शरण लेनी पड़ती थी और उनके आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ता था। इस सुविधा के शुरू होने से गरीब एवं मध्यमवर्गीय लोगों को विशेष राहत मिलेगी।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दीपक गुप्ता , डॉक्टर सौरभ शाक्य,डॉक्टर प्रियंका द्विवेदी, डॉक्टर मीना कुरील, डॉ उमाशंकर,अटल वाजपेई ,नरेंद्र पांडेय, गौरव सिंह गौर, अमित सिंह, पंकज दुबे, डॉक्टर रामआसरे राजपूत, संदीप शुक्ला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



विधायक पूनम संखवार ने पूजन के साथ शुरुआत की। अमृत विचार

**समन्वय पर जोर** — कलेक्ट्रेट सभागार में हुई स्टियरिंग कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी कपिल सिंह ने दिए निर्देश

## बाढ़ संभावित क्षेत्रों में दुरुस्त करें खाद्यान्न की व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को कपिल सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ एवं जलप्लावन प्रबंधन योजना के अनुश्रवण एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में स्टियरिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें जनपद के संवेदनशील एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को समय रहते आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाढ़ की संभावित स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सभी आवश्यक संसाधन पूर्व से ही उपलब्ध एवं सक्रिय स्थिति में रखे जाएं। उन्होंने शेल्टर होम की समुचित व्यवस्था, नावों की पर्याप्त उपलब्धता, खाद्यान्न एवं स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति, आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडारण तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, संचार व्यवस्था को मजबूत रखते हुए आपदा की स्थिति में त्वरित सूचना आदान-प्रदान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित नावों पर सभी यात्रियों के लिए लाइफ जैकेट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बाढ़ चौकियों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों का समुचित ओरिएंटेशन कराया जाए, ताकि आपदा की स्थिति में वे कुशलतापूर्वक कार्य कर सकें। इसके अतिरिक्त, बाढ़ से पूर्व एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित कर तैयारियों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गत वर्ष आई बाढ़ के प्रबंधन में रही कमियों का गहन अध्ययन कर सुदृढ़ एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि इस वर्ष बेहतर एवं प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने, उनका समय से टीकाकरण सुनिश्चित कराने तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही, गौशालाओं एवं पशुधन की सुरक्षा के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि आपदा के दौरान किसी प्रकार की क्षति न हो। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग को आवश्यक पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, जिला पूर्ति अधिकारी को संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्यान्न वितरण की पूर्व कार्ययोजना तैयार कर समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।





बैठक में डीएम ने अफसरों के साथ विचार-विमर्श किया। अमृत विचार

## भीषण गर्मी में 10 घंटे तक नहीं मिला पानी

संवाददाता, रसूलाबाद

- सुबह पांच बजे फाल्ट से गुल रही बत्ती, रोजमर्रा के काम प्रभावित

**अमृत विचारः** रसूलाबाद कस्बे के दर्जन भर से अधिक वार्डों में रहने वाले करीब 50हजार लोगों को भीषण गर्मी में करीब 10 घंटे तक पेयजल की समस्या से दो-चार होना पड़ा। इन वार्डों में करीब दस घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसे लेकर लोगों में रोष दिखा।

मंगलवार सुबह करीब पांच बजे कस्बा रसूलाबाद को विद्युत आपूर्ति देने वाली बिल्हौर से रसूलाबाद आई उच्च क्षमता विद्युत लाइन में कहीं फाल्ट हो गया। इसके चलते कस्बा की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई करीब 45 डिग्री तापमान में लोग भीषण गर्मी में तड़पने लगे सबसे अधिक तकलीफ छोटे बच्चों और बुजुर्ग समेत बीमार लोगों को हुई। वहीं ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोग जल आपूर्ति बंद होने के कारण दैनिक क्रिया से भी वंचित रहे। कस्बा रसूलाबाद के आजाद नगर, सुभाष नगर, केशव नगर ,विकास नगर, रहीम नगर ,निराला नगर, नेहरू नगर, कबीर नगर, लोहिया नगर, गौतम बुद्ध नगर ,शास्त्री नगर,तुलसीनगर समेत 13 वार्डों में करीब 50000 से अधिक आबादी रहती है। 10 घंटे से अधिक विद्युत ना आने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने लगाया चोरी से मकान बेचने का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के पठानपुरा निवासी एक महिला ने अपने परिवार के एक युवक पर उसकी जानकारी के बिना मकान बेंचने का आरोप लगाया है। महिला का यह भी आरोप है कि मकान खरीदने वाले युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर उससे मारपीट की। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। पठानपुरा मोहल्ला निवासी राजकुमारी ने बताया कि उसके परिवार के कुछ लोगों ने उसकी सहमति के बिना उसके मकान को कस्बे के एक युवक को बेच दिया है। जब वह अपने मकान में पहुंची, तो मकान खरीदने वाला युवक उसे तोड़ रहा था। जब उसने विरोध किया तो युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर उससे मारपीट की और धमकी भी दी। कोतवाल ने बताया जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### रसूलाबाद में विषैला पदार्थ खाने से बिगड़ी युवक की हालत

**रसूलाबाद।** तिश्ती निवासी एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां उसका इलाज किया गया। तिश्ती भट्ठा निवासी छोटू 18वर्ष पुत्र रामस्वरूप ने किसी बात से दुखी होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। तब उसके परिजन उसे सीएचसी ले गए। वहां ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने इलाज किया।

# गम के बीच पड़ीं भांवरें, दुल्हन की विदाई नहीं

## सोमवार की रात डंपर की टक्कर से दूल्हे के भाई समेत 4 लोगों की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदलीं

संवाददाता, कुरारा/मौदहा

**अमृत विचार।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव के पास नेशनल हाईवे पर सोमवार की देर रात बारातियों से भरी वैन में डंपर की टक्कर से दूल्हे के भाई सहित चार लोगों की मौत से शादी की खुशियां गम में बदल गईं। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इस हादसे के बाद शादी की रस्में सादगी के साथ संपन्न कराई गईं और दुल्हन की विदाई नहीं कराई गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है।

कुरारा थाना क्षेत्र के डामर निवासी करन कुशवाहा के पुत्र रमाकांत की बारात सोमवार की शाम महोबा जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के खजुरिया पारा गांव गई थी। एक वैन में दूल्हे का छोटा भाई शशिकांत (24), रिठारी गांव निवासी रिश्तेदार जितेंद्र कुशवाहा (30) पुत्र मैयादीन, उर्दना गांव निवासी मोहन (24) पुत्र रामसेवक, तिन्दुही निवासी रोहित (24) पुत्र राधेश्याम, उर्दना निवासी दिलीप (60) पुत्र गणेश्वर और डामर गांव निवासी कमेलश उर्फ बाबूजी (40) पुत्र संतराम और वैन मालिक कमलेश यादव (45) पुत्र कालीचरण बैठे थे।



मोहन के घर के बाहर गमगीन बैठीं परिवार और मोहल्ले की महिलाएं। अमृत विचार



हादसे के बाद मौदहा सीएचसी के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार



शशिकांत।



जितेंद्र कुशवाहा।

- हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन बाराती कानपुर रेफर
- पुलिस ने डंपर के साथ ही चालक को हिरासत में लिया

रात करीब 10 बजे वैन जैसे ही मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव के पास पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तभी कबरई से कानपुर जा रहे गिट्टी लदे डंपर ने वैन में टक्कर मार दी, जिससे दूल्हे के भाई शशिकांत, जितेंद्र, कमलेश यादव और मोहन की मौके पर मौत हो गई, जबकि कमलेश पुत्र संतराम, दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया। क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि अरविंद की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

मंगलवार को गांव शव आते ही गमगीन माहौल हो गया और शादी खुशियां मातम में बदल गई। शशिकांत चार भाई थे, जो बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते थे। शशिकांत तीसरे नंबर का था। कमलेश यादव के चार पुत्र हैं। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। सदर तहसीलदार व स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद रही।

### सादगी के साथ भांवरों की रस्म अदा हुई

- दूल्हे के चचिया ससुर बबलू ने बताया कि सड़क दुर्घटना की जानकारी होते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद टीका, जयमाल और चढ़ावा के कोई कार्यक्रम नहीं हुए। केवल सादगी के साथ भांवरों की रस्में अदा कराई गईं और बिना वधू की विदाई के बारात वापस लौट आई। हादसे के बाद शादी वाले घर में खुशियों की जगह मातम पसरा है।

### डीएम और एसपी जिला अस्पताल पहुंचे

- हादसे की सूचना के बाद जिलाधिकारी अभिषेक गोयल व पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां हादसे के बारे में जानकारी ली। उधर, मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस में सदर विधायक डॉ .मनोज कुमार प्रजापति व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी।

# मानदेय न मिलने पर हड़ताल करेंगे आउटसोर्स कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मचारियों ने चार माह का मानदेय दिलवाने सहित पीएफ जमा करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौपा है।

जैम पोर्टल के आउटसोर्सिंग संगठन के जिलाध्यक्ष जगरूप सिंह के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों को 4 माह से मानदेय नही दिया गया है। ईपीएफ जो हर माह जमा होना चाहिये वो जमा नह हो रहा है,साथ ही उन्हें ईएसआई की आज तक कोई जानकारी नहीं है। बताया कि वर्ष 2018 कोविड काल में उन्होंने विशेष ड्यूटी कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते चले आ रहें है। लेकिन उनको समय से मानदेय नहीं मिल रहा है। जबकि सभी कर्मचारी सीएचसी,पीएचसी एवं सीएमओ ऑफिस में कार्यरत है। उनको आकस्मिक छुट्टी भी नहीं मिलती है, जबकि कॉर्पोरेशन निगम द्वारा हर महीने 5 से 7 तारीख तक सैलरी आ जानी चाहिये। लेकिन इस जैम पोर्टल में किसी भी गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है।इस दौरान उन्होंने 05 मई तक मानदेय न मिलने पर भूख हड़ताल कर अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है। इस मौके पर रोहित सिंह, सर्वेश कुमार,अभिषेक कुमार,बीर बहादुर, हरी सिंह, लवलेश कुमार, मोहित,करन आदि आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहें।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

# रिक्रूट आरक्षियों को सिखाए व्यवहारिक गुर

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** थाना रसूलाबाद को नौ महिला समेत 45 रिक्रूट आरक्षी मिले जिन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए थाने की पांच चौकिया समेत अलग-अलग हल्का में तैनात करते हुए ब्रीफ किया गया।

सोमवार देर शाम पासिंग आउट पर परेड के बाद 45 रिक्रूट आरक्षी थाना रसूलाबाद पहुंचे जहां पर कोतवाल शिवनारायण सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह, नार खास चौकी इंचार्ज शिव बहादुर सिंह ने सभी रंगरूटों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाल सभी रिक्रूट आरक्षियों के साथ धर्मगढ़ बाबा मंदिर पहुंचे वहां दर्शन पूजन के बाद तिस्ती चौकी में चार आरक्षी, असालतगंज चौकी में चार, कहिंजरी चौकी में चार बिरहुन चौकी में दो और नारखास चौकी में तीन आरक्षियों को रवाना किया गया।




रिक्रूट आरक्षियों को काम के व्यवहारिक गुर बताए गए। अमृत विचार

- थाना रसूलाबाद को नौ महिला समेत 45 रिक्रूट आरक्षी मिले
- पांच चौकियों समेत अलग-अलग हल्का में तैनात किया गया

नौ महिला आरक्षियों समेत 28 प्रशिक्षु सिपाहियों को थाना क्षेत्र के विभिन्न हल्का में तैनात किया गया है। प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने बताया कि जिला स्तर से 45 महिला व पुरुष प्रशिक्षु आरक्षी रसूलाबाद थाने भेजे गए है जिन्हें माह के व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु नागरिक पुलिस की कार्यशैली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी आरक्षियों के खाने, रुकने समेत अन्य व्यवस्थाएं करा दी गई है।

# प्रिजन लीगल क्लीनिक का किया निरीक्षण

संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** डीएलएसए सचिव नूपुर श्रीवास्तव ने मंगलवार को प्रिजन लीगल क्लीनिक व जिला कारागार का निरीक्षण किया।

इसमें उन्होंने क्लीनिक के बाहर सूचना पट व कूलर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, बंदियों को अधिक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार अधीक्षक धीरज कुमार, जेलर डॉ. विजय कुमार पांडेय तथा डिप्टी जेलर डॉ. राजेश कुमार को निर्देश दिए कि निरुद्ध महिला, पुरुष एवं किशोर बंदियों को अधिकतम निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

- डीएलएसए सचिव नूपुर श्रीवास्तव ने किया निरीक्षण
- क्लीनिक के बाहर सूचना पट व कूलर लगाने के निर्देश दिए

बंदियों के प्रार्थना-पत्र समयबद्ध रूप से संकलित कर कार्यवाही हेतु डीएलएसए कार्यालय प्रेषित किए जाएं। इसके उपरांत सचिव ने जिला कारागार की साफ-सफाई, चिकित्सा, शिक्षा, खानपान एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानी और प्रिजन लीगल क्लीनिक से मिल रही कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# फरियादियों से रूबरू हुए डीएम

**कानपुर देहात।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में डीएम कपिल सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई की। फरियादी की समस्या को सुनने के बाद उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति से अवगत कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। अतः प्रत्येक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदक को समय-समय पर के प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

# गाय को संवैधानिक दर्जा देने की मांग

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** गाय को संवैधानिक दर्जा देने की मांग को लेकर नारदाश्रम धाम के ब्रह्मचारी के नेतृत्व में गौस्वाभिमान एवं सम्मान यात्रा निकाली गई, यात्रा धर्मगढ़ बाबा मंदिर के दर्शन पूजन के बाद तहसील परिसर पहुंची वहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर गौ हत्या को पूर्णतया प्रतिबंधित करने की मांग की गई ।

गा ैस्वाभिमान एवं सम्मान सुरक्षा के बैनर तले नार आश्रम के ब्रह्मचारी मौनी बाबा के नेतृत्व में करीब 100 लोग भजन कीर्तन करते हुए नार आश्रम धाम से धर्मगढ़ बाबा मंदिर पहुंचे। वहां शिव मंदिर का पूजन करने के बाद सभी लोग शंख घड़ियाल बजाते हुए तहसील परिसर में एकत्र हुए और राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार संतोष कुमार सिंह को सौंपा।



तहसीलदार संतोष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते गौभक्त। अमृत विचार

ब्रह्मचारी ने तहसीलदार संतोष कुमार सिंह से आग्रह किया कि गौ माता को संवैधानिक दर्जा देते हुए गौ हत्या पूर्ण रूप से प्रतिबंधित की जाए। इसके साथ ही रसूलाबाद तहसील क्षेत्र में संचालित सरकारी गौशालाओं की नियमित देखरेख करने की मांग की। इस दौरान प्रमुख रूप से नार खास चौकी इंचार्ज शिवबहादुर सिंह, बृजेश पांडेय, अम्बरीष शुक्ला ,रामू मिश्रा ,सत्संग मंडल के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, चंदन यादव अन्नू त्रिपाठी ,रिंकू द्विवेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा,सीएचसी ले गए

**रसूलाबाद।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांव चित्तानिवादा निवासी एक महिला को जहरीले कीड़े काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां इलाज किया गया।

### ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह ने मंगलवार को विभिन्न पार्टी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस की सीसीटीवी व्यवस्था, साफ सफाई, रखरखाव आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम वेयर हाउस में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।



सभी विभागों द्वारा निःशुल्क परामर्श

अब हर रोगी की पहुँच में उत्तम सर्जरी, अच्छा इलाज, आधुनिक सुविधाएं युक्त सरकारी एवं किफायती दरों पर

नारायना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल

गंगागंज, पनकी कानपुर द्वारा आयोजित

फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक

स्थानः नारायना हॉस्पिटल परिसर समयः प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक

सरकारी दरों पर सफल इलाज

आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य ECHS/CGHS/TPA कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज

अब सर्जरी सिर्फ दवा और जांच के खर्च पर

डायलिसिस सिर्फ ₹2000/- में

| | | | SPECIAL RATE | NORMAL RATE |
|---|---|---|---|---|
| एंडोस्कोपी ₹2,500/- | | X-RAY | ₹150/- | ₹400/- |
| कोलोनोस्कोपी ₹5,500/- | | ULTRASOUND | ₹300/- | ₹800/- |
| ब्रोंकोस्कोपी ₹7,000/- | | CT SCAN | ₹1200/- | ₹3500/- |
| | | MRI | ₹2200/- | ₹5500/- |

नोट: कन्ट्रास्ट स्कैन पर ₹1200/- अतिरिक्त देय होगा

*T&C Apply



जनरल सर्जरी विभाग

हमारे अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध सेवाएं:

- अपेंडिक्स (Appendix) की सर्जरी
- हर्निया (Hernia) का इलाज
- पित्ताशय की पथरी
- बवासीर (Piles), फिशर, फिस्टुला
- स्तन (Breast) संबंधी सर्जरी
- थायराइड सर्जरी
- पेट व आंत की सर्जरी
- ट्यूमर / गांठ का ऑपरेशन
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर
- लेप्रोस्कोपिक (बिना चीरा) सर्जरी
- अनुभवी सर्जन एवं प्रशिक्षित टीम
- किफायती इलाज एवं बेहतरीन देखभाल

24x7 सुविधायें: आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • एम.आर.आई • सी.टी.स्कैन • डिजिटल एक्स-रे • ब्लड बैंक • पैथोलॉजी एवं बायोप्सी • डायलेसिस • ऑक्सीजन प्लांट • वेंटिलेटर एम्बुलेंस • एम्बुलेन्स • मेडिकल स्टोर • ई.सी.जी. • एन.सी.वी. • ई.एम.जी. • ई.सी.टी.

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा एवं नारायना अस्पताल से 3 किमी. तक एम्बुलेन्स की सुविधा बिल्कुल मुफ्त

फोन करके अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लें 7800007704, 7800007705, 9918601150

www.narainamedicalcollege.com Email: nhrc@narainagroup.net



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


# मां ने दो बेटियों को जहर खिला खुद भी खाया, तीनों की मौत

## पांच साल से मायके में रह रही थी, तीन साल पहले हुआ था पति से अलगाव, पति की नशेबाजी ने परिवार किया बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर में मां ने दो बेटियों को जहर खिलाकर मार दिया और खुद भी जहर खाकर जान दे दी। परिजनों के अनुसार पति की पिटाई व आए दिन विवाद के कारण महिला पांच साल से मायके में दोनों बेटियों के साथ रह रही थी। प्रधान की मौजूदगी में पंचायत में उसका पति से अलगाव हुआ था।

नजफगढ़ गांव निवासी रामपाल गुजरात में नौकरी करते हैं। 12 साल पहले उन्होंने एकलौती बेटी 35 वर्षीय चांदनी की शादी मैनपुरी के करहल नगला सीताराम गांव के रहने वाले राकेश से की थी। चांदनी के दो बेटियां छह वर्षीय पायल व चार वर्षीय ब्यूटी थीं। परिवार में मां शांति देवी व तीन भाई प्रताप, धर्मेंद्र व जितेंद्र हैं। भाई जितेंद्र के अनुसार राकेश शराब का लती था, इसलिए शादी के बाद से ही बहन से आएदिन मारपीट करने लगा था। मारपीट से आजिज आकर पांच साल पहले चांदनी बेटियों को लेकर मायके आ गई थी और मां के साथ रहती थी। भाई धर्मेंद्र पत्नी धीरेंद्र व दो बेटियों दिव्यांशी व दिव्या के साथ और वह पत्नी संध्या, बेटा लकी व बेटी अदिति के साथ मकान के अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं। जितेंद्र ने बताया कि मंगलवार सुबह वह चार बजे सोकर उठे और गांव के किनारे बने शौचालय में गए थे। सुबह करीब छह बजे जब घर की तरफ लौटे तो मकान के बाहर लोगों की भीड़ लगी देखी। अंदर जाकर देखा तो चांदनी तड़प रही थी। भांजी पायल व ब्यूटी जमीन पर पड़ी थीं। आननफानन में तीनों को सरसौल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट पहुंचते ही डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता महाराजपुर थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली।



चांदनी।



ब्यूटी।



पायल।



रोते-बिलखते परिजन व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### संघर्ष व अलगाव के कारण उठाया कदम

- परिजनों के अनुसार चांदनी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। न ही उसने किसी को आभास होने दिया। हालांकि वह अक्सर बातों में कहा करती थी कि दोनों बेटियों की परिवरिश व शादी कैसे होगी। पति की शराब की लत के कारण जीवन बर्बाद हो गया है। मेहनत-मजदूरी करके किसी तरह बेटियों को दो वक्त की रोटी ही तो दे पा रहे हैं।

### सात बार कॉल करने पर एक घंटे बाद आई एंबुलेंस

- कानपुर। चांदनी को तड़पता व उसकी दोनों बेटियों को बेदम देखकर परिजनों ने सबसे पहले एंबुलेस को कॉल किया। आरोप है कि फोन करने पर जवाब मिला की गांव से लेकर सरसौल सीएचसी तक आ जाओ वहीं एंबुलेंस मिल जाएगी। सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टर ने सात बार कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस एक घंटे बाद आई। इस बीच बहुत देर हो गई। परिजनों का आरोप है कि अगर एंबुलेंस समय पर आ जाती तो शायद किसी न किसी की जान बच जाती। जितेंद्र के अनुसार एंबुलेंस के इंतजार में करीब एक घंटे का समय बर्बाद हुआ है। प्राइवेट वाहन होने के कारण रास्ते में भी फंसे। धर्मेंद्र ने बताया कि उन्होंने खुद कई बार डॉयल 108 पर कॉल किया, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। इस पर गांव के ही युवक ने तीनों को किसी तरह सरसौल सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में तैनात डॉक्टर ने करीब 7 बार कॉल किया, जिसके एक घंटे बाद एबुंलेंस आई। जब तक वह हैलट अस्पताल पहुंचे तब तक बहन व भांजियों की मौत हो चुकी थी।

### तीन साल पहले पंचायत में हुआ अलगाव

- जितेंद्र के अनुसार चांदनी मायके पांच साल पहले आ गई थी, लेकिन पति से उसका अलगाव तीन साल पहले हुआ है। शुरूआत में सोचा गया कि अलग रहने से हो सकता है राकेश की हरकतों में सुधार आ जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद उसे बुलाकर गांव के प्रधान राहुल व ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचायत में दोनों के बीच अलगाव हुआ था। तलाक की प्रक्रिया कानूनी नहीं हुई। उसके बाद से राकेश का चांदनी से कोई संपर्क नहीं रहा।

## शहर में आज



- **सेमिनार :** परेड स्थित आईएमए भवन में रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन दोपहर 02 :30 बजे।
- **हॉकी :** बर्रा पूर्णचंद्र विद्यालय में इंटर स्कूल हॉकी प्रतियोगित सुबह 7 बजे।
- **प्रदर्शन :** भाजपा का विपक्ष के विरोध में बर्रा बाईपास से सचान चौराहे तक पदयात्रा शाम 6 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### मरीजों के तीमारदारों के लिए निःशुल्क भोजन सेवा शुरू

**कानपुर।** सामाजिक संस्था आईकेएमसी ने अस्पतालों में भर्ती मरीजों के तीमारदारों के लिए नि :शुल्क भोजन सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. कमल दत्तवानी के नेतृत्व में यह पहल समाजसेवा के उद्देश्य से की जा रही है, जिससे रोजाना लगभग 1000 जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलेगा। आईकेएमसी के सभी सदस्य इस कार्य में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

### श्री ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर में भव्य श्रृंगार

**कानपुर।** सूटरगंज स्थित दुर्गा पूजा पार्क में श्री ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर में भव्य श्रृंगार कार्यक्रम संपन्न हो गया। मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार फूलों और विशेष सजावट के साथ किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और पुष्प सज्जा से सजाया गया। शाम 5 :30 बजे शुरू हुए इस आयोजन में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

# बच्चियों को डांस ट्रेनिंग पुरुष शिक्षक नहीं देंगे

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- महिला जिम और योग केंद्रों पर महिला ट्रेनर की नियुक्ति अनिवार्य

**अमृत विचार।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर की याचिका पर उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने कानपुर जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि बेसिक शिक्षा स्कूलों में बच्चियों को डांस का प्रशिक्षण पुरुष शिक्षकों द्वारा न दिया जाए। आयोग द्वारा जारी 9 सूत्रीय निर्देशों के अनुसार, महिला जिम और योग केंद्रों पर केवल महिला ट्रेनर की नियुक्ति अनिवार्य होगी। साथ ही, प्रवेश के समय आधार कार्ड के जरिए सत्यापन और केंद्रों पर सक्रिय सीसीटीवी कैमरे होना आवश्यक है। स्कूल बसों में महिला सुरक्षाकर्मी या महिला टीचर की मौजूदगी अनिवार्य कर दी गई है। अन्य प्रमुख निर्देशों में बुटीक सेंटर पर कपड़ों की नाप के लिए महिला टेलर, नाट्य कला केंद्रों पर महिला डांस टीचर और कोचिंग संस्थानों में सीसीटीवी व समुचित वॉशरूम की व्यवस्था शामिल है। अधिवक्ता प्रवीण फाइटर ने कहा कि वे जिलाधिकारी से मिलकर इन सभी सुरक्षा मानकों का पालन कराने के लिए बात करेंगे। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कानपुर के बेसिक शिक्षा विद्यालयों में पुरुष शिक्षकों द्वारा छात्राओं को डांस सिखाने पर संज्ञान लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि महिला हित में जारी 9 बिंदुओं के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। इन नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रमिकों व घरेलू कामगारों का कल से स्वास्थ्य परीक्षण

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर जनपद में श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन 30 अप्रैल से 2 मई तक किया जाएगा। इस दौरान आठ औद्योगिक इकाइयों में निर्माण श्रमिकों, फैक्ट्री वर्करों, घरेलू कामगारों और प्रवासी कर्मकारों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही उन्हें दवाएं भी वितरित की जाएंगी।

सहायक श्रमायुक्त रामलखन पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और श्रम विभाग के समन्वय से अभियान संचालित होगा जिसमें 30 अप्रैल को कानपुर प्लास्टिक पैक लिमिटेड (पनकी साइट-1), नववती फूड्स (सचेंडी), पार्थ एग्रोकेम और स्पार्किक एलएलपी (भवानीपुर मंधना) में शिविर लगाए जाएंगे। 1 मई को एएफएस प्लस (पनकी साइट-1), नवेली यूपी पावर लिमिटेड (घाटमपुर) और कात्यायनी इंटरनेशनल (रामा) में शिविर आयोजित होंगे।

सख्ती | बिठूर में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर कार्रवाई

# 15 एकड़ में बन रही अवैध कालोनी गिराई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर विकास प्राधिकरण ने बिठूर क्षेत्र में 15 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। साथ ही करीब 10000 वर्ग मीटर में की जा रही प्लाटिंग को चिन्हित कर नोटिस दिया। साथ ही आसपास के लोगों को केडीए से स्वीकृत मानचित्र होने पर ही भूमि खरीदने की अपील की।

केडीए के प्रवर्तन जोन-1 बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह ने बताया कि बिठूर के गाजीपुर गिन्नी विहार में प्रपुंज अग्रवाल (प्रोमोटर/प्रवर्तक) व अन्य द्वारा लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल की भूमि पर गिन्नी विहार के नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही थी, जांच में पता चला कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये व अनुज्ञा के यहां पर प्लाटिंग विकसित की जा रही थी, जिसके खिलाफ जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। इसके अलावा बगदौंधी बांगर में नीलम अग्रवाल पत्नी बृज किशोर अग्रवाल व अन्य द्वारा लगभग 10000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में की जा रही प्लाटिंग को चिन्हित किया गया। यहां पर अवैध व अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग विकसित की जा रही थी, जिसके लिए नोटिस दिया गया है, जिसका उत्तर समय-सीमा में प्राप्त न होने पर नियमानुसार सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही यह भी अपील की गई है कि प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित प्लाटिंग में भूमि क्रय किये जाने से पूर्व कानपुर विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत की जानकारी स्वयं प्राप्त करने के बाद ही भूमि खरीदना सुनिश्चित करें। साथ प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण कराए। ताकि आर्थिक व मानसिक क्षति से बचा जा सकें।



काकादेव में ध्वस्तीकरण करती केडीए की टीम। अमृत विचार

### 17 कमरे के हॉस्टल का अवैध निर्माण गिराया

- केडीए के विशेष कार्यधिकारी सत् शुक्ला के मुताबिक केडीए प्रवर्तन जोन-2बी के अन्तर्गत काकादेव ब्लाक-एन में हरीश चन्द्र द्वारा भूखंड संख्या-86 में लगभग 350 .00 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से चार व्यवसायिक दुकानों व 17 कमरे के हॉस्टल का अवैध निर्माण तीन जेसीबी से ध्वस्त किया गया।


VIVEKANAND VIDYA NIKETAN INTER COLLEGE

The only College of Kanpur Recognised for all 4 Streams by U.P. Board

ART | SCIENCE | COMMERCE | AGRICULTURE | ENGLISH/ HINDI MEDIUM

Congratulations to all the successful students

HIGH SCHOOL TOPPERS - (2025-26)

Krishna Sharma 94% | Ravi Yadav 93% | Ishant Mishra 91% | Arnav Singh 90.5% | Ashi Sharma 90% | Harshit Bhaudaria 90% | Ayush Vishwakarma 89.33%

Rupsee Sharma 89% | Yash Singh 89% | Krishna Singh Sengar 88% | Rishabh Singh 88% | Shivansh Singh 88% | Huner Sharma 87.5% | Srishti Sahu 87.33%

Vihan Gupta 87.16% | Mahendra Malhotra 87.16% | Ayush Kushwaha 87% | Riya Tiwari 86.5% | Srishti Verma 86% | Aryan Singh 86% | Piyush Rathore 86%

Rishabh Prajapati 86% | Vaibhav Gupta 86% | Sumit Gupta 86% | Divyansh Sachan 86% | Akshara Yadav 86% | Shikha Devi 85.8% | Nitin Kushwaha 85%

INTERMEDIATE TOPPERS - (2025-26)

Ragini Sharma 90% | Gayatri Mishra 89% | Priya Srivastava 88% | Tanishk Singh 86% | Naitik Gupta 85.6% | Tanvi Gupta 85% | Aayushi Sachan 85%

Vivekanand Chauraha, World Bank Karrahi, Barra Kanpur, M.: 8799019651, 7084888818

ADMISSIONS OPEN PG to CLASS XII

MANAGER MUNNA SINGH SENGAR | PRINCIPAL DR. SUNITA | DIRECTOR AMAN SINGH SENGAR

## सिटी ब्रीफ

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** महाराजपुर में पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिरहन पुरवा निवासी नीलू मजदूरी करता हैं। परिवार में 25 वर्षीय पत्नी सीमा व दो बेटा और एक बेटी है। नीलू के अनुसार बीती 10 अप्रैल को विवाद के बाद पत्नी ने गले में फंदा कस लिया था। समय रहते परिजन कमरे में पहुंच गए तो उसे फंदे से उतारकर हैलट में भर्ती कराया था। जहां इलाज के मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था।

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**कानपुर।** गोविंदपुरी स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई। नौबस्ता के हनुमंत विहार हनुमान गढ़ी मंदिर के समीप रहने वाले 54 वर्षीय गोपालजी दादानगर स्थित पान-मसाला फैक्ट्री में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी सुनीता, एकलौता बेटा अंशु, बेटी आरती हैं। सोमवार रात गोपालजी की आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आकर मौत हो गई थी। जीआरपी की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। घरवालों के अनुसार यह नहीं पता कि वह गोविंदपुरी स्टेशन क्या करने गए थे।

### पांडु नदी में मिले वृद्धा के शव की पहचान

**कानपुर।** बिधनू स्थित पांडुनदी में मिले वृद्धा के शव की पहचान अमौर साढ़ निवासी 81 वर्षीय छेदाना के रूप में हुई। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उनके बेटे प्रदीप ने बताया कि मां 25 अप्रैल को भांजे की शादी में शामिल होने बिधनू के कठुई गांव गई थीं। वह 26 अप्रैल को घर आने के लिए निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। जिसके बाद उन लोगों ने बिधनू थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगलवार को वह पोस्टर लगा रहे थे। तब उन्हें सोमवार को मंझावन के मिर्जापुर गांव स्थित पांडु नदी में महिला का शव मिलने की जानकारी हुई। तत्काल वह लोग थाने पहुंचे और फोटो देखकर शव की पहचान की। आरोप है कि गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद पुलिस को शव मिला। जिसके बावजूद पुलिस ने उन्हें शव मिलने की जानकारी नहीं दी।

### चोरों ने पार किए नकदी व जेवरात

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र जिलेदार राजपूत ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पत्नी मायके में थी और हम निमंत्रण करने रिश्तेदारी में गए थे। इसी दौरान सूने घर को देखकर चोर घर में रखें नकदी 30000 रुपये और सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। घाटमपुर पुलिस ने प्रार्थना पत्र के बाद जांच शुरू कर दी है।

### रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा हुक्का

**कानपुर।** बर्रा पुलिस ने रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर छापेमारी कर मौके से हुक्का और फ्लेवर तंबाकू बरामद किया है। पुलिस ने दो कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया। कई नाबालिग हुक्का पीते मिले, जिन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया। बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बर्रा-छह कब्रिस्तान के पास सत्य प्रकाश गुप्ता का आगमन रेस्टोरेंट है। इसमें रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का बार संचालित किए जाने की शिकायत मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई तो मौके पर कई नाबालिग हुक्का पीते मिले।

# बेकाबू ट्रक ने युवक को रौंदा भीड़ का हंगामा-जाम लगाया

## बिधनू में ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया जाम, पुलिस के आश्वासन पर शव उठने दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सड़क किनारे पड़ी बाइक खींचते ग्रामीण। अमृत विचार



रामनरेश।

**अमृत विचार।** बिधनू में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा। भागने के प्रयास में ट्रक ने युवक को रौंद दिया, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया। सूचना पर परिजन ग्रामीणों के साथ पहुंचे और हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने पर परिजन शांत हुए, तब जाकर पुलिस ने शव पोस्टमार्ट भेजा।

शंभुआ निवासी स्व. रामसजीवन पासवान का 32 वर्षीय बेटा रामनरेश रमईपुर स्थित निर्माणाधीन रिंग रोड में नौकरी करता था। रामनरेश चार भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह वह नाईट ड्यूटी करके बाइक से घर लौट रहा था। हड़हा गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप पर उसने बाइक में पेट्रोल भरवाया। जैसे ही बाइक लेकर निकला तभी घाटमपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक उसे टक्कर मारकर रौंद दिया। हादसा देखकर चालक भाग निकला। वहीं युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर पाकर रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गई। आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस को शव नहीं हटाने दिया। भीड़ की पुलिस से भी नोंकझोक हुई। परिजन कार्रवाई पर अड़े रहे। इस पर थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने चालक की गिरफ्तारी, ट्रक पकड़ने व मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया, जब जाकर भीड़ शांत हुई। इसके बाद पुलिस ने शव हटाकर यातयात बहाल कराया।

रामनरेश का शव देखकर उसकी मां रानी व पत्नी रविता बेसुध हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिससे ट्रक नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाया जा सके। चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।



हंगामा कर रही भीड़ को समझाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोलाघाट क्षेत्र में युवक मोनू पुत्र ओम कैलाश की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने मंगलवार को तूल पकड़ लिया। घटना के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया, लेकिन परिजनों का आरोप था कि पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज करने में टालमटोल कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं की गई। इससे आक्रोशित

- **आक्रोशित परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगाया**

परिजनों और क्षेत्रीय लोगों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सूचना पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। काफी देर तक चली नोकझोक के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। इस दौरान मौके पर डीसीपी पूर्वी, एसीपी कैंट और थाना कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि पहले मोबाइल पर दिखाकर की और बाद में एफआईआर की प्रति भी उपलब्ध कराई।

इसके बाद परिजन जाम समाप्त कर शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। उनके साथ मुकेश कन्नौजिया और जीतू दुबे सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# प्रमुख चौराहों, पार्कों और मंदिरों के बाहर पशुओं के लिए नांद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यक्रम की शुरुआत करतीं महापौर प्रमिला पांडेय, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर निगम मुख्यालय में पशु प्रेमियों, श्वान प्रेमियों व स्वयं सेवी संस्थानों को गौवंश, श्वान व अन्य पशु-पक्षियों को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए पानी की नांद का वितरण किया गया।

प्रचंड गर्मी के कारण निराश्रित गौवंश, श्वान व अन्य पशु-पक्षियों के पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। अब पशु प्रेमियों द्वारा अपने घर के बाहर सीमेंट से निर्मित नादों को रखा जाएगा। सुबह व शाम उसमें पानी भरा जाएगा। नगर निगम मुख्यालय में महापौर प्रमिला पांडेय ने करीब 150 पशु प्रेमियों को पांच सौ से अधिक पानी की नांद वितरित की। नगर निगम के इस सहयोग के लिए पशु प्रेमियों व एनजीओ ने काफी सराहना भी की। महापौर ने कहा

- **नगर निगम और समाजसेवी संस्थाओं का अभियान, रोज भरा जाएगा पानी**

कि नगर निगम के सभी मुख्य चौराहों, पार्कों व मंदिरों के बाहर भी पशुओ के लिए पानी की नादें रखवाई जाएगी। निगरानी के लिए टीम का भी गठन किया जाएगा। समय पर पानी भरने के लिए पशु व पक्षी प्रेमियों के साथ उनके आसपास के लोगों को भी जागरूक किया जाएगा। अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश खान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आरके निरंजन, पशु कल्याण अधिकारी डा. शिल्पा सिंह, राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार समेत आदि कर्मचारी रहे।

# जहरखुरानी के शिकार युवक का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कमाई के लिए शहर आया युवक रेलबाजार में जहरखुरानी का शिकार हो गया। शिव नारायण सेतु के नीचे रेलवे लाइन के किनारे युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त होने पर पुलिस ने हरदोई निवासी परिजनों को मौत की खबर दी।

युवक तीन माह पहले शहर कमाने आया था। घरवालों ने बताया कि उसने जल्द ही गांव आने की बात कही थी। ट्रेन की चपेट में नहीं आया है, क्योंकि उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। रकम देखकर उसे जहरखुरानी का शिकार बनाया गया है। मूलरूप से हरदोई के राजेपुर चौसा निवासी किसान बलराम का 29 वर्षीय बेटा रजनीश पाल तीन माह पहले कमाने के लिए शहर आया था। पिता के अनुसार रेलबाजार इलाके में वह अकेले किराए पर रहकर नौकरी करता था। रजनीश की दो साल पहले शादी हुई थी। परिवार में उसकी पत्नी पूजा, मां सावित्री, भाई सुधीर व अंकित हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी माह के आखिरी में वह कानपुर नौकरी की तलाश में आया था। तब से गांव नहीं आया। मंगलवार सुबह पुलिस ने गांव फोन कर रेलवे लाइन के किनारे शव पड़ा होने की खबर दी थी। इस पर पिता परिजनों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। रजनीश के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है, इसलिए ट्रेन की चपेट में आने की आशंका नहीं है। घरवालों के अनुसार रजनीश ने जल्द ही गांव आने को कहा था।

संभावना जताई कि वह गांव आ रहा था, पैसों के खातिर उसके साथ जहरखुरानी हुई है। आरोपी उसे रेलवे लाइन किनारे डालकर चले गए। समय से इलाज न मिल पाने के कारण उसकी जान चली गई। पोस्टमार्टम हाउस पर बेटे का शव देखकर पिता फफक पड़े। उसके बाद पैसे व कोई सामान भी नहीं मिला है।

### स्कूटी सवारों ने छात्र का मोबाइल लूटा

**कानपुर।** चकेरी के लाल बंगला में पैदल जा रहे छात्र से स्कूटी सवार लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया। आरोप है कि पीड़ित जब थाने में शिकायत करने पहुंचा तो एक पुलिसकर्मी ने ऑनलाइन शिकायत करने की बात कहकर टरका दिया। वहीं लूट का फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़ित से संपर्क किया। ओमपुरवा के शिव पार्क निवासी अंकित कनौजिया बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र हैं। उसके अनुसार बीते सोमवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे वह शिव कटरा स्थित जिम जाने के लिए पैदल निकला था। तभी चंद्रनगर में हनुमान मंदिर के पास पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार उसके पास रुके और झपट्टा मारकर हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। अंकित के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो हुए। लेकिन आरोपी भागने में कामयाब रहे। अंकित का आरोप है कि घटना के बाद वह चकेरी थाने शिकायत करने पहुंचा तो वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की बात कहकर टरका दिया। जिसके बाद उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। मामले में थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि पीड़ित ने मंगलवार को तहरीर दी है। जिसके आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जाएगी।

# नजूल जमीन पर कब्जे में एसआईटी एक्शन में

कार्यालय संवादाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित अरबों की नजूल जमीनों की जांच एसआईटी ने तेज कर दी है। जमीनों के पट्टों व हस्तांतरण को लेकर जांच की जा रही है। नजूल की जमीन सरकारी सम्पत्ति होती है और बिना किसी सक्षम प्राधिकारी के जमीन की लिखापढ़ी नहीं हो सकती है। फर्जी तरीके से अगर जमीनों की लिखापढ़ी मिलती है तो पट्टा निरस्त किया जाएगा। इसी के साथ राजस्व विभाग पिछले 42 वर्षों से ज्यादा का किराया भी वसूल करेगा।

ग्वालटोली स्थित नजूल की भूमि पर करीब 42 वर्षों से सीबीसीआईडी

- **राजस्व विभाग 42 वर्षों के किराये की वसूली की तैयारी कर रहा**

कार्यालय है। 2012 में इस जमीन को पांच हजार वर्ग मीटर को 24 करोड़ रुपये में एक निजी कंपनी को बेचा गया। बताया जा रहा है कि विक्रेताओं ने नजूल होने का तथ्य छिपाकर बैनामा कराया था। विभाग ने जिला प्रशासन से 1500 वर्ग मीटर तक भूमि आवंटन की मांग की है। नजूल भूमि के ब्लाक-14 के प्लाट संख्या-3 को तरंग बेरी, नीरज बेरी, विकास बेरी, मेनका शर्मा ने एक निजी बिल्डर को बेच दिया। लेखपाल ने भूमि प्रकरण की एफआईआर दर्ज कराई है।

# कार की टक्कर से युवक की मौत

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेजपुर गांव निवासी अजय कुमार की शादी अगले महीने की 5 तारीख को थी। घर वाले तथा परिजनों द्वारा शादी को लेकर हर्षोल्लास के साथ तैयारी की जा रही थी। शादी की खुशियां पलक झपकते ही मातम में बदल गईं।

घाटमपुर थाना क्षेत्र की चौकी नंदना अंतर्गत गांव तेजपुर निवासी अजय कुमार सैनी पुत्र शिवराम सैनी (28 वर्ष) बाइक से अपने घर जा रहा था तभी कार की टक्कर से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया।


**कार्यालय नगर पंचायत राजापुर चित्रकूट**

पत्रांक- 128/न0पं0राजापुर/2026-27, दिनांक- 28.04.2026

**नीलामी सूचना**

समस्त इच्छुक फर्मो एवं व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत राजापुर द्वारा मृत पशु उठान/हड्डी चमड़ा की एवं एम.आर.एफ सेण्टर पर तथा कार्यालय में उपलब्ध प्लास्टिक एवं लोहे तथा कांच, कबाड़ की दिनांक 28.04.2026 में आयोजित नीलामी बोली में समुचित बोलीदाता उपस्थित न होने के कारण आयोजित बोली निरस्त करते हुए, उक्त नीलामी पुनः 04.05.2026 को समय अपरान्ह 03.00 बजे पूर्वत नियम शर्तो के अनुसार की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत राजापुर**
**जनपद चित्रकूट**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत राजापुर**
**जनपद चित्रकूट**


# जाजमऊ-रामादेवी फ्लाईओवर की बनने लगी जर्जर सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 के जाजमऊ पुल से रामादेवी चौराहा तक फ्लाईओवर पर सड़क सुधार और रखरखाव का काम शुरू कर दिया है। करीब दो किमी लंबे इस हाईवे मार्ग पर सड़क जर्जर होने के कारण वाहन सवारों को न सिर्फ हिचकोले खाते हुए गुजरना पड़ता था, बल्कि भारी वाहनों के बीच फंसना पड़ता था। खराब सड़क के कारण अक्सर वाहन खराब होने से फ्लाईओवर पर जाजमऊ से रामादेवी चौराहे तक जाम भी लग जाता था।

एनएचएआई ने कार्यदायी संस्था को दिए अनुबंध में इस राजमार्ग का सुधार करके

### जल्द सुधारा जाएगा क्षतिग्रस्त जाजमऊ पुल

- जाजमऊ स्थित क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत का काम भी जल्दी ही शुरू होगा। एनएचएआई ने इस संबंध में साढ़े पांच करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेजने के साथ ठेकेदार कंपनी को तैयारी शुरू करने के लिए निर्देशित कर दिया है। जानकारी के अनुसार पुल की मरम्मत विशेष तकनीक से की जाएगी। इसके लिए लोहे का पाड़ बनाया जाएगा, जिसके सहारे इंजीनियर और मजदूर पुल के नीचे उतरकर क्षतिग्रस्त हिस्सों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद पुल की कोठियों (पिलरों) की टूटी एवं खराब बेयरिंग की मरम्मत की जाएगी। कुछ बेयरिंग को बदला जाएगा।

- **करीब दो किलोमीटर लंबे मार्ग का होगा सुधार**

समुचित रखरखाव करने, जल निकासी प्रणाली का संरक्षण का काम सौंपा है, ताकि यातायात सुगम एवं सुरक्षित बना रहे। कार्यदायी संस्था ने फिलहाल सड़क पर ओवरले का कार्य शुरू कर दिया है। इसके बाद अनुबंध के मुताबिक फ्लाईओवर के जॉइंट्स के सुधार का काम किया जाना है। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि जॉइंट्स के सुधार का कार्य आगामी चरण में, विशेषकर ओवरले कार्य के दौरान संबंधित स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, जिससे सड़क की गुणवत्ता, मजबूती और उपयोगकर्ता सुविधा में दीर्घकालिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद भरथना इटावा**

पत्रांक-29/ न0पा0प0भ0 / ई0-निविदा/2026-27/26 दिनांक : 28-4-2026

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत (निविदा आमंत्रण सूचना)**
**(ई-निविदा सूचना)**

कार्यालय नगर पालिका परिषद भरथना द्वारा ई-निविदा सूचना के माध्यम से से 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत अन्टाइड ग्रान्ट से प्राप्त धनराशि से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने है, इस हेतु समस्त प्रतिष्ठित ठेकेदारों/फर्म/पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29/04/2026 को समय प्रातः 10.00 बजे से 19/05/2026 तक दोपहर 02.00 बजे तक ई-निविदायें (टैक्निकल एवं फाईनेन्शियल) आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा वेवसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। उक्त ई-निविदा दिनांक-20/05/2026 को दोपहर 02.00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद भरथना में खोली जायेगी।

**अन्य विस्तृत जानकारी निम्नवत् है -**

| S. No. | नगर पालिका परिषद, ANM Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 29/04/2026 10.00 AM | - |
| 02 | – | Tender Download | 29/04/2026 10.00 AM | 19/05/2026, 02.00 PM |
| 03 | Close for Bid | Bid Submission | | 19/05/2026, 02.00 PM |
| 04 | Technical Bid Opening | | | 20/05/2026, 04.00 PM |
| 05 | Online Finence Bid Opening | - | - | After Approval of Technical Bid |

**नोट** अन्य नियम व शर्तो को किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय अथवा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(सन्तोष कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**भरथना (इटावा)**

**(अजय कुमार यादव)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**भरथना (इटावा)**



**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
महेशचंद्र भाटिया पुत्र अमीरचंद्र भाटिया निवासी कृष्ण क्रांति अपार्टमेंट फ्लैट न. 301 पांडुनगर कानपुर का मूल आवंटन पत्र (11132 दिनांक 01.09.2006) एवं मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। मो0- 9793012777

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2013 रोल 1768532 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कही खो गये हैं। **अनूप कुमार पुत्र सुगर सिंह पुर्वा-उदई पोस्ट- मढोकमीत जनपद औरैया**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2011 रोल नं0- 1611879 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कु0 इशरत पुत्री रियासुद्दीन ग्रा0- मनिहारन करहल - मैनपुरी**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2005 रोल 1313634 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2007 रोल 0750459 के अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **अर्चना पुत्री राम कुमार निवासी- नेविलगंज अछल्दा जनपद-औरैया**

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 रोल नं0- 1495379 व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष - 2011 रोल नं0- 0882870 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **कु0 शिवानी दीक्षित पुत्री प्रदीप कुमार दीक्षित, निवासी- जवाहर नगर विधूना जनपद औरैया**

**सूचना**
सूचित हो कि हम शारदा देवी पत्नी प्यारे लाल निवासिनी - 463 B हिन्द नगर कानपुर रोड L.D.A. लखनऊ की रहने वाली है अपने पुत्र विशाल दास व पुत्रवधु दिपाली चौहान को उनके अनैतिक कृत्यो से क्षुब्ध होने के कारण हम उपरोक्त से सम्बंध समाप्त कर चुके है इनके द्वारा किये गये कृत्यों एवं सव्यवहारो से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**सूचना**
हम **जाकिर पुत्र जिलानी व रेशमा पत्नी जाकिर निवासीगण-ग्राम चन्दूरा पोस्ट व थाना कोतवाली मोहम्मदपुंर खाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी**, हम अपने सबसे बड़े लड़के शादाब पुत्र जाकिर व उसकी पत्नी तैयाबा पत्नी शादाब के गलत चाल-चलन के कारण अपने पुत्र व बहू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है। यदि पुत्र शादाब व उसकी पत्नी तैय्यबा के द्वारा कोई कृत्य, वाद-विवाद, लेन देन, करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे। हमारा किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है। ना तो किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

**सूचना**
मैं **मुकेश कुमार यादव पुत्र जगदीश चन्द्र यादव निवासी ग्राम खरगपुर, सेक्टर-14, प्राइमरी विद्यालय, इन्दिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी पुत्री अक्षिता यादव की बैंक पासबुक जिसकी खाता संख्या 3699681606 है में पुत्री का नाम एंजल पुत्री मुकेश कुमार यादव अंकित है। जबकि पुत्री के आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में पुत्री का नाम अक्षिता यादव अंकित है, जो कि सत्य व सही है। अतः पुत्री के बैंक पासबुक में पुत्री का सही नाम अक्षिता यादव अंकित किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम KANCHAN AKHILESH KUMAR था जिसे बदलकर KANCHAN SINGH रख लिया है। अब मुझे KANCHAN SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0- AKHILESH KUMAR ADD-2A, T8,-904 MANDAKINI ENCLAVE AVADH VIHAR YOJNA SECTOR-2A GUSVAK KALA PO-BARAUNA DIST-LUCKNOW-226002 (U.P.)

**सूचना**
मैं **नवीन कुमार श्रीवास्तव पुत्र शीतला प्रसाद निवासिनी डी-1 /4 15, सेक्टर-एच. कानपुर रोड, एल डी ए कालोनी, लखनऊ, उ प्र** 226012 मेरे पिता का नाम मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में शीतला प्रसाद (SHITLA PRASAD) दर्ज है। जबकि पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम शीतला प्रसाद श्रीवास्तव (SHEETLA PRASAD SRIVASTAVA) दर्ज है. यह की शीतला प्रसाद (SHITLA PRASAD) और शीतला प्रसाद श्रीवास्तव (SHEETLA PRASAD SRIVASTAVA) दोनों ही नाम मेरे पिता जी के है, और दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**सूचना**
मै **रामखेलावन पुत्र भभूती निवासी ग्राम पूरे बेन सिंह मजरे पिण्डारा करनाई परगना व तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी**, सशपथ घोषणा करता हूँ कि मेरे तीन पुत्र क्रमशः चिरंजीव यादव, चौम्पियन यादव, मनीष यादव है। मेरा पुत्र चौम्पियन यादव जिनका चाल चलन एवं आचरण ठीक नहीं रहता है आये दिन लड़ाई झगड़ा एवं अन्य प्रकार के गैर समाजिक कृत्य किया करते है। इनके इस कृत्य से मै मानसिक एवं आर्थिक रूप से बहुत ही परेशान हूँ मैं अपने मंझिले पुत्र चौम्पियन यादव को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा और चौम्पियन यादव कोई रिश्ता नहीं रह गया है न ही उसके द्वारा किये गये किसी भी अवैध कृत्य के लिए जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
मेरे पुत्र दिलीप कुमार का चाल-चलन अच्छा नहीं है। मैं अपने इस पुत्र के गलत व्यवहार से असंतुष्ट होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब भविष्य में उसके किसी भी अनैतिक कार्य या कथन के लिए दिलीप कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। **सुरेश चन्द्र पुत्र स्व. ओमकार नाथ, निवासी ग्राम व पोस्ट - राजेपुर ब्लाक व थाना - फतेहपुर चौरासी तहसील - बांगरमऊ, जिला - उन्नाव**

सिटी ब्रीफ

### बर्रा दो में अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला

**कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र के बर्रा दो में मंगलवार रात करीब 70 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला जिससे हड़कंप मच गया। गर्मी से मौत की आशंका जताई जा रही है। बुजुर्ग ने ऊपर हरे रंग का कपड़ा और नीचे सफेद हल्का गंदा वस्त्र पहन रखा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजा और शिनाख्त के प्रयास शुरू किए।

### व्यापारियों ने किया शरबत वितरण

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की ओर से मंगलवार को शरबत और ओआरएस वितरण किया गया। व्यापारियों ने कोका-कोला क्रॉसिंग से शुरुआत करते हुए क्रॉसिंग में फंसे नागरिकों व बच्चों को ओआरएस का पैकेट नींबू पानी शिकंजी ठंडे पानी का वितरण किया। इसके बाद मोतीझील चौराहा, हैलेट हॉस्पिटल के पास ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस को तौलिया ओआरएस लिक्विड घोल ओआरएस के पैकेट वितरित किए। कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल में नींबू पानी शिकंजी ओआरएस पैकेट का मरीज के तीमारदारों को वितरण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष कपिल सब्बरवाल, संयोजक अजय सराफ, उपाध्यक्ष अवनीत सिंह, युवा अध्यक्ष सौरव गुप्ता, वरिष्ठ मंत्री सौरभ गोसाई, नितिन छाबड़ा, नगर संगठन मंत्री कुलविंदर सिंह रोमी मौजूद रहे।

# मरियमपुर-बर्रा एलीवेटेड पुल लचर पैरवी से पेंडिंग

## जनप्रतिनिधियों के लगातार वादों और घोषणाओं के बाद भी निरीक्षण से आगे नहीं बढ़ पाया परियोजना का विकास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मरियमपुर से बर्रा बाईपास तक एलीवेटेड पुल का इंतजार कब खत्म होगा, नए वित्तीय वर्ष के साथ चुनावी साल शुरू होने के कारण यह सवाल एक बार फिर पूछा जा रहा है। बीते 7 साल से इस पुल के निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधि तमाम दावे और घोषणाएं करते आ रहे हैं, लेकिन योजना की फाइल है कि आगे बढ़ने का नाम ही नहीं ले रही है। ऐसे मं बड़ा सवाल है कि पीडब्ल्यूडी की वार्षिक कार्ययोजना में इस बार परियोजना को जगह मिलेगी या नहीं। मुख्यमंत्री की सैद्धांतिक सहमति के बाद जनप्रतिनिधियों की पैरवी क्या इस पेंडिंग परियोजना को धरातल पर उतारने का रास्ता बना पाएगी।

मरियमपुर से बर्रा बाईपास तक एलीवेटेड पुल के निर्माण से शहर के दक्षिण व उत्तर क्षेत्र के बीच रोज आवागमन करने वाले करीब आठ लाख लोगों को राहत मिलनी है। अभी वाहन सवारों को मरियमपुर, फजलगंज, चावला मार्केट, नंद लाल चौराहा, दीप तिराहा, सचान गेस्ट हाउस चौराहा पर लगने वाले यातायात जाम से जूझना पड़ता है। पिछले वर्ष समग्र विकास की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से परियोजना को सैद्धांतिक सहमति प्रदान किए जाने के बाद सांसद रमेश अवस्थी ने किदवई नगर के विधायक महेश त्रिवेदी, एमएलसी अरुण पाठक व दक्षिण भाजपा के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह तथा सेतु निगम के अफसरों के साथ स्थलीय निरीक्षण करके परियोजना का रोडमैप समझा था।

इस दौरान तय हुआ था कि एलीवेटेड पुल निर्माण के लिए सीमांकन व सर्वे शुरू करके डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) मुख्यमंत्री कार्यालय को एक पखवारे में भेज दी जाएगी।

डिजाइन ऐसी रखी जाएगी कि जिससे पुराना गोविंदपुरी पुल अस्तित्व में बना रहेगा। लेकिन इस कवायद के बाद सेतु निगम अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी प्रोजेक्ट की खोज-खबर लेना भूल गए।


फजलगंज चौराहे के पास से बनना है पुल। अमृत विचार

### चार किमी लंबाई, 10.5 मीटर चौड़ाई, बनाने होंगे 150 खंभे

- सेतु निगम के अफसरों ने मरियमपुर से बर्रा बाईपास तक एलीवेटेड पुल का जो स्वरूप तैयार किया है, उसके अनुसार यह एलीवेटेड पुल करीब चार किमी लंबा होगा, जिसके लिए 150 खंभे खड़े किए जाएंगे। प्रत्येक खंभा दूसरे से लगभग 25 से 30 मीटर की दूरी पर बनेगा। पुल की चौड़ाई साढ़े 10 मीटर रखी जाएगी। पूरी परियोजना पर 1050 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।

### 13 साल पहले उठी थी आवाज, सात साल से उम्मीद बंधा रहे जनप्रतिनिधि

- सबसे पहले 12 साल पहले वर्ष 2013 में महानगर विकास समिति ने यह मुद्दा उठाया था। इसके बाद साल 2019 में सांसद सत्यदेव पचौरी ने केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर मरियमपुर से दीप तिराहा तक एलीवेटेड पुल निर्माण की मांग की थी। किदवई नगर के विधायक महेश त्रिवेदी व गोविंद नगर के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी इस एलीवेटेड पुल के लिए जोरदार पैरवी की बात कहते हुए जल्दी ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद बंधाई थी। इसी क्रम में 2024 में सांसद बने रमेश अवस्थी ने भी केंद्र और राज्य सरकार तक इस एलीवेटेड पुल के लिए पैरवी करने के साथ परियोजना के धरातल पर उतरने का भरोसा दिया था।

- बीते वर्ष सीमांकन-सर्वे शुरू करके आगे बढ़ना था काम
- सीएम आफिस को डीपीआर भेजने की तय हुई थी बात

### क्या बोले लोग


“फजलगंज- बर्रा बाईपास एलीवेटेड रोड का निर्माण बहुत ही जरूरी है। जाम की वजह से गोविंद नगर बाजार और फजलगंज में कारोबार चौपट हो रहा है।
-अचल गुप्ता, व्यापारी नेता


जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनप्रतिनिधियों का दबाव नहीं होगा यह प्रोजेक्ट मंजूर नहीं होगा। इस परियोजना को धरातल पर उतारे जाने की आवश्यकता है।
-अजीत मिश्रा, केशव नगर


एलीवेटेड रोड के निर्माण की मांग वर्षों पुरानी है। जनप्रतिनिधियों को इसे मंजूर कराने के लिए थोड़ा और प्रयास करना चाहिए। इसके बनने से जाम खत्म होगा।
-पवन तिवारी, हंसपुरम


एलीवेटेड रोड बन जाने से दक्षिण और उत्तर की दूरी कम हो जाएगी। यह परियोजना कानपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसे जल्द मंजूर किया जाना चाहिए।
-रामजी अग्रवाल, किदवई नगर”

### आनंद विहार से गोविंदपुरी होते हुए डानकुनी तक ट्रेन

**कानपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 03009/03010 डानकुनी-आनंद विहार टर्मिनल-डानकुनी ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी डानकुनी से शनिवार 2, 26 व 30 मई एवं 6,13,20,27 जून को संचालित होगी। आनंद विहार टर्मिनल से रविवार 10,17,31 मई एवं 7,14,21 व 28 जून को संचालित होगी। ये गाड़ी 23 एवं 24 मई को संचालित नहीं होगी।

गाड़ी संख्या 03009 डानकुनी से रात 00.30 बजे रवाना होगी। बर्धमान रात 1.21 बजे, दुर्गापुर रात 2.16 बजे, आसनसोल रात 3 बजे, गया प्रातः 10.35 बजे, मिर्जापुर सायं 4.20 बजे, प्रयागराज सायं 5.40 बजे, गोविंदपुरी (कानपुर) रात 9 बजे, आनंद विहार टर्मिनल प्रातः 11 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03010 आनंद विहार टर्मिनल से दोपहर 3 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी स्टेशन रात 11.30 बजे, प्रयागराज रात 3 बजे, मिर्जापुर प्रातः 5.38 बजे, सासाराम प्रातः 10 बजे, मधुपुर सायं 6.25 बजे, दुर्गापुर रात 8.26 बजे, बर्धमान रात 9.41 बजे एवं डानकुनी रात 11.30 बजे पहुंचेगी।

# अयोध्या वंदेभारत आज कानपुर होते हुए चलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगापुल पर 75 प्रतिशत से अधिक स्लीपर बदलने का कार्य पूरा हुआ
- कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर काशन पर दिन में ट्रेनों का आवागमन

**अमृत विचार।** दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से अयोध्या तक चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस बुधवार को 27 दिन बाद कानपुर होते हुए चलेगी। लखनऊ रेलमार्ग पर स्लीपर बदलने का काम चल रहा है जिससे 2 अप्रैल से 13 मई तक दिन में 8 घंटे ट्रेनों का आवागमन बंद किया गया था जो अब धीरे धीरे शुरू हो रहा है। वंदेभारत एक्सप्रेस 29 अप्रैल के बाद 6 मई को भी वाया कानपुर चलेगी। बाकी दिनों में ये ट्रेन 13 मई तक कानपुर के बजाय लखनऊ से शाहजहांपुर, बरेली होते हुए चलेगी।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन से तीन किमी दूर गंगा नदी पर स्लीपर बदलने का काम चल रहा है जिससे कई ट्रेनों को निरस्त किया गया है जबकि कई ट्रेनों के रूट बदले हैं। 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है स्वर्णशताब्दी एक्सप्रेस, वंदेभारत समेत कई ट्रेन कानपुर, इटावा, टूंडला के रास्ते नहीं चल रही है बल्कि ये ट्रेनें लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर होते हुए चल रही हैं। दिन में लखनऊ रेलमार्ग पर कुछ गाड़ियों को छोड़कर ज्यादातर बंद की गई गाड़ियां शुरू हो गयी हैं जिनको काशन देकर निकाला जा रहा है।

बताते चलें कि गंगा नदी पर बना पुल आजादी के पहले का है, जिसपर पहले लकड़ी का स्लीपर बिछाया गया था, उसके बाद सीमेंट का स्लीपर लगाया गया और अब स्टील का मजबूत स्लीपर लगाकर गंगा पुल के ट्रैक को अमर किया जा रहा है।

### भीषण गर्मी में एसी कोचों की रखवाली करेंगे इंजीनियर

- **कानपुर।** भीषण गर्मी में कब किस ट्रेन का एसी खराब हो जाए, कोई नहीं जानता। यात्रियों के हंगामे से बचने एवं इस समस्या से निजात पाने के लिए रेलवे ने राजधानी, शताब्दी, स्वर्ण शताब्दी जैसी वीआईपी ट्रेनों में एसी मैकेनिक नियुक्त किये हैं। कानपुर सेंट्रल स्टेशन समेत कई बड़े स्टेशनों पर एसी इंजीनियर्स नियुक्त किये गये हैं। जब भी एसी में कोई दिक्कत आएगी तो उसे मैकेनिक ठीक कर लेंगे लेकिन एसी में यदि कोई बड़ा फाल्ट है तो उसके लिए इंजीनियरों को तैनात किया गया है। इस संबंध में उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह का कहना है कि स्टेशनों पर एसी कोच को गड़बड़ी को ठीक करने के लिए इंजीनियर्स की टीम लगाई गई जबकि ट्रेनों में भी एसी मैकेनिक लगाये गये हैं।

# ‘स्लीपिंग पूल’ में बिना पानी के तैरे सपा विधायक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फूलबाग में नाना राव पार्क स्थित तरणताल (स्वीमिंग पूल) की बदहाली और भीषण गर्मी में भी जनता के लिए नहीं खोले जाने के विरोध में मंगलवार को सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कार्यकर्ताओं के साथ अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान सूखे पूल में लेटकर विधायक और सपा कार्यकर्ताओं ने तैराकी की और आरोप लगाया कि नगर निगम के नाकारेपन से करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी गर्मी में 50 दिन बीतने के बावजूद स्वीमिंग पूल शुरू नहीं हो पाया है।

प्रदर्शन के दौरान सपा विधायक ने कहा कि हर साल होली से पहले मार्च के महीने में पूल चालू हो जाता था, जो कि इस बार अप्रैल माह बीतने के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी समस्या बताने पर भी आंख मूंदे बैठे हैं। स्वीमिंग पूल बंद होने से जहां नगर निगम को हर महीने लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है वहीं निजी स्वीमिंग पूल क्लब फल-फूल रहे हैं। यही नहीं, नाना राव पार्क में ओपन जिम भी खस्ताहाल है।

झूले और मशीन टूटे हुए हैं। हरी ओम पांडे, चंकी गुप्ता, रजत बाजपेई, मो. सारिया, अनवर अली, विकास गुप्ता, सौरभ गुप्ता, सुरभित जायसवाल, दुर्गेश चक, सचिन यादव, आकाश यादव, प्रदीप सिंह, राजू खान, हर्ष नागवंशी, संस्कार खरे प्रदर्शन में मौजूद रहे।


सूखे पूल में तैराकी करते सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व अन्य। अमृत विचार

- सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कार्यकर्ताओं के साथ नानाराव पार्क स्थित स्वीमिंग पूल में किया प्रदर्शन
- 50 दिन बाद भी गर्मी में तैराकी के लिए नहीं खोले जाने पर ‘स्लीपिंग पूल’ बैनर लगा नगर निगम को घेरा

### रविवार तक लोगों के लिए खोल दिया जाएगा

- अपर नगर आयुक्त प्रथम मोहम्मद आवेश खान तथा प्रभारी अधिकारी क्रीड़ा ध्रुव नारायण यादव के साथ नाना राव पार्क स्थित तरण ताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि तरणताल में सभी व्यवस्थाएं पूरी हैं, पूर्व में जो मोटर खराब हो गई थी उसकी मरम्मत कराई जा चुकी है। प्रोजेक्ट प्रभारी आरके सिंह ने बताया कि दो दिन में तरणताल में पानी भरने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद तरणलाल नियमानुसार जनता के लिए खोल दिया जाएगा।


बैठक में बैंक की योजनाओं की जानकारी दी गई। अमृत विचार

# पीएनबी का एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए आउटरीच कार्यक्रम

**कानपुर।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कानपुर के गोविंद नगर और उन्नाव के कचहरी रोड स्थित शाखाओं में मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय के उप महाप्रबंधक वीरेंद्र बंसल ने उद्यमियों को बैंक की ऋण योजनाओं और त्वरित वितरण की प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी। कानपुर में कार्यक्रम का संचालन उप मंडल प्रमुख विभोर श्रीवास्तव और उन्नाव में संजीव पुरोहित ने किया।

इस दौरान स्थानीय व्यापारियों को बैंक की रियायती ब्याज दरों और डिजिटल सेवाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में रघुकुल तिलक, अरुण कुमार, होते सिंह और सुरेश यादव आदि रहे।

# गश खाकर गिरे युवक की गई जान

**कानपुर।** फजलगंज में अहमदाबाद से आया युवक सड़क किनारे गश खाकर गिर पड़ा। बस चालक की सूचना पर पुलिस ने उसे हैलट पहुंचाया, जहां युवक की मौत हो गई। संभावना जताई गई कि युवक हीट स्ट्रोक की चपेट में आया था। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम भिजवाया। युवक शादी समारोह में शामिल होने आया था।

मूलरूप से अमेठी के किशुनी शुकुल बाजार निवासी राम जियावन का 30 वर्षीय बेटा संदीप कुमार अहमदाबाद में नौकरी करता था। परिवार में मां शांतीदेवी व चार भाई हैं। भाई सुरजीत ने बताया कि परिवार में 30 अप्रैल को शादी है, इसलिए संदीप अहमदाबाद से समारोह में शामिल होने आ रहा था। वह प्राइवेट बस में सफर कर रहा था, सोमवार शाम को वह फजलगंज स्थित संत नगर चौराहा पहुंचा था। जहां बस से उतरते ही वह गश खाकर गिर गया। यह देखकर बस चालक ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर उसे हैलट पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। संदीप के पास मिले कागजात के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस के अनुसार संभावना है कि युवक हीट स्ट्रोक की चपेट मे आया है।


डॉ. विकास व प्रीति शुक्ला को एलओसी सौंपते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# फार्मा सेक्टर में 60.24 करोड़ के निवेश पर योगी ने बढ़ाया हौसला

**कानपुर।** शहर आधारित फार्मा कंपनी पॉजिट्रान बायोजेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड 60.24 करोड़ रुपये का निवेश करके सेक्टर में रिसर्च और डेवलपमेंट के साथ रोजगार उपलब्ध करा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कंपनी को लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) प्रदान किया है। कंपनी के संचालक पनेशिया हास्पिटल के संस्थापक वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ विकास शुक्ला तथा कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीति शुक्ला के अनुसार समारोह में मुख्यमंत्री ने नोएडा में 350 एकड़ क्षेत्रफल में मेडिकल डिवाइस पार्क में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाते हुए निवेश के लिए उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि फार्मा कंपनियों के निवेश से प्रदेश में औद्योगिक और स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा मिलने के साथ युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

गुड न्यूज

एफटीए के बाद नए सेक्टर के भी उबरने की उम्मीद

# न्यूजीलैंड के भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**02** सौ करोड़ रुपये का निर्यात न्यूजीलैंड में होता है

**40** फीसदी ग्रोथ एफटीए के बाद मानी जा रही है

**03** लाख लगभग भारतीय आबादी पर हो रहा फोकस

**12** सौ नए निर्यातकों के लिए बड़ा मौका माना जा रहा

- लेदर व टेक्सटाइल क्षेत्र में 20 फीसदी निर्यात बढ़ने की संभावना

**अमृत विचार।** न्यूजीलैंड के साथ एफटीए (फ्री ट्रेड एग्रिमेंट) के बाद अब शहर के निर्यातक अपने सभी उत्पादों पर बगैर इंपोर्ट ड्यूटी दिए वहां पर कारोबार कर सकेंगे। शहर से न्यूजीलैंड के लिए लगभग 150 से 200 करोड़ रुपये का निर्यात होता है। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि इस फ्री ट्रंड एग्रमिंट के बाद अब यह निर्यात 40 फीसदी के अनुसार बढ़ सकेगा। एफटीए से पारंपरिक निर्यात उत्पादों के साथ ही नए उत्पाद भी शहर से जा सकेंगे।

न्यूजीलैंड में भारतीयों की संख्या 2,92,092 है। वहां पर भारतीय तीसरा सबसे बड़ा समुदाय है। 2023 की जनगणना में भारतीय आबादी चीनी समुदाय से आगे निकलकर न्यूजीलैंड का तीसरा सबसे बड़ा ग्रुप बनी थी। 2018 से 2023 के बीच भारतीय आबादी में वहां पर 22 फीसदी का इजाफा हुआ है। वहां पर ऑकलैंड में सबसे ज्यादा 1,75,794 भारतीय रहते है। निर्यात विशेषज्ञ एफटीए के बाद इस समुदाय को सबसे बड़ा बाजार मान कर चल रहे हैं। उनका कहना है कि फिलहाल यह समुदाय टैक्स अधिक होने की वजह से भारत के बजाय दूसरे देशों के उत्पाद खरीदते थे। टैक्स एक बड़ी वजह थी जिसकी वजह से यहां के निर्यातक फूड सेक्टर में वहां पिछड़ रहे थे। इसके अलावा कृषि संबंधी उत्पाद भी टैक्स अधिक होने की वजह से नहीं जा पा रहे थे। अब टैक्स फ्री होने के बाद शहर के पारंपरिक निर्यात उत्पादों के साथ ही कृषि व फूड सेक्टर में भी तेजी से बढोतरी हो सकेगी। इसके अलावा वहां से कच्चा चमड़ा सस्ते दर पर आयात हो सकेगा जो लेदर सेक्टर सेक्टर को दो तरफा फायदा पहुंचा सकता है। फार्मास्युटिकल, मशीनरी और हस्तशिल्प खासतौर पर माटी के बर्तन भी वहां पर अब जा सकेंगे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन (फियो) के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि एफटीए से शहर में कई नए सेक्टर के निर्यातक बढ़ सकेंगे। इसके अलावा पारंपरिक उत्पादों का भी निर्यात बढ़ेगा। शहर के निर्यातकों को एक नई माकेट मिली है।

### नए निर्यातकों को उम्मीद

- शहर में इस पिछले वित्तीय वर्षों में लगभग 12 सौ नए निर्यात लाइसेंस का पंजीकरण हुआ है। खास बात यह है कि इन लाइसेंस में उत्पाद सेक्टर का निर्धारण अब न्यूजीलैंड की बाजार का आकलन करते हुए हो सकेगा। निर्यात विशेषज्ञों का कहना है कि इस एफटीए का इंतजार लंबे समय से हो रहा था। न्यूजीलैंड उभरता हुआ बाजार माना जा रहा है ऐसे में वहां पर रहने वाले भारतीय बड़ा बाजार भारतीय निर्यातक मानकर चल रहे है।

### 15 करोड़ से 45 करोड़

- एफटीए के बाद शहर के रेडी फूड व पैक्ड फूड का निर्यात कारोबार तेज होने की संभावना जताई जा रही है। शहर से इस सेक्टर का निर्यात कारोबार लगभग 15 से 20 करोड़ रुपये के आस-पास का है। इस सेक्टर का कारोबार तीन गुना तक बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी तरह कृषि क्षेत्र की बात की जाए तो न्यूजीलैंड में पशुओं के चारे का बड़ा बाजार है। इस स्थिति में यह सेक्टर भी शहर में शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

### पदयात्रा निकाल किया जनाक्रोश प्रदर्शन

**कानपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद में गिरने के विरोध में नौबस्ता स्थित वाटर पार्क चौराहे पर पदयात्रा निकाल जनआक्रोश प्रदर्शन किया गया। महिला आयोग की सदस्य डॉ अनीता गुप्ता की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और पुतला फूंका। महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष स्नेह लता मिश्रा ने कहा कि महिलाओं ने सड़क पर उतरकर साबित कर दिया कि महिलाओं के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडल उपाध्यक्ष नीरजा अवस्थी ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी व अखिलेश यादव के खिलाफ विरोध जताते हुए पुतला दहन किया गया। कानपुर दक्षिण में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने जन आक्रोश पदयात्रा निकाली। जागेश्वर अस्पताल से शुरू यात्रा चावला मार्केट पहुंची, जहां अखिलेश यादव व राहुल गांधी के पुतले जलाए गए। मंडल अध्यक्ष सुमित कश्यप, पवन दीक्षित, रिंकू सोनी मंडल, वैष्णवी त्रिपाठी, मनु सिंह कल्पना आदि थे।

# लेंबोर्गिनी कार हादसे में चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने तंबाकू कारोबारी के बेटे शिवम को आरोपी बनाया
- पुलिस ने 10 गवाह शामिल किए जिसमें चार बाउंसर भी

**अमृत विचार।** वीआईपी रोड पर हाई प्रोफाइल लेंबोर्गिनी कार हादसे में पुलिस ने 180 पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है। पुलिस ने तंबाकू कारोबारी के बेटे को आरोपी बनाते हुए 10 गवाह चार्जशीट में शामिल किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी के चार बाउंसर भी चार्जशीट में गवाह में शामिल हैं। घटनास्थल पर लगे चार सीसीटीवी फुटेज को भी अहम साक्ष्य के रूप में शामिल किया गया है।

विवेचक दिनेश कुमार के अनुसार तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा का आरोपी बेटा शिवम हादसे के बाद खुद को चोटिल व बीमार बताकर फरार हो गया था। शिवम की ओर से कोर्ट में चालक को पेश किया गया था। जिसने बताया था कि घटना के समय वह कार चला रहा था। जबकि पुलिस की ओर से कोर्ट में पेश आख्या में बताया गया था कि सीसीटीवी व मौके पर मौजूद लोगों के बयान के आधार पर शिवम कार चला रहा था। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने बीएनएस की धारा 35 (3) की नोटिस पर हस्ताक्षर करने से इंकार किया था। जिसके बाद सात साल से कम सजा होने के बावजूद आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने 180 पेज की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। जिसमें चमनगंज निवासी वादी तौफीक, बुलेट सवार ग्वालटोली निवासी सोनू त्रिपाठी व उनके मामा का बेटा विशाल, मौके पर मौजूद तीन दुकानदार, शिवम मिश्रा के चार बाउंसर समेत 10 गवाह हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बाउंसर बयानों से मुकर नहीं सकते। उनसे बीएनएस की धारा 190 का नोटिस साइन कराया गया है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो में बाउंसरों ने खुद की पहचान करते पूरी जानकारी दी है। चार्जशीट में चार सीसीटीवी फुटेज को भी अहम साक्ष्य शामिल किया गया है। एक फुटेज में कार समेत दो कारें आती दिख रही हैं। दूसरी फुटेज में एक्सीडेंट के बाद कार के पास बीएमडब्ल्यू कार आते दिख रही है। तीसरे फुटेज में बाउंसर कार का शीशा तोड़कर निकाल रहे हैं।

### आठ फरवरी को हुआ था हादसा

- आर्यनगर के तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा का बेटा शिवम आठ फरवरी को अपनी लेंबार्गिनी कार लेकर वीआईपी रोड पर निकला था। रेव-थ्री के आगे चौराहा पर तेज रफ्तार कार बेकाबू हो गई थी। कार ने सड़क किनारे खड़े वाहन चालकों समेत छह लोगों को टक्कर मारी थी। एक बुलेट सवार को भी टक्कर लगी थी। बुलेट के आगे वाले पहिए पर कार चढ़ गई थी। सूचना पर ग्वालटोली पुलिस पहुंची थी। लोगों से शिवम के बाउंसरों ने अभद्रता की तो भीड़ ने हंगामा किया था।


इसी कार से हुआ था हादसा। फाइल फोटो

## सिटी ब्रीफ

### इंटर स्कूल 7-ए साइड हॉकी में आठ टीमों ने हिस्सा लिया

**कानपुर।** बर्रा-2 स्थित पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन स्कूल में मंगलवार को इंटर स्कूल 7-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता हुई। इसमें आठ टीमों ने हिस्सा लिया, पहले दिन खेले गए मुकाबलों में आर्मी स्कूल, डीपीएस बर्रा और पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन स्कूल की टीमों ने जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। हॉकी ग्राउंड में खेले गए लीग कम नॉकआउट आधार पर मुकाबलों में पहले मैच में पूर्णचंद्र बी टीम ने कैंट बोर्ड हाईस्कूल को 3-0 से हराया। दूसरे मैच में पूर्णचंद्र-ए और आर्मी स्कूल के बीच खेला गया। इसमें पूर्णचंद्र बी टीम ने आर्मी स्कूल को 3-0 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में डीपीएस बर्रा ने कैंट बोर्ड हाईस्कूल को 1-0 से पराजित किया। चौथे मैच में आर्मी स्कूल-ए टीम ने डीपीएस-बी के बीच खेले गए मुकाबले में आर्मी स्कूल-ए ने 1-0 से जीत दर्ज की। जबकि पांचवें मैच में आर्मी स्कूल ने कैंट बोर्ड हाईस्कूल को 1-0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता में बुधवार को छह रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

### केसीसीसी एकेडमी ने जीत दर्ज की

**कानपुर।** रोवर्स कप अंडर-12 इंटर एकेडमी क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें कपिल क्रिकेट कोचिंग सेंटर (केसीसीसी एकेडमी) ने कर्मिशियल एकेडमी को 90 रन से पराजित किया। इस जीत के साथ ही केसीसीसी एकेडमी ने फाइनल में प्रवेश किया। जाजमऊ स्थित रोवर्स मैदान पर खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में केसीसीसी एकेडमी ने 25 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाए। टीम से इमरान खान ने नाबाद 58 रन, गौरांग सिंह ने 45 रन, कृष्णा यादव ने 22 रन बनाए, तो गेंदबाजी में प्रतीक, दक्षशेष सिंह, कार्तिकेय जूनियर ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कमिशियल एकेडमी की पूरी टीम 18.4 ओवर में 74 रन पर ढेर हो गई। टीम से सृजन पटेल ने 39 रन की पारी खेली, तो गेंदबाजी में सिद्धांत बाजपेयी ने चार व कृष्णा यादव ने दो को आउट किया। प्लेयर ऑफ द मैच इमरान खान को मिला।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# एआई की रिसर्च भविष्य में चौंकाएगी, चुनौतियां बढ़ेंगी

## सीएसजेएमयू में एडवांस्ड रिसर्च और साइंस इनोवेशन पर शुरू हुआ सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज द्वारा डीआरडीओ के सहयोग से एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान 'एडवांस्ड रिसर्च एंड एआई-इनेबल्ड इनोवेशंस इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर प्रेजेंट चैलेंजेस एंड फ्यूचर ऑपर्च्युनिटीज' विषय पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कहा कि एआई की सहायता से होने वाले शोध भविष्य में सभी को चौंकाएंगे। इसके अलावा इनसे मिलने वाली सुविधा और चुनौतियां का भी सभी को सामना करना होगा।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित हुआ।



सम्मेलन का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

जिसमें देश-विदेश के विद्वानों, वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि प्रो. रविकांत पाठक (यूनिवर्सिटी ऑफ गोथेनबर्ग, स्वीडन) ने वायुमंडलीय रसायन और वैश्विक स्थिरता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय पर जोर दिया। यह कहा कि दोनो का समन्वय ही बेहतर शोध परिणाम ला सकते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. अमित अग्रवाल (आईआईटी कानपुर), जिन्हें 2025 के शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ने क्वांटम ट्रांसपोर्ट और टोपोलॉजिकल मैटेरियल्स पर विचार साझा किए। सम्मेलन के दौरान एब्स्ट्रैक्ट बुकलेट का विमोचन भी किया गया। जिसमें क्वांटम टेक्नोलॉजी से लेकर एआई आधारित भौतिकी तक के विभिन्न शोध शामिल हैं। तकनीकी सत्रों में प्रो. सूर्यकांत त्रिपाठी, डॉ. रोहित मेदवाल, प्रो. रामसागर मिश्रा (जेएनयू) और प्रो. शोभा शुक्ला ने आधुनिक अनुसंधान में एआई की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान और डिजिटल सुरक्षा जैसे विषयों पर भी गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शानू प्रिया ने किया। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, निदेशक एवं डीन (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) प्रो. आरके द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अंजू दीक्षित व डॉ. नमिता तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## बोर्ड के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह

**बिल्हौर।** श्री कमासी देवी इण्टर कालेज, नदीहा बुजुर्ग में 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए आयोजित हुआ उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में शानदार अंक अर्जित किए है। प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के राम यादव (विद्यालय संस्थापक) व अनिरुद्ध कुमार (प्रधानाचार्य), शिक्षक गण सुरेन्द्र सिंह, गिरीश कुमार सिंह, जगदीश सिंह, आलोक कुशवाहा, राम सरन, सुरेन्द्र कुमार, लज्जाराम आदि रहे। विद्यालय के संस्थापक श्रीराम यादव ने सभी छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# एआईयू की वार्षिक बैठक में आत्मनिर्भर भारत पर जोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) की वार्षिक बैठक और कुलपतियों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन पुणे में आयोजित हुआ। डॉ. डीवाई पाटिल विद्यापीठ में हुए सम्मेलन में इस बार की थीम 'ज्ञान और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण' है। यह सम्मेलन उच्च शिक्षा नीतियों, शोध और नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए देश भर के विश्वविद्यालय कुलपतियों की बैठक है।

सम्मेलन की शुरुआत महाराष्ट्र के राज्यपाल व कुलाधिपति जिष्णु देव वर्मा, भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक, भारतीय विश्वविद्यालय संघ की महासचिव डॉ पंकजा मित्तल,




एआईयू की वार्षिक बैठक में सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक का स्वागत किया गया। अमृत विचार

डॉ. डीवाई पाटिल विद्यापीठ के कुलपति प्रो एमजे पवार की ओर से किया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उच्च शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण, सतत विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व, उद्यमिता और स्टार्टअप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम तकनीक से लैस संस्थान सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष एवं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि एआईयू के सौ वर्षों की यह यात्रा केवल एक संस्थागत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारतीय उच्च शिक्षा की निरंतर प्रगति, आत्ममंथन और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान का जीवंत साक्ष्य है। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल उत्पादन में आत्मनिर्भरता नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, कौशल, नवाचार और मूल्यों में आत्मनिर्भरता का भी आह्वान है। विश्वविद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण स्तंभ है।

# समय प्रबंधन व लक्ष्य निर्धारण करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रतियोगी छात्रों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला

**अमृत विचार।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं को मानसिक तनाव से उबारने के उद्देश्य से राजकीय जिला पुस्तकालय में मंगलवार को तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लेकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मुख्य वक्ता सह जिला विद्यालय निरीक्षक व पुस्तकालय प्रभारी प्रशान्त कुमार द्विवेदी और एसएन सेन बालिका इंटर कॉलेज की अध्यापिका लवली तिवारी रहीं। दोनों वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान मानसिक दबाव स्वाभाविक है, लेकिन सही रणनीति और सकारात्मक सोच के माध्यम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया कि अत्यधिक मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के उपयोग से एकाग्रता भंग होती है और तनाव बढ़ता है। ऐसे में विद्यार्थियों को स्क्रीन टाइम कम कर पुस्तक पठन की ओर रुझान बढ़ाने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने पुस्तकालय के शांत वातावरण को अध्ययन के लिए अनुकूल बताते हुए कहा कि यहां नियमित अध्ययन से न केवल ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि मानसिक संतुलन भी बना रहता है।

# छात्र-छात्राओं को इंटरव्यू की तैयारी भी करवाएगा डीबीएस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डीबीएस कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रोवायरा सॉल्यूशंस प्रालि की डायरेक्टर डॉ. गरिमा विलियम्स के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास के साथ उन्हें रोजगारोन्मुख बनाना है। एमओयू के तहत छात्रों को अंग्रेजी संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को इंटरव्यू की तैयारी, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही नैक व एनआईआरएफ रैंकिंग में सुधार के लिए भी विभिन्न पहल



समझौता पत्र दिखाते शिक्षक। अमृत विचार

- डीबीएस कॉलेज में अंग्रेजी विभाग ने किया एमओयू

की जाएंगी। कॉलेज में समय-समय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम, वर्कशॉप, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, गेस्ट लेक्चर, मॉक इंटरव्यू और स्किल आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और बेहतर करियर मार्गदर्शन मिल सके। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा निगम, वरिष्ठ शिक्षिका डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. सीपी सिंह व सौम्यादीप भट्टाचार्य सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# सील पुष्पांजलि अस्पताल चलता मिला, होगा मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर क्षेत्र के 19 अस्पतालों का निरीक्षण

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कल्याणपुर क्षेत्र के 19 अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान मानक पर खरा न उतरने के कारण एचआर हॉस्पिटल को सील किया गया। पूर्व में सील किए गए न्यू पुष्पांजलि हॉस्पिटल में उपचार होते मिला।

अस्पताल को दोबारा सील करने के साथ ही संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्णय सीएमओ ने लिया। मां नर्सिंग होम को एनओसी से जुड़ी नोटिस दी गई तो सांभवी मेडिकल सेंटर, सारांश हॉस्पिटल और किरन मेडिकल सेंटर में ड्यूटी डाक्टर के न मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी की गई। कांशी हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर को भी नोटिस दी गई। पृथ्वी




अस्पताल सील किया गया।

हॉस्पिटल के बोर्ड पर आईसीयू और एनआईसीयू सुविधा अंकित मिला जिसे अवैध माना गया।

# एंजेल वुमंस ने फ्रेंड्स को हराया

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- तरुन क्लब ने रोवर्स क्लब को 1 रन के करीबी अंतर से हराया

**अमृत विचार।** केसीए की केडीएमए क्रिकेट लीग के पहले मैच में एंजेल वुमंस ने फ्रेंड्स स्पोर्टिंग को नौ विकेट से हराया। दूसरे मैच में यशराज एकेडमी ने वैदिक यूनियन को विशाल स्कोर 231 रन से मात दी। तीसरे मैच में सोनेट क्लब ने आदर्श क्लब को दो रन से पराजित किया। चौथे मैच में साउथ जिमखाना ने भारत क्लब को आठ विकेट से मात दी। पांचवे मैच में कानपुर साउथ ने खांडेकर क्रिकेट एकेडमी को 62 रन से हराया। छठवें मैच में तरुन क्लब ने रोवर्स क्लब को 1 रन से पराजित किया।

श्यामनगर स्थित आरपीसीए मैदान पर खेले गए पहले मैच में फ्रेंड्स स्पोर्टिंग 20.5 ओवर में मात्र 59 रन पर ढ़ेर हो गई। टीम से मयंक शुक्ला ने सर्वाधिक 19 व रोहित ने 17 रन बनाए, तो गेंदबाजी में अर्चना देवी ने छह, सिद्दी मिश्रा व गरिमा यादव ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। जवाब में एंजेल वुमंस की टीम ने 8.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 61 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। जीत में एकता सिंह ने 36 बनाए, तो गेंदबाजी में अनंत ने एक विकेट अपने नाम किया। पनकी स्थित रामलखन भट्ट मैदान पर दूसरे मैच में यशराज एकेडमी ने 30 ओवर में पांच विकेट पर 280 रन बनाए। टीम से आर्यन सिंह ने 116, अयमान पाठक ने 108 रन की पारी खेली, तो गेंदबाजी में नीरज सचान ने तीन को आउट किया। जवाब में वैदिक यूनियन की पूरी टीम 10.2 ओवर में मात्र 49 रन पर सिमट गई। टीम से असित यादव ने 11 रन जोड़े, तो गेंदबाजी में नितिन अवस्थी ने पांच, आदित्य सिंह ने तीन को आउट किया। जाजमऊ स्थित जेम्स मैदान पर तीसरे मैच में सोनेट क्लब ने 40 ओवर में पांच विकेट पर 233 रन बनाए। टीम से आर्यन सिंह ने 76 रन, सुयश सिंह ने 45 रन बनाए, तो गेंदबाजी में शौर्य ने तीन व राहुल ने दो को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आदर्श क्लब की पूरी टीम 33.3 ओवर में 231 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम से सत्येंद्र यादव ने 87 रन, देवेश तिवारी ने 54 रन बनाए, तो गेंदबाजी में सार्थक अग्रवाल व अरुन चौहान ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। चौथे मैच में पीएसी मैदान पर भारत क्लब ने 37 ओवर में सात विकेट पर 241 रन बनाए। टीम से शिवा राजपूत ने 100 रन, सागर सिंह ने 57 रन बनाए, तो गेंदबाजी में विकास शर्मा ने दो को आउट किया। साउथ जिमखाना ने दो विकेट पर 244 रन बनाकर मैच जीता।

# महिला सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में महापौर प्रमिला पांडेय के साथ मंगलवार को फिक्की फ्लो की महिला संगठन ने बैठक की। संगठन की अध्यक्ष अंकिता गर्ग ने महिला सफाई कर्मियों के लिए सीपीआर प्रशिक्षण, ब्रेस्ट कैंसर, नेत्र जांच, शुगर, बीपी आदि स्वास्थ्य जांच के लिए हेल्थ चेक-अप कैंप लगाने और एक पार्क सुंदरीकरण के लिए संगठन को देने की मांग की। महापौर ने कहा कि कई बच्चे, जिनके माता-पिता की मृत्यु हो गई है, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, उनको गोद लेकर उनकी शिक्षा आदि की व्यवस्था करायें। इसपर संगठन ने बताया कि संगठन के कई सदस्यों के स्वयं के स्कूल है, जिनमें प्रवेश दिला सकते हैं। साथ ही संगठन द्वारा निर्धन महिलाओं के लिए सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण, कई स्कूलों में बच्चों के लिये कम्प्यूटर प्रशिक्षण लैब भी स्थापित किया गया है। महापौर ने पार्क को सुंदरीकरणके लिए दिये जाने के संबंध में अधिशाषी अभियंता उद्यान दिवाकर भास्कर व महिला सफाई कर्मियों की सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संख्वार को निर्देश दिया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त मो.अवेश, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकार डा. मनमोहन आर्या, फिक्की फ्लो की उपाध्यक्ष सुषमा सिंह, आयुषी टंडन, शेफाली राज, प्रज्ञा अग्रवाल, मीनू झुनझुनवाला आदि रहे।

## सिटी डायरी



छात्राओं को उपहार दिए गए।

### मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गिफ्ट की साइकिल

**कानपुर।** बिठूर विधानसभा क्षेत्र की सुरार ग्राम सभा के बच्चूपुर में यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गांव देहली कटरा ब्लॉक बिठूर की छात्रा वेदिका कुशवाहा ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं अंजली गौतम ने भी शानदार अंक हासिल कर परिवार और गांव को गौरवान्वित किया। बिठूर विधानसभा के नेता बृजेन्द्र सिंह यादव ने दोनों छात्राओं को साइकिल भेंट की। कार्यक्रम में पढ़ेगी बेटी, बढ़ेगी बेटी का संदेश दिया गया। अजय पाल कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, जगन्नाथ कुशवाहा, सुनील यादव, विपिन कुशवाहा, ओम कुशवाहा, रोहित सिंह यादव, सोनू, दीपक यादव और प्रशांत अवस्थी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



कथा सुनाते महाराज योगेश।

### भागवत कथा में गूंजे श्रीकृष्ण की लीलाओं के प्रसंग

**कानपुर।** किदवई नगर के वाई ब्लॉक में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को कथा व्यास महाराज योगेश ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के आगे के प्रसंगों का वर्णन किया। महाराज योगेश ने रासलीला, कंस वध तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम का संदेश दिया। उनके प्रवचनों को सुनकर पंडाल राधे-राधे व जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर कथा परीक्षित अविनाश शुक्ला, नीलम शुक्ला, चन्द्रभूषण शुक्ला, अमिय भूषण शुक्ला, सुनीता शुक्ला, अभय भूषण समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



बल्लेबाजों ने प्रतिभा दिखाई।

### कानपुर के तीन, इटावा के सात खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

**कानपुर।** ग्रीन पार्क स्टेडियम में 15 दिवसीय आवासीय क्रिकेट छात्रावास के लिए आयोजित केंद्रीय प्रशिक्षण कैंप का समापन हो गया है। प्रदेश के 80 जूनियर खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूर्व क्रिकेटर ज्ञानेंद्र पांडेय, सिराजुद्दीन, अनुराग पांडेय, सुनील व ग्रीन पार्क के क्रिकेट कोच और उप क्रीड़ाधिकारी अमित पाल के सामने खिलाड़ियों ने फिटनेस और स्किल में खुद को साबित किया। अब खेल निदेशालय की ओर से फाइनल ट्रायल में सफल खिलाड़ियों की सूची जारी कर आवासीय छात्रावास के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।




बिठूर भ्रमण पर गए छात्र-छात्राएं।

### स्वतंत्रता संग्राम का गौरवशाली इतिहास जाना

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एवं स्कूल ऑफ एडवांस एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने बिठूर स्थित नाना राव पेशवा स्मारक एवं संग्रहालय देखा और इतिहास को भी जाना। विद्यार्थियों ने नाना राव पेशवा की तलवार, पत्र, 1857 की क्रांति से जुड़े दस्तावेज, ध्रुव टीला, वाल्मीकि आश्रम एवं गंगा तट स्थित ऐतिहासिक स्थल देखे।

## शाबाश बच्चे

### पिता हैं नहीं, मां भी दिव्यांग, प्रतापगढ़ से बहन को एम्बुलेंस में लेकर आया

# राखी का बंधन निभा रहा नन्हा शिवम, सबकी आंखें नम

विशेष संवाददाता, कानपुर

**12** साल का भाई पिता की तरह संभाल रहा गंभीर बीमार बहन को

- कॉर्डियोलॉजी में वानर सेना के कार्यकर्ता उठा रहे इलाज-खान-पान की जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** प्रतापगढ़ के 12 वर्षीय शिवम की आंख में आंसू हैं और वह कॉर्डियोलॉजी अस्पताल के बेड पर पड़ी अपनी बड़ी बहन सोनी (14) की सेवा में शिद्धत से जुटा है। शुक्रिया अदा कर रहा है कानपुर की वानर सेना के देवदूतों का, जो इनके इलाज-खान-पान का बंदोबस्त कर रहे हैं। सोनी के दिल में करीब 4 सेंटीमीटर का छेद है। जब वह अस्पताल लाई गई थी तो खड़ी भी नहीं हो पा रही थी। यहां जांचों से पता चला कि उसे गंभीर टीबी भी है। हालांकि पांच दिन के इलाज के बाद अब खुद उठने-बैठने लगी है और चेहरे पर जीने की आशा मुस्कान के रूप में लौट आई है। छोटा भाई परिवार के मुखिया की तरह हर चुनौती पर डटा है।

बेसहारों के लिए समर्पित देवदूत वानर सेना के प्रहरी केके सिंह मुन्ना को सेना प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने बेसहारा किशोरी सोनी जायसवाल के बारे में बताया कि उसे इलाज की जरूरत है और उसके पास फूटी कौड़ी भी नहीं है। पिता का साया आठ साल पहले उठ गया था और दिव्यांग मां चलने-फिरने से लाचार है। देख-रेख के लिए सिर्फ 12 साल का छोटा भाई है और घर में भोजन के लाले हैं। मुन्ना सिंह ने




बीमार बहन के साथ शिवम। अमृत विचार

प्रयागराज के कपिल उपाध्याय को सूचना दी तो उन्होंने सोनी को वहां एक अस्पताल में भरती करवा दिया। जांच में पता लगा कि सोनी के दिल में छेद है और वह मरणासन्न है। तब उसे वहां से यहां कॉर्डियोलोजी में भर्ती कराने के लिए एम्बुलेंस का इंतजाम किया गया। वह शुक्रवार को यहां एम्बुलेंस से उतारी गई। 12 साल का छोटा भाई हाथ जोड़ कर डाक्टरों, वानरसेना के कार्यकर्ताओं के सामने फफक पड़ा और बोला बहन को बचा लीजिये। यह दृश्य देखकर सबकी आंखें नम हो गईं। उसे भर्ती कराकर वानर सेना इंतजाम में जुट गई। मुन्ना सिंह की सूचना पर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी सहयोग किया। अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी आशीष लगातार ध्यान रखे हैं और मुन्ना सिंह भी टीम सहित डटे हैं। भाई शिवम के ठहरने, भोजन और दवाओं का प्रबंध कर रहे हैं। इसी के साथ संस्था के अजीत प्रताप सिंह और सुमित सिंह चौहान भी सहयोग में जुटे हैं। वानर सेना सबसे मदद भी मांग रही है।

### सौ से अधिक बेसहारा लोगों का इलाज

- केके सिंह उर्फ मुन्ना सिंह वानरसेना से जुड़कर अब तक सौ से अधिक बेसहारा लोगों के इलाज का इंतजाम करा चुके हैं। इनमें कोई फुटपाथ पर कराहता मिला तो किसी की संतान ने उन्हें सड़क पर छोड़ दिया था। किसी का पैर सड़ा था, किसी के शरीर पर कीड़े रेंग रहे थे। मुन्ना जो बीमार बेसहारा मिलता है, उसे लादकर अस्पताल दौड़ पड़ते हैं। उनका सहयोग कई निजी अस्पताल भी करते हैं। उनकी दिन-रात अस्पतालों के चक्कर काटते बीतती है और इसी काम में उन्हें सुकून मिलता है।

# शरीर पर मिले घाव के 8 निशान, अधिक रक्तस्राव से हुई थी मौत

## पीएम के बाद परिजनों ने शव लेकर गोलाघाट के सामने लगाया जाम, पुलिस व प्रशासन के विरुद्ध की नारेबाजी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नरबीजपुर मार्ग पर मिले सिम पोर्ट एजेंट मोनू जायसवाल के शव मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। रिपोर्ट में चेहरे व सिर पर 8 गंभीर घाव मिलने के साथ अधिक रक्तस्राव होने से मौत होने की पुष्टि हुई। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने शव गोलाघाट नई बस्ती के सामने सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे कानपुर-शुक्लागंज मार्ग पर लंबा जाम लग गया।

कानपुर कैंट के गोलाघाट नई बस्ती निवासी मोनू जायसवाल का शव सोमवार सुबह नरबीजपुर मार्ग पर मिला था। मंगलवार को गंगाघाट पुलिस की मौजूदगी में 2 डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी हुई। पैनल में बिछिया सीएचसी के डॉ. मुशीर अहमद व जिला अस्पताल के डॉ. असलहुद्दीन शामिल रहे। पीएम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के चेहरे व सिर पर 8 घाव मिले, जिनसे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और इसके चलते ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने चेहरे पर चिपके एक अज्ञात पदार्थ व त्वचा के सैंपल सुरक्षित कर फॉरेंसिक


कानपुर छोर पर जाम लगाये बैठे परिजन। ● अमृत विचार

जांच के लिए भेजे हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के भाई सोनू, सनी, पिता ओम कैलाश, बहन सलोनी व मां आशा आदि परिजन शव लेकर जिला अस्पताल से निकले। शाम करीब 4 बजे नवीन पुल पार करने के बाद गोलाघाट के सामने शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। हंगामे के चलते कुछ ही देर में झाड़ी बाबा पड़ाव से नवीन पुल व शुक्लागंज तक भीषण जाम लग गया। सूचना पर गंगाघाट कोतवाल अजय सिंह व कानपुर कैंट पुलिस पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। बाद में डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता व एडीसीपी शिवा सिंह पहुंचे और सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। करीब साढ़े 5 बजे शव हटाया गया। इसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके। इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रही। वहीं कैंट पुलिस ने पिता ओम कैलाश की तहरीर पर बाबाकुटी निवासी पापन पॉल व अज्ञात साथी के विरुद्ध हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### डीसीपी, एडीसीपी व पूर्व विधायक ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

शुक्लागंज : नरबीजपुर मार्ग पर युवक का शव मिलने के मामले में मंगलवार को पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, एडीसीपी शिवा सिंह व कैंट इंस्पेक्टर अरविंद राय, गंगाघाट कोतवाल अजय सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने करीब 1 घंटे तक वहां रहकर आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए। इसके बाद वे लौट गए। वहीं मौके पर कैंट के पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सुमित तिवारी आदि भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंचे। आरोप लगाया कि कानपुर व उन्नाव की सीमा विवाद के कारण रिपोर्ट दर्ज होने में देर हुई है। कहा कि इसे लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**वाहनों को किया डायवर्ट :** परिजनों के प्रदर्शन के दौरान गंगाघाट पुलिस ने कानपुर जाने वाले वाहनों को नवीन पुल से आगे नहीं जाने दिया। वाहनों को हाईवे व बैराज मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया। जिससे फोरलेन पर भी जाम की स्थिति बनी रही।

**चौकी में भी हुआ हंगामा :** मंगलवार देररात मृतक के परिजन मरहला चौकी पहुंचे व पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा किया। उनका कहना था कि पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेने के बाद बिना कार्रवाई छोड़ दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 113 श्रद्धालुओं को अयोध्या किया रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा निजी संसाधनों से संचालित श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के तहत शहर के मोती नगर स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से 113 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना किया गया। विधायक ने टोली को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। विधायक ने कहा कि बुजुर्गों को प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने का माध्यम बनना उनके जीवन का सबसे अमूल्य अनुभव है। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला महामंत्री मनीष जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अवनीश गुप्ता व महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालत में पड़ा मिला वृद्धा का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ के गुदौली निवासी हेमराज की 80 वर्षीय पत्नी रामप्यारी मानसिक बीमार थी। वह हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मोहान में अक्सर इधर-उधर घूमते लोगों को दिखती थी। मंगलवार सुबह मोहान के कर्बला चौराहे के पास स्थित एक कपड़े की दुकान के बाहर उसका शव पड़ा देख वहां लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी पर पहुंचा नाती अनिल पोस्टमार्टम कराए बिना शव गांव ले गया। जहां उसने अंतिम संस्कार कर दिया। मोहान चौकी प्रभारी राम अवतार ने बताया कि वृद्धा के नाती ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के शिवसिंह खेड़ा गांव निवासी गुरु प्रसाद (65) पत्नी सोनी (60) के साथ मोपेड से सोहरामऊ कस्बा निवासी रिश्तेदार के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी मंगलवार शाम 4 बजे अजगैन के पास अज्ञात वाहन ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी। इससे सड़क पर गिरकर वृद्धा गंभीर घायल हो गई। वहीं हादसे में गुरुप्रसाद बाल-बाल बच गए। वृद्धा को सीएचसी भेजा गया। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेजा है।

### गंगा एक्सप्रेस-वे लोकार्पण में पहुंचेंगे हजारों भाजपाई

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** 29 अप्रैल को मल्लावां में प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। गंगाघाट से हजारों कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला के नेतृत्व में मल्लावां कूच करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया जाएगा।

# सुधार गृह के रूप में विकसित हो जेलः डीएम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** मंगलवार को डीएम घनश्याम मीना ने एसएसपी जय प्रकाश सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। इसमें डीएम ने व्यवस्थाएं परखीं और महिला कैदियों के बच्चों को उपहार दिये। निरीक्षण में डीएम महिला बैरक पहुंचे और वहां रह रहे बच्चों को फल, मिठाई व बिस्कुट से भरी टोकरी दी।

उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि महिला कैदियों को समय-समय पर आयरन व कैल्शियम की दवाएं दी जाएं। बच्चों के लिए प्रोटीन युक्त आहार व नियमित टीकाकरण कराया जाए। डीएम ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि जेल को केवल सजा काटने का केंद्र न बनाकर सुधार गृह के रूप में विकसित करें। कहा महिला कैदियों को सिलाई, कढ़ाई व बुनाई जैसे कार्यों में प्रशिक्षित करें। पुरुष कैदियों को भी खाली बैठने के बजाय किसी न किसी कौशल विकास कार्य से जोड़ें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम ने कहा कि जेल में किसी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री न जाए। इसके लिए कड़ी निगरानी की जाए। डीएम व एसएसपी ने कारागार चिकित्सालय भी देखा। वहां भर्ती बीमार कैदियों से बात कर उनका हाल जाना और जेल चिकित्सकों को निर्देश दिया कि हर बंदी का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए।


जेल में बंदियों से बात करते डीएम व एसएसपी। ● अमृत विचार

● डीएम और एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

### घर पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के परसंदन गांव निवासी सुशील (30) पुत्र ईश्वरदीन ने मंगलवार शाम घर पर अकेला था। पत्नी व बेटी खेत गई थीं। तभी सुशील ने अपने कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटक गया। खेत से लौटी पत्नी आरती ने कमरा अंदर से बंद देख पति को आवाज लगाई। उत्तर न मिलने पर खिड़की से पति को लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन पहुंचे पड़ोसी किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे और फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। लेकिन, तब तक सुशील की मौत हो गई थी। उसके 2 बच्चों में 4 साल की बेटी दिव्या व 6 माह का बेटा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। पत्नी आत्महत्या की वजह नहीं बता सकी।

# पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद, 20 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** बारासगवर थानाक्षेत्र में शराब पीने से मना करने पर नाराज पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गोद कर हत्या कर दी थी। एडीजे-1 ने मंगलवार को अंतिम सुनवाई के बाद पति को आजीवन कारावास का आदेश दिया। साथ ही उस पर 20 हजार जुर्माना भी लगाया।

बता दें कि बारासगवर थानाक्षेत्र के नारायणदास खेड़ा निवासी विजय बहादुर चौधरी पुत्र शिवपाल 6 नवंबर-2021 की दोपहर शराब पीकर घर पहुंचा था। कुछ देर बाद वह दोबारा घर में शराब पीने पर पत्नी रामदुलारी ने उसे रोका तो इसे लेकर दोनों में झगड़ा शुरू

● शराब पीने का विरोध करने पर चाकू मारकर की थी हत्या



हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आक्रोशित विजय ने पास में रखा चाकू पत्नी के पेट में घोंप दिया। इसमें गंभीर घायल हुई रामदुलारी की अधिक रक्तस्राव से मौके पर मौत हो गई थी। थोड़ी देर बाद भतीजा वहां पहुंचा तो चाची का रक्तरंजित शव देख उसने पुलिस को सूचना दी। जांच कर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और घटना के दूसरे दिन फरार विजय को पकड़कर जेल भेजा था। तत्कालीन दरोगा राजबहादुर ने आलाकत्ल बरामद कर साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद 6 दिसंबर-2021 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई थी। तभी से केस एडीजे-1 कोर्ट में विचाराधीन था।

मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन व बचाव पक्ष की दलील व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर शासकीय अधिवक्ता की दलीलों से सहमत होकर न्यायाधीश कविता मिश्रा ने विजय बहादुर को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के आदेश दिए।

# बीसीएन मशीन से ट्रैक की सफाई हुई, लूप लाइन पर बदले स्लीपर

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** कानपुर-लखनऊ रेलरूट की डाउन लाइन पर गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को रेलवे द्वारा ट्रैक मेंटेनेंस का कार्य कराया गया।

इस दौरान बीसीएन मशीन से पटरियों के नीचे बिछी गिट्टी साफ की गई। मशीन से गिट्टी में जमा धूल, मिट्टी व कचरा अलग कर व्यवस्थित किया गया। जिससे ट्रैक की मजबूती के साथ जल निकासी व्यवस्था बेहतर हो सके। रेल कर्मियों की निगरानी में मेन लाइन पर गिट्टी छनाई का कार्य हुआ और जरूरत के अनुसार नई गिट्टी डाली गई। वहीं, लूप लाइन पर जर्जर व क्षतिग्रस्त स्लीपर हटाकर नए स्लीपर लगाए गए। इस कार्य से ट्रैक की सुरक्षा व ट्रेनों के सुचारु संचालन में सुधार होने की उम्मीद है। इस दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया और संबंधित रेल खंड पर ट्रेनों की आवाजाही को नियंत्रित कर कार्य पूरा कराया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार नियमित रूप से इस तरह के मेंटेनेंस कार्य किए जाने से रेल पटरियों की आयु बढ़ती है और दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है।

● मेंटेनेंस कार्य किए जाने से बढ़ती है रेल पटरियों की आयु

# कटान निरोधक कार्य का लिया जायजा

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगा का जलस्तर घटने के बाद मिश्रा कॉलोनी स्थित बस्ती के पास तेजी से कटान हो रहा था। जिस पर मुक्ता घाट के पास कटान निरोधक कार्य तेज किया गया है। उन्नाव शारदा नहर सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्य की हकीकत परखने के लिए मंगलवार को लखनऊ षष्टम मंडल के एसई ओपी वर्मा पहुंचे। उनके साथ एक्सईएन गगन शुक्ला भी रहे।

मंगलवार दोपहर 12 बजे अधिकारियों ने मुक्ता घाट क्षेत्र का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को बताया गया कि करीब 350 मीटर क्षेत्र में कटान


कटान निरोधक कार्य का निरीक्षण करते अधीक्षण अभियंता। ● अमृत विचार

● अधीक्षण अभियंता ने गुणवत्ता व समयबद्धता को लेकर दिए निर्देश

रोकने के लिए जियो बैग डालने का कार्य प्रस्तावित है। वर्तमान में करीब 56 मीटर हिस्से में काम पूरा हो चुका है। जबकि शेष कार्य 30 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। निरीक्षण में अधीक्षण अभियंता ने गुणवत्ता व समयबद्धता को लेकर मातहतों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। परियोजना की कुल लागत करीब छह करोड़ आंकी गई है। जबकि टेंडर 3 करोड़ 30 लाख में स्वीकृत हुआ है।

### जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का विधायक ने किया उद्घाटन, खिलाड़ियों में उत्साह

**उन्नाव, अमृत विचार :** बाईपास स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को 7वीं डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू हुई। इसका उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बैडमिंटन कोर्ट पर शॉट लगाकर किया। इस दौरान डीआईओएस सुनील दत्त भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया अभियान को देश का युवा धरातल पर उतार रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आश्वासन दिया कि बैडमिंटन कोर्ट में प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए वह विधायक निधि से धन अवमुक्त करेंगे। वहीं, डीआईओएस ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलों का जुड़ाव एक स्वस्थ व बेहतर भविष्य के लिए अनिवार्य है। 3 दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में जिले के 40 से अधिक विद्यालयों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि स्टेडियम का उच्चीकरण प्रगति पर है और जल्द ही यहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुविधाएं मिलेंगी।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक पंकज गुप्ता।

### हृदयांश ने तैराकी में जीते तीन पदक, राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**उन्नाव, अमृत विचार :** केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) लखनऊ संभाग द्वारा आईआईटी कानपुर में आयोजित क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र हृदयांश द्विवेदी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हृदयांश ने शानदार प्रदर्शन कर 50 मीटर बैकस्ट्रोक में गोल्ड, 50 मीटर फ्री स्टाइल व ब्रेस्टस्ट्रोक में सिल्वर मेडल जीतकर तीन पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य केपी यादव व विद्यालय स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया। कोच विकास अवस्थी ने भी हृदयांश की सराहना की। बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक के साथ उनका चयन अब केवीएस की राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हो गया है। जो जिले के लिए गर्व का विषय है।


मेडल दिखाता हृदयांश।

### अराजकतत्वों ने गुमटियों में लगाई आग

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर गांव निवासी पुत्ती लाल की सरैयां सब स्टेशन के पास पैतृक जमीन है। वह वहीं पर मडैया डालकर रहते हैं और वहीं गुमटी रखकर पान मसाला बेचते हैं। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे वह खाना खाने गांव गये थे। तभी अराजकतत्वों ने उसकी मडैया व गुमटी में आग लगा दी। जिससे सारा सामान व गृहस्थी जलकर खाक हो गई। आसपास के लोगों ने दमकल को सूचना दी। जिसके बाद दमकल पहुंची और आग बुझाई। दोपहर करीब 2 बजे तक वह वापस लौटे। जहां सारा सामान खाक देख उनके होश उड़ गये।

### पेयजल योजना की खोदाई से जगह-जगह लगा जाम, राहगीर हो रहे परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** अमृत भारत पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए हो रही खुदाई ने मंगलवार को लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। संकरे मार्ग व अधूरी मरम्मत के कारण दिनभर आवागमन प्रभावित रहा। जिससे लोगों को जाम झेलना पड़ा। जल निगम द्वारा अमृत भारत पेयजल योजना के अंतर्गत उन्नाव-शुक्लागंज लेन स्थित आजाद नगर धोबी पुलिया के पास जेसीबी से खुदाई कर पाइप लाइन डाली जा रही है। सड़क संकरी होने से इस दौरान आवागमन बाधित रहा और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह मरहला चौराहे के पास आरओबी के अंडरपास मार्ग पर भी पाइप लाइन डालने का कार्य हुआ। इसके चलते यहां वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति बन गई। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों ने जल्दबाजी में खुदाई वाली जगह पर मिट्टी डालकर सड़क को समतल किया, जिसके बाद आजाद मार्ग की ओर से आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही आंशिक रूप से बहाल हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना उचित ट्रैफिक व्यवस्था के ऐसे कार्य कराए जाने से रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।


पाइप लाइन डालने को हो रही खोदाई।

# आज लखनऊ व हरदोई से टकराएगा उन्नाव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के अंतर्गत लखनऊ में होने वाले अंडर-16 अंतर्जनपदीय क्रिकेट ट्रायल हेतु जिले की टीम का ऐलान किया गया है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने 17 सदस्यीय टीम व 8 स्टैंडबाई खिलाड़ियों की सूची जारी की। टीम मैनेजर साकिर हुसैन के नेतृत्व में खिलाड़ी लखनऊ रवाना हुए हैं। सभी मैच जीसीआरजीसी क्रिकेट स्टेडियम बक्शी का तालाब लखनऊ में होंगे।

चयनित टीम में आयुश यादव, अभिनव शुक्ला, आदित्य प्रकाश, कृष्णा शर्मा, पार्थ त्रिवेदी, विराट गुप्ता, अंसराज मोहन, अनमोल शर्मा, शाश्वत जायसवाल, सौरभ यादव, ओम शर्मा, शौर्य, कृष्ण शर्मा, देवांश, सौरभ, कौशिक मिश्रा व शिवांशु यादव को जगह मिली है। इसके अतिरिक्त ग्रंथ तिवारी, अर्नेश कार्तिक, तनिस रावत, वली मतीन सफवी, सम्यक समीर श्रीवास्तव, अथर्व सक्सेना,



उन्नाव रेलवे स्टेशन से रवाना होती टीम।। ● अमृत विचार

● 17 सदस्यीय क्रिकेट टीम व 8 स्टैंडबाई खिलाड़ियों की सूची जारी

मृत्युंजय प्रताप सिंह व अस्मित पटेल को स्टैंडबाई में रखा गया है। टीम की रवानगी पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार यज्ञसेनी, नवीन सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव 'शंकर', संयुक्त सचिव विकास सिन्हा, कैलाश नेगी व ओम मिश्र ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके सफल प्रदर्शन की कामना की।

# लू के थपेड़ों से जनजीवन बेहाल दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** मंगलवार को भीषण गर्मी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। मई माह में अब तक का यह सबसे अधिक गर्म दिन रहा। जहां सुबह से ही तेज धूप व लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। जैसे-जैसे दिन चढ़ा तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती रही और दोपहर तक सड़कों पर सन्नाटा पसर गया।

सुबह 10 बजे के बाद ही आसमान से बरसती आग ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया। केवल जरूरी कार्यों के लिए ही लोग बाहर निकले। वह भी सिर को गमछा, टोपी या दुपट्टे से ढककर। तेज गर्म हवाओं के चलते बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर चहल-पहल कम रही। भीषण गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी दिखा। दोपहर होते ही जानवर छांव की तलाश में भटकते दिखे। वहीं पक्षी भी पेड़ों की आड़ में छिपे रहे। उधर बिजली की आंख-मिचौली ने घरों में बच्चों व महिलाओं की परेशानी बढ़ाई। जिला प्रशासन ने लोगों को दोपहर 12 से 3 बजे तक घर में ही रहने की सलाह दी है। वहीं, बाहर निकलते समय सिर ढकने, छाता या टोपी का प्रयोग करने व अधिक से अधिक तरल पदार्थ जैसे छाछ, लस्सी, नींबू पानी व आम का पना पीने की अपील की है। ताकि लू से बचा जा सके।

### देर रात फाल्ट सुधार के बाद लौटी आपूर्ति

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** मरहला चौराहा पावर हाउस क्षेत्र में मंगलवार को फाल्ट के कारण करीब एक दर्जन से अधिक घरों में सुबह से ही विद्युत आपूर्ति ठप रही। भीषण गर्मी में बिजली न आने से लोगों को परेशानी हुई और विभाग के प्रति आक्रोश रहा। स्थानीय निवासी सुनील वर्मा ने बताया कि सुबह से बिजली गुल होने पर उन्होंने दो बार फोन कर शिकायत की, इसके बावजूद देरशाम तक फाल्ट ठीक नहीं किया गया। इससे नाराज होकर देररात क्षेत्रीय लोग पावर हाउस पहुंच गए और वहां शिकायत दर्ज कराई। लोगों के विरोध के बाद विभाग हरकत में आया और कर्मियों को भेजकर फाल्ट दुरुस्त कराया। इसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। इस दौरान स्थिति देख पुलिस भी पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। लोगों का आरोप है कि गर्मी में विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**आयोजन** | वृद्धाश्रम में आयोजित विद्युत जनसमस्या निस्तारण कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर किया गया समाधान

# विधायक के विद्युत शिविर, 5 करोड़ से बिजली पोल लगाने की घोषणा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर विधायक पंकज गुप्ता की पहल पर पीडीनगर स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित विद्युत जनसमस्या निस्तारण कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। कैंप में 62 शिकायतें आईं। जिनमें बिल संबंधी 15 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। विधायक ने शेष शिकायतों को 15 दिनों में हल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों के साथ सदर विधायक ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। ट्रांसगंगा सिटी के बंद पड़े 2 फीडरों को जल्द शुरू कर सरोसी क्षेत्र को जोड़ा जाएगा। साथ ही, विधायक ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 5 करोड़ रुपये से उन क्षेत्रों में पोल लगवाने की घोषणा की जहां अभी पोल नहीं हैं। सभी सब स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। साथ ही, स्थानीय जन प्रतिनिधियों प्रधान/सभासद व विभागीय अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनेगा। ताकि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। 1 किलोवाट के कनेक्शन धारकों का बिल बकाया होने पर भी बिना सूचना एक महीने तक


विद्युत शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक पंकज गुप्ता। ● अमृत विचार

कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बैलेंस कम होने पर मैसेज से समय-समय पर सूचना दी जाएगी। फाल्ट को तुरंत ठीक करने के लिए अलग से विशेष टीमें गठित होंगी और रोस्टर की जानकारी पब्लिक व्हाट्सएप ग्रुप पर पहले दी जाएगी। विधायक ने कहा कि लिए गए निर्णयों को एक सप्ताह में अमल में लाया जाए। बैठक में एसई अनिल सिंह, एक्सईएन हिमांशु गौतम, भरत गौतम व अन्य उपखण्ड अधिकारी मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर के झटके से उपभोक्ता हुए परेशान शिविर में जमकर किया गया विरोध

**उन्नाव :** वृद्धाश्रम में लगे विद्युत शिविर में एक उपभोक्ता ने स्मार्ट मीटर के अधिक बिल को लेकर अधिकारियों के सामने कड़ा विरोध किया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में उपभोक्ता विभागीय अफसरों पर लापरवाही का आरोप लगाता दिख रहा है। उसका कहना है कि पुराने मीटर के समय उसका मासिक बिल औसतन 800 से 1200 रुपये आता था। लेकिन जब से स्मार्ट मीटर लगा है तब से बिल अचानक बढ़कर 4 से 5 हजार आ रहा है। आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ गया है। शिविर में मौजूद लोग इस विरोध का समर्थन करते दिखे।



अच्छे बनो, नहीं तो अकेले रह जाओगे।
-मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक



## आर्थिक कूटनीतिक सफलता

वैश्विक अर्थव्यवस्था आज संरक्षणवाद, आपूर्ति-श्रृंखला अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता व्यापारिक के साथ रणनीतिक महत्व का भी है। यह इसका संकेत है कि भारत अपनी आर्थिक कूटनीति को नए आयाम दे रहा है। महज नौ महीनों में व्यापक वार्ताओं का निष्कर्ष समझौते के बतौर निकलना इस बात का प्रमाण है कि नई दिल्ली अब 'धीमी बातचीत' की पुरानी छवि से बाहर निकलकर निर्णायक और तेज़ व्यापारिक साझेदार बनना चाहती है। यह समझौता इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह भारत की हिंद-प्रशांत रणनीति को आर्थिक आधार देता है, जहां पश्चिमी बाजारों में ऊंचे शुल्क और गैर-टैरिफ बाधाएं भारतीय निर्यात को सीमित करती रही हैं, वहीं न्यूजीलैंड के साथ 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय उत्पादों के लिए एक नया द्वार खोल सकती है।

वर्तमान में दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 1.5 अरब डॉलर के आसपास है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 49 फीसद की वृद्धि के बावजूद दोनों देश के बाजारों के आकार के लिहाज से कम ही है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में इसे पांच अरब डॉलर और 15 साल में 20 अरब डॉलर निवेश तक ले जाना अति महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, पर क्रियान्वयन प्रभावी हो तो असंभव भी नहीं है। भारतीय निर्यातकों के लिए यह समझौता खास है। फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, आईटी सेवाएं और कृषि-प्रसंस्कृत उत्पादों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी तो सेवा क्षेत्र—विशेषकर आईटी, शिक्षा और पेशेवर सेवाओं में अस्थायी वीजा प्रावधान भारतीय युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकते हैं। यह न केवल निर्यात बढ़ाएगा, बल्कि रोजगार सृजन को भी गति देगा, हालांकि चुनौतियां भी हैं। डेयरी और बागबानी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में घरेलू उत्पादकों की चिंता स्वाभाविक है, क्योंकि न्यूजीलैंड की डेयरी प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अत्यंत मजबूत है। ऐसे में समझौते में संतुलन बनाना, जैसे- चरणबद्ध बाजार खोलना या कोटा प्रणाली लागू करना आवश्यक होगा। यही संतुलन इस समझौते की सफलता की कसौटी बनेगा। गैर-टैरिफ बाधाएं भी बड़ी चुनौती हैं। गुणवत्ता मानक, जैव-सुरक्षा नियम और प्रमाणन प्रक्रियाएं यदि सरल नहीं की गईं, तो न्यूजीलैंड के बाज़ारों में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच का वास्तविक लाभ सीमित हो सकता है, इसलिए समझौते पर हस्ताक्षर होना ही पर्याप्त नहीं, लॉजिस्टिक्स, मानकीकरण और व्यापार सुगमता में ठोस सुधार जरूरी हैं। न्यूजीलैंड के कृषि समूहों की संवेदनशीलता को देखते हुए उनकी आंतरिक राजनीति इस समझौते को प्रभावित हो सकती है, परंतु दोनों देशों के साझा हित—स्थिर आपूर्ति-श्रृंखला, विश्वसनीय साझेदारी और चीन पर निर्भरता में संतुलन इस समझौते को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रेरणा प्रदान करते हैं।

यह समझौता भारत के लिए पारंपरिक बाजारों से आगे बढ़कर नए, स्थिर और भरोसेमंद साझेदार तलाशने हेतु 'विविधीकरण की रणनीति' का हिस्सा है। यदि इसे सही ढंग से लागू किया गया, तो यह न केवल व्यापारिक आंकड़ों को बढ़ा असमानता दूर करेगा, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को भी सुदृढ़ करेगा।

## जिंदगी, जेब और भविष्य पर भारी पड़ेगा जल संकट





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

शहरों में पानी अब सहज उपलब्ध संसाधन नहीं रहा। सुबह-शाम पानी आने का समय तय है और उसके बीच का पूरा दिन मैनेजमेंट में गुजरता है। कई जगहों पर लोग टैंकर के भरोसे हैं। यानी पानी अब बाजार में बिकने वाली चीज बन चुका है।

पानी अब सिर्फ प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य, खेती, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता की धुरी है और यही धुरी तेजी से कमजोर पड़ रही है। विडंबना यह है कि हम नहीं समझ पा रहे हैं कि पानी का संकट अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं रहा, बल्कि हमारे समय का सबसे बड़ा सामाजिक, आर्थिक और मानवीय संकट बन चुका है। यह संकट उस बुनियादी संसाधन से जुड़ा है, जिसके बिना सभ्यता, विकास और जीवन की कल्पना ही संभव नहीं।

आज जल संकट की कहानी केवल सूखते तालाबों, घटते भूजल स्तर या कम होती बारिश तक सीमित नहीं है। यह उस परिवार की कहानी है, जो नल के निर्धारित समय का इंतजार करता है, उस किसान की कहानी है, जिसकी पूरी फसल बारिश और सिंचाई पर निर्भर है और उस शहर की कहानी है, जहां पानी अब अधिकार नहीं, बल्कि खरीदी जाने वाली सेवा बनता जा रहा है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि यह संकट अचानक नहीं आया। यह धीरे-धीरे हमारे जीवन में समाता गया और अब हमारी दिनचर्या, बजट, स्वास्थ्य और भविष्य सभी को प्रभावित कर रहा है।

शहरों में पानी अब सहज उपलब्ध संसाधन नहीं रहा। सुबह-शाम पानी आने का समय तय है और उसके बीच का पूरा दिन उसी की योजना बनाने में गुजरता है। कई इलाकों में लोग टैंकरों पर निर्भर हैं, यानी पानी अब बाजार में बिकने वाला उत्पाद बन चुका है। एक मध्यमवर्गीय परिवार हर महीने हजारों रुपये केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में खर्च कर रहा है। यह बदलाव खामोशी से हुआ, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम बेहद गंभीर हैं, क्योंकि जब पानी बाजार का हिस्सा बनता है, तो समानता खत्म होने लगती है। पानी का निजीकरण धीरे-धीरे सामाजिक विभाजन को और गहरा कर रहा है, जहां भुगतान करने की क्षमता ही उपलब्धता तय करने लगी है।

जब सब्जियां महंगी होती हैं, तो चर्चा अक्सर पेट्रोल, डीजल या सप्लाई चेन तक सीमित रह जाती है, जबकि असली कारण कई बार पानी होता है। कम बारिश, गिरता भूजल स्तर और महंगी सिंचाई खेती की लागत बढ़ा रहे हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की थाली पर पड़ता है। यानी जल संकट केवल प्यास का संकट नहीं, बल्कि महंगाई का भी बड़ा कारक बन चुका है। आने वाले वर्षों में खाद्य सुरक्षा पर इसका असर और अधिक स्पष्ट दिखाई देगा।

पानी की उपलब्धता जितनी बड़ी समस्या है, उससे कहीं अधिक गंभीर चुनौती उसकी गुणवत्ता है। देश के अनेक हिस्सों में लोग वही पानी पी रहे हैं, जो उनकी बीमारियों का कारण बन रहा है। डायरिया, टाइफाइड, फ्लोराइड और आर्सेनिक जैसी समस्याएं लाखों लोगों की जिंदगी प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह है कि क्या 'हर घर जल' केवल पाइपलाइन पहुंचाने तक सीमित है, या उसमें सुरक्षित और शुद्ध पानी भी शामिल है? केवल पहुंच नहीं, गुणवत्ता भी नीति का केंद्र बननी चाहिए।

जल संकट का सबसे बड़ा और अक्सर अदृश्य भार महिलाएं और बच्चे उठाते हैं। गांवों और बस्तियों में आज भी पानी लाने की जिम्मेदारी मुख्यतः महिलाओं पर है। कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाना उनके दैनिक जीवन का हिस्सा है। इसका असर बच्चों, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर पड़ता है, क्योंकि पानी लाने की जिम्मेदारी उनके स्कूल समय को निगल जाती है। इस तरह जल संकट सामाजिक असमानता को और गहरा करता है।

एक ओर शहरों में स्विमिंग पूल, कार वॉश और सजावटी फव्वारों के लिए पानी उपलब्ध है, तो दूसरी ओर गांवों और झुग्गी बस्तियों में पीने के पानी के लिए संघर्ष हो रहा है। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं की भी है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो पानी भविष्य में सामाजिक संघर्ष और अस्थिरता का बड़ा कारण बन सकता है। जल असमानता सामाजिक असंतोष को जन्म देती है और धीरे-धीरे व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ाती है।

पानी अब प्राकृतिक संसाधन भर नहीं, बल्कि राजनीतिक मुद्दा भी बन चुका है। चुनावों में मुफ्त पानी के वादे होते हैं, लेकिन दीर्घकालिक जल प्रबंधन पर गंभीरता कम दिखाई देती है। राज्यों के बीच नदी जल विवाद बढ़ रहे हैं। शहरों में अव्यवस्थित शहरीकरण और गांवों में जल संरचनाओं की उपेक्षा ने स्थिति को और जटिल बनाया है। स्पष्ट है कि समस्या केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि उसके प्रबंधन की विफलता भी है।

जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता को और अनिश्चित बना दिया है। कहीं अचानक बाढ़ आती है, तो कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ता है। यह असंतुलन खेती, शहरों, उद्योगों और पूरी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। अब जल संकट केवल 'कम पानी' का नहीं, बल्कि 'अनिश्चित पानी' का बन चुका है। मौसम की यह अनिश्चितता भविष्य की जल योजनाओं को और कठिन बना रही है। जल संकट का समाधान केवल सरकारों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यह सामूहिक जिम्मेदारी है। घरों में पानी बचाने की आदत, वर्षा जल संचयन, स्थानीय जल स्रोतों का पुनर्जीवन, अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और खेती में माइक्रो-इरिगेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का विस्तार— ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। सबसे जरूरी है पानी को असीमित संसाधन मानने की मानसिकता बदलना।

जल संकट की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह धीरे-धीरे बढ़ता है, इसलिए इसकी गंभीरता देर से समझ आती है। पानी केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि जीवन का सबसे बुनियादी संकट बन चुका है। यदि आज पानी को राष्ट्रीय और व्यक्तिगत प्राथमिकता नहीं बनाया गया, तो आने वाले वर्षों में यह केवल समस्या नहीं रहेगा, यह संघर्ष का कारण बनेगा, घर-घर में, शहर-शहर में और देशों के बीच भी। पानी बचाना अब पर्यावरण प्रेम नहीं, अस्तित्व की अनिवार्यता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने



सपा पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। भाजपा पीडीए समाज को न्याय दिलाने से रोकना चाहती है। महिला सुरक्षा पर भाजपा सरकार के दावे खोखले हैं। सरकार ने असली पत्थरबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

-अखिलेश यादव
सपा अध्यक्ष

### सामने

समाजवादी पार्टी की गिद्ध नजर हमेशा ऐसे मामलों पर रहती है, जहां से राजनीतिक फायदा लिया जा सके। सपा का मकसद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज में तनाव पैदा कर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करना है।

-अनिल राजभर
मंत्री, उत्तर प्रदेश



## स्वच्छ हरित- बड़ा मंगल अभियान



नुसरत जहां
एजीए, लखनऊ हाईकोर्ट

ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को हर मजहब के लोग चाहे अमीर हों या गरीब, पूरी श्रद्धा से लाइन में लगकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

उत्तर प्रदेश की राजधानी जिसे 'तहजीब का शहर' कहा जाता है, अपनी संस्कृति, चिकनकारी कढ़ाई, लजीज खानपान और ऐतिहासिक इमारतों के लिए प्रसिद्ध है। यही नहीं गोमती नदी किनारे बसे शहर में ज्येष्ठ माह की चिलचिलाती गर्मी एवं धूप में हनुमान भक्त हर बड़े मंगल को जगह-जगह बड़ी संख्या में भंडारों का आयोजन होता है। कहा जाता है कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को हर मजहब के, चाहे अमीर हों या गरीब, पूरी श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण करते हैं। यहां गंगा-जमुनी तहजीब लखनऊ को पूरे विश्व में खास बनाती है।

हर्ष की बात है कि इस साल 2026 को बड़े मंगल बहुत ही विशेष रहने वाले हैं, क्योंकि इस वर्ष ज्येष्ठ माह में चार नहीं, बल्कि पांच बड़े मंगल पड़ेंगे। यह दुर्लभ संयोग 19 साल बाद बन रहा है। 2026 में बड़े मंगल की तारीखें (8 मंगल) पांच मई से 23 जून तक हैं। दूसरे, जो इसे खास बनाती है, वह यह है कि इस धार्मिक परंपरा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की दिशा में 'लोक भारती' ने 'हरित बड़ा मंगल अभियान' की शुरुआत की है। इस पहल के तहत बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित होने वाले भंडारों को पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया है।

बड़ा मंगल की परंपरा को स्वच्छता, हरित सोच, सामाजिक सहभागिता से जोड़ते हुए इस बार भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का भी प्रयोग पूरी तरह से त्याग करने का संकल्प लिया गया है। भंडारों में पत्तल, बांस आदि जैविक एवं कंपोस्ट योग्य सामग्री का प्रयोग होगा। आयोजकों के कचरा प्रबंधन, कूड़ा वर्गीकरण एवं पुनर्चक्रण के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वच्छता टीम एवं पर्यावरण मित्र समूह का गठन होगा।

स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल भंडारे आयोजित करना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है, ताकि धार्मिक परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचे। राजधानी लखनऊ में बड़े मंगल की अपनी अलग महत्ता है। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल में लखनऊ के हर मंदिर में रौनक एवं जगह-जगह भंडारों का आयोजन होता है। इस दिन हनुमान जी की विशेष रूप से पूजा की जाती है। मान्यता है कि इसी माह में हनुमान जी की पहली मुलाकात भगवान राम से हुई थी।

मंदिर का पौराणिक उल्लेखः भगवान श्रीराम के कहने पर लक्ष्मण जी, माता सीता को अयोध्या से महर्षि वाल्मिकी के आश्रम लेकर जा रहे थे, रास्ते में लक्ष्मणपुरी नगरी पड़ी। लक्ष्मण टीले पर लक्ष्मण जी रुके, सीताजी ने यहीं विश्राम किया था। यहां रक्षा के लिए स्वयं बजरंगबली मौजूद रहे। तभी से इस जगह पर हनुमान रक्षक बनकर विराजमान हैं।

पुराना हनुमान मंदिर के मुख्य महंत गोपाल दास जी महाराज ने बताया कि लखनऊ में एक महामारी फैली थी, बड़ी संख्या में लोग उसकी चपेट में आने लगे। लोगों ने हनुमान जी से प्रार्थना की। महामारी खत्म हो गई। तभी से ज्येष्ठ महीने के मंगल को हनुमान जी का प्रसाद वितरण होने लगा।

लखनऊ नामा में भी मंदिर का जिक्रः डॉ. योगेश प्रवीण लखनऊ नामा में लिखते हैं कि गोमती के उस पार हनुमान के दो प्राचीन मंदिर हैं, जिस मंदिर को आज मुख्य मंदिर का महत्व दिया जाता है, वो इत्र व्यापारी लाला जाटमल ने 1783 ई. में बनाया था।

यह मंदिर महंत खासाराम के अनुरोध पर तैयार किया गया था। योगेश प्रवीण आगे लिखते हैं कि लखनऊ के अलीगंज में दूसरा हनुमान मंदिर है, जिसे सआदत अली खां की मां आलिया बेगम ने बनवाया था। आलिया रैकबार ठाकुर घराने की थीं।

बड़े मंगल के अवसर पर नवाब वाजिद अली शाह एक ब्रह्मभोज का आयोजन करते थे। बेगमों की तरफ से बंदरों को चना खिलाया जाता था। लगभग 400 वर्ष पहले प्रारंभ हुई यह धार्मिक परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा भाव से लगातार हर वर्ष मनाई जाती है। शहर की हर सड़क, मोहल्ले और मुख्य चौराहों पर लगभग 300–400 से अधिक भंडारे आयोजित होते हैं। भक्तों की मान्यता है कि हनुमान जी संकट मोचन हैं। वे सभी के कष्ट हरते हैं।

राम भक्त श्री हनुमान जी की सबसे बड़ी सेवा प्यासे को पानी और भूखे को भोजन देना है। यही हमारा धर्म भी सिखाता है। बड़े मंगल पर स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल भंडारों का आयोजन करने में हम सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि धार्मिक परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचे।

Email:nusratfahad8@gmail.com

### प्रसंगवश

## नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है।

नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र, जो लगभग दो हजार वर्ष पूर्व रचित एक विश्वप्रसिद्ध ग्रंथ है, भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है।

भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी और सत्रिया, न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। इनमें नौ रसों का विशेष महत्व है, श्रृंगार, वीर, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक, वीभत्स, अद्भुत और शांत। एक सिद्ध नर्तक या नर्तकी अपने अभिनय द्वारा दर्शकों को इन रसों की अनुभूति कराता है और उन्हें एक आत्मिक यात्रा पर ले जाता है। भारतीय लोक नृत्य समृद्ध और विविधतापूर्ण हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पृथ्वीराज कपूर और शंकर

उन दिनों पृथ्वीराज कपूर शकुंतला नाम का अपना एक नाटक शुरू करने की तैयारी कर रहे थे। एक दिन एक लड़का उनसे मिला। पृथ्वीराज कपूर ने लड़के से पूछा कि तुम क्या करते हो? लड़के ने जवाब दिया कि मैं तबला बजा लेता हूं। हारमोनियम भी बजा लेता हूं। डांस भी कर लेता हूं और कभी-कभार नाटकों में इक्के-दुक्के डायलॉग्स भी स्टेज पर बोल चुका हूं। उन्होंने लड़के से दादर आने के लिए कहा। दादर में एक जगह थी, जहां अक्सर नाटकों रिहर्सलें चला करती थी।



रंजन शर्मा
रिटायर्ड ऑफिसर

वो लड़का दादर पहुंच गया। ये पूरा घटनाक्रम 1940 के आस-पास का है। पृथ्वीराज कपूर ने उस लड़के से कहा कि तबला बजाकर सुनाओ। लड़के ने तबला बजाया कि जिसने भी सुना वो सुनता रह गया। पृथ्वीराज कपूर ने एलान कर दिया कि अब से ये लड़का पृथ्वी थिएटर का अहम सदस्य होगा। उस लड़के का नाम था शंकर सिंह रघुवंशी। वही जो आगे चलकर शंकर-जयकिशन की ज़बरदस्त संगीतकार जोड़ी में से एक था।

शंकर जी की जयकिशन जी संग जोड़ी कैसे बनी थी। जयकिशन दयाभाई पांचाल गुजरात से मुंबई करियर बनाने के इरादे से आए थे। वो हारमोनियम के उस्ताद थे। जयकिशन जी ने एक फैक्ट्री में टाइम कीपर की नौकरी शुरू कर दी। फुर्सत के वक्त में वो संगीत जगत में नाम बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। एक दफा गुजराती फिल्मों के उस वक्त के नामी डायरेक्टर चंद्रवर्दन भट्ट के ऑफिस के बाहर जयकिशन जी शंकर जी से मिले। शंकर जी को पता चला कि जयकिशन हारमोनियम बहुत अच्छा बजाते हैं, तो शंकर जी ने उन्हें पृथ्वी थिएटर में बतौर हारमोनियम नवाज़ रखवा दिया। अब पृथ्वी थिएटर के सभी नाटकों में शंकर जी तबला बजाते थे और जयकिशन जी हारमोनियम बजाते थे।

राज कपूर ने शंकर जयकिशन को आग के म्यूज़िक डायरेक्टर राम गांगुली का सहयोगी बनने का ऑफर दिया। इन दोनों ने राम गांगुली के गाइडेंस में आग के म्यूज़िक पर काम किया। राज कपूर शंकर जी से बड़े प्रभावित हुए। राज कपूर ने अपनी नेक्स्ट फिल्म बरसात अनाउंस की तो उसमें म्यूज़िक कंपोज़ करने का काम उन्होंने शंकर जी को दिया। उन्होंने जयकिशन जी को भी अपने साथ जोड़ लिया। इस तरह से शंकर-जयकिशन की जोड़ी बनी।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## शहरी विकास के बीच स्लम बस्ती की हकीकत

देश भर की स्लम बस्तियों की स्थिति पर नज़र डालें, तो यह समस्या केवल एक बस्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में व्यापक रूप से फैली हुई है। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 6.55 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते थे, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 5.41 प्रतिशत है। देश के दो हजार से अधिक शहरों और कस्बों में लगभग 1.39 करोड़ स्लम परिवार निवास करते हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 तक भारत में लगभग 20.9 करोड़ लोग स्लम क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं। यह संख्या दर्शाती है कि शहरीकरण के साथ-साथ स्लम बस्तियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत देता है कि देश में शहरी गरीबों की संख्या और उनकी समस्याएं गंभीर होती जा रही हैं।

स्लम बस्तियों में सुविधाओं की कमी का मुख्य कारण तेजी से हो रहा शहरीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार की तलाश में होने वाला पलायन है। शहरों में उद्योग, निर्माण कार्य और सेवा क्षेत्र में काम की तलाश में लोग आते हैं, लेकिन उनके लिए पर्याप्त सस्ते आवास उपलब्ध नहीं होते। परिणामस्वरूप वे शहर के किनारों पर अस्थाई बस्तियां बसाने को मजबूर हो जाते हैं। इन बस्तियों में रहने वाले लोग शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, फिर भी उन्हें आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पातीं।



निरमा कुमारी रैगर
एक्टिविस्ट

ऐसी बस्तियों की स्थिति में सुधार के लिए कई ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, सरकार और स्थानीय प्रशासन को इन बस्तियों में स्वच्छ पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रत्येक गली में पक्की नालियां और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, ताकि गंदगी और बीमारियों को रोका जा सके। सामुदायिक स्नानघर और शौचालयों का निर्माण भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही, बस्ती में आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। इससे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और पौष्टिक आहार मिल सकेगा, साथ ही गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को आवश्यक पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

रोजगार के क्षेत्र में भी सुधार की आवश्यकता है। ऐसी बस्ती के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि वे बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें और उनकी आय में वृद्धि हो सके। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। साथ ही शहरी आवास योजनाओं जैसे किफायती आवास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि स्लम बस्तियों के निवासियों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

वास्तव में, किसी शहर का विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसमें रहने वाले और उसके विकास में योगदान देने वाले सभी नागरिकों को समान अवसर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसलिए आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर इन बस्तियों के विकास के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाएं, ताकि शहर का हर कोना विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। यदि ऐसी बस्तियों की समस्याओं को समय रहते दूर नहीं किया गया, तो यह न केवल सामाजिक असमानता को बढ़ाएगा, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को भी गंभीर बना देगा।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

विश्व नृत्य दिवस आज

# नृत्य : मन के भावों का अभिनीत गीत



नृत्य मनुष्य के उल्लास का प्रत्यक्ष भावात्मक प्रदर्शन है। जब मन उल्लास से भर उठता है, तो शारीरिक चेष्टाएं उसकी अभिव्यक्ति नृत्य के रूप में करती हैं। इस प्रकार नृत्य मन के भावों का अभिनीत गीत है। यदि सूक्ष्मता से देखें तो प्रकृति का हर तत्व खुशी में नृत्य करता जान पड़ता है। बरसते पानी में महकती धरती पर सिर्फ मोर ही नहीं नाचते, पेड़ों की डालियां भी वर्षा की बूंदों के साथ झूमती नजर आती हैं। प्रकृति से इतर अपनी सभ्यता और संस्कृति के विकास क्रम में मनुष्य ने नृत्य की लय और गति को विभिन्न शैलियों में बांधकर नृत्य के अनेक प्रकारों को सृजित किया है। भारत में बहुल सांस्कृतिक विविधता में विभिन्न नृत्य शैलियां विकसित हुईं हैं। इन नृत्य शैलियों को शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य की दो श्रेणियों में रख सकते हैं। यह दोनों ही शैलियां भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक जीवन के जीवंत प्रतीक हैं।



डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री
निदेशक, रुहेलखंड शोध संस्थान, शाहजहांपुर

भारत में लोक नृत्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन, विविधतापूर्ण और जीवंत रही है, जो देश की सांस्कृतिक बहुलता का सशक्त प्रतीक है। यह परंपरा विभिन्न क्षेत्रों, जातीय समूहों और सामाजिक समुदायों के जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। भारत के प्रत्येक प्रदेश- जैसे पंजाब, राजस्थान, गुजरात और असम की अपनी विशिष्ट लोकनृत्य शैलियां हैं, जो वहां की भौगोलिक, ऐतिहासिक और सामाजिक परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। लोक नृत्यों का उद्भव मुख्यतः कृषि-आधारित समाज से हुआ, जहां फसल कटाई, वर्षा, विवाह और धार्मिक उत्सवों के अवसर पर सामूहिक रूप से नृत्य किया जाता था।

उदाहरण के लिए, पंजाब का भांगड़ा फसल की खुशी का प्रतीक है, जबकि गुजरात का गरबा देवी-उपासना से जुड़ा हुआ है। इन नृत्यों में स्थानीय लोकगीत, वाद्य यंत्र और पारंपरिक वेशभूषा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। आधुनिक समय में भी लोक नृत्य अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं और सांस्कृतिक उत्सवों व मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से इन्हें नया आयाम मिला है।



## कथक नृत्य

कथक भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं में एक प्रमुख और विकसित शैली है, जिसकी ऐतिहासिक जड़ें प्राचीन कथावाचन परंपरा से जुड़ी हैं। 'कथक' शब्द 'कथा' से बना है और प्रारंभ में कथक वे कलाकार थे, जो मंदिरों और जनसभाओं में धार्मिक कथाएं प्रस्तुत करते थे। यह शैली उत्तर भारत, विशेषतः उत्तर प्रदेश में विकसित हुई तथा लखनऊ और जयपुर घरानों के माध्यम से समृद्ध हुई। इसके विकास को तीन चरणों में देखा जा सकता है- मंदिर परंपरा, दरबारी प्रभाव और आधुनिक मंचीय स्वरूप। भक्ति काल में इसमें कृष्ण लीलाओं का वर्णन प्रमुख रहा, जबकि मुगल काल में इसमें नजाकत, श्रृंगार और तकनीकी जटिलता का समावेश हुआ। कथक की विशेषता उसकी भाव-भंगिमा, 'अभिनय', तेज 'तत्कार' और घूमरदार 'चक्कर' हैं, जो इसे विशिष्ट बनाते हैं।



## लिल्ली घोड़ी

लिल्ली घोड़ी या कठ घोड़वा नृत्य उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण अंचलों में प्रचलित एक पारंपरिक लोकनृत्य है। यह नृत्य विवाह, मेलों और उत्सवों में प्रस्तुत किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से इसका संबंध वीरता और घुड़सवारी की परंपरा से है। नर्तक लकड़ी या बांस से बने कृत्रिम घोड़े को कमर में बांधकर रंग-बिरंगे वस्त्रों में नृत्य करते हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो वे घोड़े पर सवार हों। यह नृत्य मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक संदेशों का भी माध्यम रहा है।



## कजरी

कजरी भारतीय लोकसंगीत की एक भावप्रधान शैली है, जिसका उद्गम उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और वाराणसी क्षेत्र में माना जाता है। सावन-भादों की वर्षा ऋतु में गाए जाने वाले कजरी गीत विरह, प्रेम और प्रकृति के सौंदर्य को अभिव्यक्त करते हैं। जब इन गीतों के साथ नृत्य किया जाता है, तो यह एक संपूर्ण सांस्कृतिक अनुभव बन जाता है। स्त्रियां समूह में झूला झूलते हुए या आंगन में गोल घेरा बनाकर कजरी गाती और नृत्य करती हैं। यह शैली ग्रामीण जीवन की सहज अभिव्यक्ति है, जिसमें भाव और लय का सुंदर संतुलन दिखाई देता है।





## मयूर नृत्य

मयूर नृत्य भारतीय लोक और शास्त्रीय परंपराओं का एक मनोहारी रूप है, जो विशेष रूप से ब्रज क्षेत्र में प्रचलित है। इसका संबंध कृष्ण की लीलाओं और प्रकृति-प्रेम से जोड़ा जाता है। वर्षा ऋतु में मोर के नृत्य से प्रेरित होकर यह शैली विकसित हुई। कलाकार मोर के पंखों से सुसज्जित वेशभूषा पहनकर उसकी चाल और मुद्राओं का अनुकरण करते हैं। बांसुरी, ढोलक और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लयात्मकता को और अधिक आकर्षक बनाते हैं।

## जोगिनी नृत्य

जोगिनी नृत्य उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्र की लोकसंस्कृति का एक आध्यात्मिक रूप है। यह देवी-उपासना और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ा हुआ है। इस नृत्य में नर्तक भावावेश में आकर नृत्य करते हैं, जिससे दैवीय अनुभूति का संचार होता है। ढोल, दमाऊ और रणसिंघा जैसे वाद्य यंत्र इसकी ऊर्जा को बढ़ाते हैं। इस प्रकार भारत के लोक नृत्य न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि वे देश की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक जीवन और ऐतिहासिक परंपराओं का सजीव प्रतिबिंब भी प्रस्तुत करते हैं।

## पाय डंडा

पाय डंडा नृत्य उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रचलित एक ऊर्जावान लोकनृत्य है। यह नृत्य मुख्यतः फसल कटाई, मेलों और धार्मिक अवसरों पर किया जाता है। इसमें डंडों का तालबद्ध टकराव वीरता और समन्वय का प्रतीक होता है। इसका संबंध प्राचीन युद्धाभ्यास और शारीरिक कौशल से भी जोड़ा जाता है।

## छपेली

छपेली नृत्य उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र का एक लोकप्रिय लोकनृत्य है, जो वसंत ऋतु और होली जैसे उत्सवों पर किया जाता है। इसमें स्त्री-पुरुष युगल के रूप में भाग लेते हैं और लोकगीतों की धुन पर संवादात्मक शैली में नृत्य करते हैं। इसमें श्रृंगार, हास्य और सामाजिक जीवन के विविध रंग दिखाई देते हैं। हुड़का और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लय को सजीव बनाते हैं।



## नौटंकी

नौटंकी उत्तर भारत की एक लोकप्रिय लोकनाट्य परंपरा है, जिसमें संगीत, गायन, संवाद और नृत्य का समन्वय होता है। इसका विकास विशेषतः उत्तर प्रदेश में हुआ। नौटंकी में नृत्य कथा-वाचन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें कथक की छाप स्पष्ट दिखाई देती है, विशेषकर चक्कर और भाव-भंगिमा में। ढोलक, नगाड़ा और हारमोनियम की ताल पर कलाकार नृत्य करते हुए कथा को जीवंत बनाते हैं। नौटंकी में सम्मिलित नृत्य स्वरूप विविध लोक और शास्त्रीय शैलियों से प्रभावित होते हैं। इनमें कथक की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, विशेषकर उसकी घूमरदार चाल, चक्कर और भाव-भंगिमा में। इसके साथ ही लोकनृत्य की सरलता और सहजता भी इसमें समाहित रहती है, जिससे यह आम जनमानस के लिए अधिक ग्राह्य बन जाता है। नौटंकी के नृत्य में अभिनय (अभिनयात्मक नृत्य) का विशेष स्थान होता है। कलाकार गीतों और संवादों के बीच नृत्य करते हुए कथा के भावों को अभिव्यक्त करते हैं। स्त्री पात्रों की भूमिका, चाहे पुरुष कलाकार निभाएं या स्त्रियां, उसमें लयात्मकता और नज़ाकत का समावेश होता है। नृत्य की गतियां अधिक जटिल न होकर दर्शकों के साथ संवाद स्थापित करने वाली होती हैं।

आर्ट गैलरी

# सहयोग और जीवन की यात्रा दर्शाती पेंटिंग



यह पेंटिंग आधुनिक शैली की एक प्रभावशाली रचना है, जिसमें मानव जीवन, श्रम और सामाजिक संबंधों को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाया गया है। चित्र में कई मानव आकृतियां दिखाई देती हैं, जिन्हें ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, त्रिभुज और आयत के माध्यम से उकेरा गया है। यह शैली चित्र को अमूर्तता प्रदान करती है और दर्शक को गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करती है। चित्र के केंद्र में कुछ महिलाएं और पुरुष दिखाई देते हैं, जो अपने-अपने कार्यों में लगे हुए हैं। किसी के हाथ में घड़ा है, तो कोई सहारा देता हुआ प्रतीत होता है। यह सामूहिकता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

आकृतियों के झुके हुए चेहरे और सरल भाव जीवन की गंभीरता, संघर्ष और संवेदनशीलता को व्यक्त करते हैं। रंगों का प्रयोग भी बहुत सूक्ष्म और संतुलित है। हल्के नीले, हरे, भूरे और पीले रंगों का संयोजन शांति और स्थिरता का वातावरण बनाता है। पृष्ठभूमि का हरा रंग प्रकृति और जीवन का प्रतीक है, जबकि धूसर रंग मानव जीवन की कठिनाइयों को दर्शाता है। चित्र में रेखाओं और आकृतियों का संतुलन यह दर्शाता है कि कलाकार ने केवल दृश्य नहीं, बल्कि भावनाओं को भी उकेरने का प्रयास किया है। यह पेंटिंग केवल एक दृश्य प्रस्तुत नहीं करती, बल्कि समाज में परस्पर निर्भरता, सहानुभूति और एकता का संदेश देती है। समग्र रूप से यह पेंटिंग दर्शाती है कि जीवन में संघर्ष और कठिनाइयों के बावजूद, मनुष्य आपसी सहयोग और समझ के माध्यम से आगे बढ़ता है। कलाकार ने अपनी अनूठी शैली के माध्यम से साधारण जीवन को असाधारण अर्थ प्रदान किया है, जो इस कृति को विशेष बनाता है।

### नीरज के बारे में



नीरज गोस्वामी भारत के एक प्रसिद्ध समकालीन चित्रकार और मूर्तिकार हैं, जिन्होंने अपनी अनूठी कला शैली से विशेष पहचान बनाई है। वे विशेष रूप से तेल रंगों के कुशल प्रयोग के लिए जाने जाते हैं, जिनसे उनकी पेंटिंग्स में अद्भुत चमक और जीवंतता दिखाई देती है। उनकी कलाकृतियों में आधुनिकता और भावनात्मक गहराई का सुंदर समन्वय मिलता है। नीरज गोस्वामी की रचनाएं दर्शकों को आकर्षित करने के साथ-साथ विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने भारतीय कला जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अपनी सृजनशीलता के माध्यम से कला को नई दिशा प्रदान की है। वे सेलेडॉन पोर्सिलेन और ओनिक्स स्टायरेशन के रंगों का उपयोग करते हैं, जिससे उनके कैनवस में एक सौम्य चमक और अद्वितीय रंग संयोजन समाहित हो जाता है। नीरज की पेंटिंग्स कीमती पत्थरों से मिलती-जुलती होने के लिए जानी जाती हैं, जिनमें एक ऐसी पारदर्शिता दिखाई देती है, जो कला जगत में शायद ही कभी देखने को मिलती है। वे अपनी कलाकृतियों में एक उल्लेखनीय दीप्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे एक विशिष्ट और चमकदार गुणवत्ता के साथ अलग दिखती हैं। तेल रंगों पर अपनी महारत और रंगों के अनूठे संयोजन के माध्यम से, नीरज गोस्वामी पारंपरिक सीमाओं को पार करते हुए ऐसी कलाकृतियां बनाते हैं, जो अपनी चमक और दीप्ति से मंत्रमुग्ध कर देती हैं।

अनोखी परंपरा

# नेपाल के न्यिनबा समुदाय में आज भी प्रचलित है 'पांचाली' प्रथा

हिमालय की ऊंची वादियों में स्थित नेपाल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ कुछ अनोखी और कम ज्ञात परंपराओं के लिए भी पहचाना जाता है। इन्हीं में से एक है 'पांचाली' प्रथा, जिसे भ्रातृ बहुपतित्व कहा जाता है। यह परंपरा महाभारत की द्रौपदी की कथा की याद दिलाती है और आज भी नेपाल के सुदूर हुमला जिले में रहने वाले न्यिनबा समुदाय के बीच प्रचलित है। इस प्रथा के अनुसार, एक ही महिला का विवाह परिवार के सभी भाइयों से कराया जाता है। आधुनिक समाज में यह व्यवस्था असामान्य लग सकती है, लेकिन इसके पीछे गहरे सामाजिक और आर्थिक कारण निहित हैं।

हुमला जिले के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में बसे न्यिनबा लोग अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करते हैं। समुद्र तल से ऊंचाई पर स्थित इन गांवों में खेती सीमित है और संसाधन बहुत कम हैं। ऐसे में परिवार की जमीन का बंटवारा उनके लिए बड़ी समस्या बन सकता है। यदि प्रत्येक भाई अलग विवाह करे, तो जमीन छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाएगी, जिससे उत्पादन घटेगा और आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। इस समस्या से बचने के लिए सभी भाइयों की शादी एक ही महिला से कर दी जाती है, जिससे संपत्ति संयुक्त रहती है और परिवार आर्थिक रूप से स्थिर बना रहता है।

इस व्यवस्था में विवाह सामान्यतः बड़े भाई से होता है, जो परिवार का मुखिया भी होता है। विवाह के बाद महिला सभी भाइयों की पत्नी मानी जाती है और परिवार सामूहिक रूप से जीवन जीता है। घर और आजीविका से जुड़े निर्णय बड़े भाई द्वारा लिए जाते हैं, जबकि अन्य सदस्य भी समान रूप से जिम्मेदारियां निभाते हैं। बच्चों को किसी एक पिता से नहीं जोड़ा जाता, बल्कि पूरे परिवार की संतान माना जाता है, जिससे पारिवारिक विवाद की संभावना कम हो जाती है। न्यिनबा समुदाय में महिलाएं घर और खेतों का कार्य संभालती हैं, जबकि पुरुष पशुपालन और व्यापार में लगे रहते हैं। जौ, बाजरा और आलू की खेती तथा नमक और ऊन का व्यापार उनकी आजीविका के मुख्य साधन हैं। हालांकि नेपाल सरकार ने 1963 में इस प्रथा पर कानूनी प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में इसका प्रभाव सीमित रहा है। 1980 के दशक में मानवशास्त्री नैन्सी लेविन ने इस परंपरा का अध्ययन करते हुए इसे केवल सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने की रणनीति बताया। आज भी यह प्रथा वहां के लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।



# बज्जिकांचल की बसेरी कला और कंचन प्रकाश

मानव की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में चित्रांकन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रागैतिहासिक शैलाश्रय चित्र इस बात के सशक्त प्रमाण हैं कि मनुष्य ने अपनी अनुभूतियों, शिकार-जीवन और प्रतीकों को दृश्य रूप में अंकित किया। भाषा, संकेत और मौखिक परंपराओं के समानांतर विकसित होते हुए भी चित्रकला ने सामाजिक-सांस्कृतिक स्मृति के निर्माण में विशिष्ट योगदान दिया। यही परंपरा गुफा-चित्रों से आगे बढ़ते हुए विभिन्न सभ्यताओं में विकसित हुई और आज भी लोकजीवन में जीवित है। भारत के अनेक अंचलों की लोक चित्रकलाएं समकालीन कला परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए हुए हैं। आधुनिकता के विस्तार के बावजूद लोकचित्रों की प्रतीकात्मकता और सामुदायिक ऊर्जा आज भी आकर्षण का केंद्र है।

इसी सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करती प्रदर्शनी 'बज्जिका आर्टः कंचन प्रकाश और संजू देवी के बीच एक संवाद' का उद्घाटन 11 फरवरी 2026 को दिल्ली स्थित चंपा ट्री आर्ट गैलरी में हुआ। यह पहल आईसीसीआर, म्यूजियम ऑफ सेक्रेड आर्ट (MOSA) और गैलरी के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई। चित्रकार कंचन प्रकाश और सुजनी कढ़ाई कलाकार संजू कुमारी को साथ प्रस्तुत करते हुए यह प्रदर्शनी रंग और धागे के बीच संवाद रचती है। कथात्मक कढ़ाई और समानांतर चित्रित रूपों के माध्यम से यह आयोजन स्त्री सृजनशीलता और बज्जिका अंचल की जीवित परंपराओं को सामने लाता है।









सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

बज्जिकांचल की जिस बसेरी (या बंसेरी/देव-सिंगार) लोककला को यहां प्रमुखता दी गई, वह मिथिला या मंजूषा की तरह व्यापक पहचान नहीं पा सकी है। बज्जिका के विद्वान उदय नारायण सिंह के अनुसार बसेरी कला कभी इस अंचल की सांस्कृतिक पहचान थी, जो आधुनिकता की चकाचौंध में धूमिल पड़ रही है। फिर भी कुछ कला अनुरागी इसे जीवित रखे हुए हैं। इस परंपरा को संजोने में चुल्हिया देवी, वासमती देवी, इंदिरा देवी और कृति देवी जैसी महिला कलाकारों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

बसेरी कला मूलतः विवाह-परंपराओं से जुड़ी भित्ति-चित्रकला है। बज्जिकांचल, जिसमें बिहार के मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली जिले शामिल हैं, में यह विश्वास है कि विवाह के समय बांस-पूजन से वंश-वृद्धि और समृद्धि होती है। विवाह से पूर्व 'मटकोर' नामक रस्म के अवसर पर घर की बाहरी दीवारों को गोबर-मिट्टी से लीपकर उन पर बांस, पशु-पक्षी, फूल-पत्तियों और मंगल प्रतीकों का अंकन किया जाता है। कुछ स्थानों पर इस कार्य में नाई जाति की स्त्रियों की भी सहभागिता होती है।

मटकोर बिहार के ग्रामीण हिंदू विवाह संस्कारों की एक प्राचीन रस्म है। विवाह से एक-दो दिन पूर्व महिलाएं तालाब या खेत से मंगलगीत गाते हुए शुद्ध मिट्टी लाती हैं, जिससे मंडप (मड़वा) की वेदी तैयार की जाती है। यह मिट्टी धरती माता के आशीर्वाद, उर्वरता और नवजीवन का प्रतीक मानी जाती है। इसी क्रम में बांस के झुरमुट पर जाकर उसकी पूजा की जाती है। रोली, हल्दी, अक्षत और दीप अर्पित कर बांस देवता से अनुमति ली जाती है, तभी चयनित बांस काटा जाता है। बांस स्थायित्व, लचक और वंश वृद्धि का प्रतीक है।

बसेरी चित्र इन्हीं सांस्कृतिक मान्यताओं से प्रेरित होते हैं। दीवारों पर लंबवत बांस-आकृतियां, पत्तियां, चिड़ियां, लताएं और कभी-कभी सूर्य या कलश जैसे प्रतीक अंकित किए जाते हैं। रंगों में गेरुआ, हरा, पीला और नीला प्रमुख होते हैं। रेखांकन सरल, सजावटी और प्रतीकात्मक होता है। यह स्त्रियों की सामूहिक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है, जो विवाह को प्रकृति और समुदाय से जोड़ती है।

राज्य पुरस्कार और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की सीनियर फेलोशिप से सम्मानित कंचन प्रकाश ने इस दीवार-कला को कागज और कैनवास पर रूपांतरित कर नई पहचान दी है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय से शिक्षित कंचन आधुनिक और समकालीन कला-भाषा से परिचित होते हुए भी अपने अंचल की परंपरा को संरक्षित और संवर्धित करने में सक्रिय हैं। उनके प्रयासों से यह विलुप्तप्राय कला राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुंच रही है।

वस्तुतः बसेरी कला केवल एक लोकचित्र परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति-सम्मान, स्त्री-सृजन और सामुदायिक एकता का जीवंत सांस्कृतिक दस्तावेज है। इसके संरक्षण और संवर्धन के प्रयास निरंतर जारी रहें, यही अपेक्षा है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,886.91 | 23,995.70 |
| गिरावट | 416.72 | 97.00 |
| प्रतिशत में | 0.54 | 0.40 |

सोना 1,54,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,44,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 29 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### इन्फोसिस, एक्सेंचर भारत में करियर के लिए शीर्ष कंपनियां

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस भारत में करियर विकास के लिए शीर्ष कंपनी बनकर उभरी है। इसके बाद एक्सेंचर और अमेजन का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी लिंक्डइन की '2026 शीर्ष कंपनियां' सूची में दी गई है। वार्षिक सूची का यह 10वां संस्करण है, जिसमें 25 बड़ी कंपनियों को शामिल किया गया है। इस सूची में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों, वैश्विक सलाहकार फर्मों और वित्तीय दिग्गजों का दबदबा है। जेपी मॉर्गन चेस और एसएपी ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया है। वर्ष 2026 की इस सूची में दस नई कंपनियों ने प्रवेश किया है।

### मदर डेयरी की 30 नये उत्पादों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नये उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उससे प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जायेगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ये उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं। आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नये उत्पाद ला रहा है।

### विशाखापत्तनम में गूगल डेटा सेंटर का शिलान्यास

**तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्सट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है।

### मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार यह सूचना दी।

# कच्चे तेल में उछाल से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 417 अंक फिसला

## बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में गिरावट से भी नुकसान में रहे सूचकांक

**मुंबई, एजेंसी**

कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। इसके अलावा नियामकीय प्रावधानों के कारण बैंकों के शेयर भी दबाव में रहे।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,257 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,998 कंपनियों में तेजी रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को स्थिर बंद हुए थे। इससे पहले, सोमवार को सेंसेक्स 639.42 अंक चढ़कर 77,303.63 और निफ्टी 194.75 अंक बढ़कर 24,092.70 पर बंद हुआ था।




**ब्रेंट क्रूड 2.97 % उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल**

**नुकसान में रहे शेयर :-** एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा।

### मिडकैप में 0.27 प्रतिशत की गिरावट

बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.27% की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक खंड में सर्वाधिक 2.20 प्रतिशत की सुस्ती रही जबकि बैंकेक्स 1.61 प्रतिशत गिर गया। निजी बैंकों के खंड में 1.23 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 2.97 प्रतिशत उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,151.48 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

### एक्सपर्ट्स की राय

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आरबीआई ने बैंकों के लिए 'प्रत्याशित ऋण ह्रास' (ईसीएल) ढांचे को अप्रैल 2027 से लागू करने को अंतिम रूप दे दिया है। इस बदलाव के कारण निकट अवधि में बैंकों की वित्तीय प्रावधान की जरूरत बढ़ सकती है।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों का 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना, रुपये का 94.5 के ऊपर चले जाना और एफआईआई की लगातार निकासी से भारतीय बाजार पर दबाव बना हुआ है।

**कैपिटल सब्सिडी और एसजीएसटी रिम्बर्समेंट से निवेश लागत में बड़ी राहत**

# गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे उद्योग लगाने पर खर्च होगा कम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) में निवेश करने वाले उद्योगों को एलिजिबल कैपिटल इनवेस्टमेंट (ईसीआई) पर 42% तक कैपिटल सब्सिडी और 100% नेट एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट (ईसीआई के 300% तक) की सुविधा से निवेश लागत में बड़ी राहत दे रही है। आईएमएलसी अब देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में उभर रहे हैं।

सरकार द्वारा दी जा रही बहुस्तरीय सब्सिडी, टैक्स छूट और आसान प्रक्रियाओं ने इसे निवेशकों के लिए 'हाई-इंसेंटिव कॉरिडोर' बना दिया है। सरकार ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। सरकारी भूमि पर 80% तक फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी और 35% तक कैपिटल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।

इसके अलावा, आईएमएलसी में स्थापित इकाइयों को भूमि पंजीकरण पर 100% स्टाम्प ड्यूटी छूट मिलती है, जिससे उद्योग स्थापना आसान और किफायती हो जाती है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ऊर्जा और नवाचार पर विशेष जोर दिया गया है।

एफडीआई और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों को 5 वर्षों तक 100% बिजली शुल्क (इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी) में छूट दी जा रही है। ग्रीन इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए 50% तक (अधिकतम 2.5 करोड़) का इंसेंटिव दिया जा रहा है, जबकि रिसर्च एवं डेवलपमेंट के लिए 10 करोड़ तक का अनुदान उपलब्ध है।




### 'निवेश मित्र' से आसान और पारदर्शी प्रक्रिया

निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल को सशक्त किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर 500 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें भूमि आवंटन, स्वीकृति और इंसेंटिव ट्रैकिंग शामिल है। इससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समय की बचत होती है।

- एफडीआई, भूमि और स्टाम्प ड्यूटी में विशेष रियायतें, पावर, ग्रीन और आरएंडडी इंसेंटिव से इंडस्ट्री को बढ़ावा

### बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

आईएमएलसी में स्थापित उद्योगों को केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के साथ 30% तक अतिरिक्त टॉप-अप दिया जा रहा है। इससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है और बड़े निवेश आकर्षित होते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित ये औद्योगिक क्लस्टर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# निर्यात होगा 25 लाख टन गेहूं, अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को अधिसूचित कर दिया है। केंद्र ने 20 अप्रैल को एक और अच्छी फसल की संभावना के बीच भंडार की आरामदायक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी।

इसके साथ ही अब कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिल गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं की निर्यात नीति प्रतिबंधित बनी रहेगी। हालांकि, अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति है।

इसमें कहा गया कि इसके लिए विस्तृत तौर-तरीकों को एक अलग आदेश के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया कि इसके अलावा 13 मई, 2022 की डीजीएफटी की अधिसूचना में उल्लेखित मौजूदा नीतिगत स्थिति लागू रहेगी, जिसमें भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई अनुमति और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर भी निर्यात की अनुमति दी जाएगी। यह मात्रा उक्त 25 लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति के अतिरिक्त होगी। कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए देश का गेहूं उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान है।



- फसली वर्ष 2025-26 में देश में गेहूं का उत्पादन 12 करोड़ टन रहने का अनुमान

## रुपया 53 पैसे टूटकर 94.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 53 पैसे टूटकर 94.68 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है।

इसके अलावा, विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा है। इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 19 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.35 पर खुला और कारोबार के अंत में यह 94.68 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 53 पैसे की गिरावट है।

# एटीएफ कीमतों पर जल्द राहत दे सरकार

**मुंबई, एजेंसी**

देश की प्रमुख विमानन कंपनियों ने एटीएफ कीमतों की वजह से विमानन उद्योग के 'अत्यधिक दबाव' में होने का जिक्र करते हुए कहा है कि तत्काल राहत नहीं दिए जाने पर संचालन ठप होने की भी स्थिति बन सकती है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नागर विमानन मंत्रालय को पत्र लिखकर विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों, करों में राहत और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए समान मूल्य निर्धारण व्यवस्था की बहाली की मांग की है।

एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट की भागीदारी वाले इस संगठन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जबकि कई क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र पाबंदियों ने परिचालन लागत और बढ़ा दी है। विमानन कंपनियों के कुल परिचालन खर्च का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा एटीएफ का ही होता है। एफआईए ने 26 अप्रैल को लिखे पत्र में कहा कि किसी भी प्रकार के तदर्थ मूल्य निर्धारण (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय के बीच) या एटीएफ की कीमतों में अनुचित वृद्धि से एयरलाइंस को भारी नुकसान होगा और विमान खड़ा करने की नौबत आ सकती है, जिससे उड़ानें रद्द करनी पड़ेंगी।

एयरलाइंस ने एटीएफ पर 11 प्रतिशत उत्पाद शुल्क को अस्थायी रूप से स्थगित करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि ईंधन की बढ़ी कीमतों और रुपये में गिरावट के कारण लागत और अधिक बढ़ गई है। एयरलाइंस संगठन के मुताबिक, सरकार ने पिछले महीने घरेलू उड़ानों के लिए एटीएफ कीमतों में बढ़ोतरी को 15 रुपये प्रति लीटर तक सीमित किया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए कीमतों में 73 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो गई। इससे वैश्विक उड़ानों पर गंभीर असर पड़ा है और अप्रैल में भारी नुकसान हुआ है।


एयरलाइंस ने चेतावनी दी है कि मौजूदा मूल्य ढांचा यदि जारी रहा तो घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों का संचालन असंभव हो जाएगा और उद्योग गंभीर संकट में पहुंच सकता है।



- एयरलाइन संगठन ने पत्र लिखकर सरकार से की मांग

### विस चुनाव बाद नहीं बढ़ेंगी पेट्रोल, डीजल की कीमतें : सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सरकार की पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान समाप्त होने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की अटकलों को खारिज किया। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में रिकॉर्ड चौथे साल भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चा तेल 50 प्रतिशत से अधिक महंगा हो गया है। लागत और बिक्री मूल्य के बीच बढ़ते अंतर के कारण सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। कुछ अनुमानों के अनुसार यह दैनिक नुकसान लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। इसी कारण अटकलें लगाई जा रही थीं कि असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव बुधवार को संपन्न होने के बाद कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी हो सकती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

# निर्वाचन आयोग ने एनआईए से कहा देसी बमों का उपयोग रोका जाए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि शरारती तत्व मतदान में बाधा डालने और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए बमों का इस्तेमाल न कर पाएं।

आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह निर्देश चुनावी राज्य में देसी बमों की बरामदगी और एक हल्के विस्फोट की रिपोर्ट के बाद आया है। राज्य में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था, जबकि दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान बुधवार को होगा।

अधिकारियों ने कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में मतदान के दिन या चुनाव के बाद की हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश तब आया जब पुलिस ने 26 अप्रैल को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक व्यक्ति के घर से बड़ी संख्या में देसी बम बरामद किए, जो बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का कथित कार्यकर्ता है। यह घटना राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से कुछ दिन पहले हुई।

बाद में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने राज्य में 79 देसी बमों की बरामदगी की जांच के लिए एक मामला दर्ज किया।

एनआईए के प्रवक्ता ने बीते रविवार को कहा था कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने आज एक मामला दर्ज किया, जो मूल रूप से शनिवार को कोलकाता के भांगड़ संभाग के उत्तर काशी पुलिस थाना में दर्ज किया गया था, और जांच शुरू कर दी है।



कोलकाता के भवानीपुर में 29 अप्रैल को होने वाल मतदान से पूर्व केंद्रीय सुरक्षा बलों की उच्च स्तरीय गश्त जारी है। • अमृत विचार

## न्यायाधिकरण से मंजूरी प्राप्त 1,468 मतदाता बंगाल चुनाव के दूसरे चरण में कर सकेंगे मतदान : अधिकारी

**कोलकाता, एजेंसी**

एसआईआर से जुड़े न्यायाधिकरण के आदेशों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में कुल 1,468 लोगों का नाम जोड़ा गया है, जो 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम पूरक मतदाता सूची में हैं, वे आयोग की वेबसाइट पर अपना मतदाता पहचान पत्र क्रमांक दर्ज करके अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की अपीलों का निपटारा अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा 27 अप्रैल तक कर दिया गया था, उन्हें एक पूरक मतदाता सूची में शामिल किया गया है, और वे दूसरे चरण में मतदान कर सकेंगे। दूसरे चरण में मतदान पश्चिम बंगाल के सात जिलों में फैले 142 निर्वाचन क्षेत्रों में होगा।

**... चलें बूथ की ओर**



पश्चिम बंगाल : अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गयीं। हावड़ा के बागनान स्थित डीसीआरसी केंद्र से ईवीएम-चुनाव सामग्री लेकर निकलतीं मतदान कर्मी। ● फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

## आम जनता बनाम ममता की लड़ाई बन गया है पश्चिम बंगाल चुनाव : समिक भट्टाचार्या

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्या ने तृणमूल कांग्रेस को 'जीवित अवशेष' मात्र बताते हुए कहा है कि यह चुनाव 'आम जनता बनाम ममता' की लड़ाई बन चुका है। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान को अभूतपूर्व बताते हुए श्री भट्टाचार्या ने कहा कि 93.19 प्रतिशत मतदान इस बात का साफ इशारा है कि ममता बनर्जी अब सत्ता से जा रही हैं। श्री भट्टाचार्या ने बातचीत में कहा कि ममता बनर्जी की विदाई तय है। इतनी बड़ी संख्या में हुआ मतदान सत्ता विरोधी लहर को दिखाता है। यही माहौल चुनाव के दूसरे चरण में भी बना रहेगा। हमें भरोसा है कि हम बंगाल में बड़ी जीत हासिल करेंगे और चार मई को सरकार बनाएंगे। पश्चिम बंगाल में दो चरणों के विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था और दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार को होगी और नतीजों की घोषणा चार मई को की जाएगी। घुसपैठियों पर उन्होंने कहा कि राज्य के कई सीमावर्ती जिलों की आबादी और संरचना में अब तक बहुत बड़ा बदलाव आ चुका है। पश्चिम बंगाल की बांग्लादेश के साथ लगभग 2,216 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो किसी भी भारतीय राज्य की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय थल और नदी सीमा है। श्री भट्टाचार्या ने आरोप लगाया कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों की पूरी जनसांख्यिकी बदल गई है। इसमें कोई शक नहीं है कि तृणमूल ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है।

# उपद्रवियों पर कार्रवाई को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

- तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने का लगाया आरोप

कलकत्ता उच्च न्यायालय में मंगलवार को एक याचिका दायर की गई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में उसकी तरफ से जारी आदेश पर अमल नहीं कर रहा है।

उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल को आयोग की ओर से नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें कुछ नागरिकों को उपद्रवी करार दिया गया था और संबंधित अधिकारियों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष दायर याचिका में दावा किया कि आयोग ने लगभग 350 लोगों की एक नयी सूची तैयार की है, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जानी है। इस खंडपीठ में न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन भी शामिल हैं। याचिका में बनर्जी ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय ने आदेश के कार्यान्वयन पर 30 जून तक रोक लगा दी थी, लेकिन निर्वाचन आयोग इसका पालन नहीं कर रहा है। खंडपीठ ने बनर्जी के मुवक्किल को उनकी तरफ से मौखिक रूप से किए गए अनुरोध पर अवमानना याचिका दायर करने की अनुमति दे दी।

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया था कि यह आदेश नागरिक/पुलिस अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 या किसी अन्य दंड संहिता के तहत अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

## वह 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं: तृणमूल नेता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने निर्वाचन आयोग की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी अजय पाल शर्मा के क्षेत्र का दौरा करने पर मंगलवार को आपत्ति जताई। खान ने कहा कि अगर शर्मा सिंघम हैं, तो वह पुष्पा हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए फाल्टा में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा को तृणमूल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार के चयन मंडल में भारतवंशी

**लंदन।** पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान चलाने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत ''बच्चों की किताब दुकान'' की मालिक संचिता बसु डे सरकार लेखक फ्रैंक कॉटरेल-बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे।

### एस-400 मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई अगले महीने मिलेगी

**नई दिल्ली।** भारत को सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई रूस से अगले महीने के पहले हिस्से में प्राप्त होने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना के वायु रक्षा तंत्र को और मजबूती मिलेगी। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों के मुताबिक अक्टूबर 2018 में भारत ने पांच मिसाइल प्रणालियां खरीदने के लिए रूस के साथ 5 अरब अमेरिकी डॉलर का एक समझौता किया था और इनमें से तीन की आपूर्ति पहले ही की जा चुकी है। मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति के लिए संशोधित समयसीमा के अनुसार, पांचवीं इकाई नवंबर तक सुपुर्द कर दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 मिसाइल प्रणालियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### भ्रष्टाचार मामले में शहबाज की बेटी-दामाद को मिली जमानत

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी राबिया इमरान और उनके पति इमरान यूसुफ को भ्रष्टाचार और धनशोधन के एक बड़े मामले में जमानत दे दी। न्यायाधीश अशफाक अहमद ने दंपति की जमानत याचिकाएं मंजूर कर लीं और संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को सात मई तक उन्हें गिरफ्तार करने से रोक दिया। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, लाहौर की विशेष अदालत ने प्रधानमंत्री शहबाज की बेटी राबिया इमरान और उनके पति इमरान यूसुफ को भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में सात मई तक अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी है।

# ट्रंप को झटका, न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को चुना गया उपाध्यक्ष

## गुट निरपेक्ष आंदोलन के समर्थन से हुआ चयन, अमेरिका ने बताया शर्मनाक और अपमानजनक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाक्रम में ईरान को न्यूयॉर्क में चल रहे परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुना गया है। इसे अमेरिका के लिए जहां बड़ा झटका माना जा रहा है, वहीं ईरान ने इसे परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के लिए अपने प्रयासों की जीत बताया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) का कहना है कि ईरान लगातार परमाणु अप्रसार संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

वियना में ईरानी मिशन ने एक बयान में कहा कि यह चुनाव वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ईरान की भूमिका और वकालत का सम्मान है। ईरान ने अपना पुराना नारा दोहराते हुए कहा, परमाणु ऊर्जा सभी के लिए, लेकिन परमाणु हथियार किसी के लिए नहीं। ईरान ने अपने दावे में यह भी कहा कि उनके यहां परमाणु हथियारों पर धार्मिक रूप से पाबंदी है। इसके लिए उन्होंने अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता के उस फतवे का हवाला दिया जिसमें इन हथियारों के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। गौरतलब है कि पिछले साल आईएईए के 35 सदस्यीय बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें 2005 के बाद पहली बार आधिकारिक रूप से कहा गया था कि ईरान परमाणु नियमों का पालन नहीं कर रहा है। परमाणु एजेंसी का आरोप है कि ईरान ने कई संदिग्ध ठिकानों पर अघोषित परमाणु सामग्री और गतिविधियों के बारे में जानबूझकर जानकारी नहीं दी है।

एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में 34 उपाध्यक्ष होते हैं। ईरान उपाध्यक्ष के रूप में सम्मेलन की सामान्य समिति का हिस्सा बन गया है, जो सम्मेलन के संचालन और एजेंडे को व्यवस्थित करने में मदद करती है। ईरान के लिए यह नियुक्ति उसकी परमाणु नीति और परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया के लिए उसकी वकालत की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता के रूप में देखी जा रही है। ईरान का चुनाव गुटनिरपेक्ष आंदोलन जो 121 विकासशील देशों का समूह है, की ओर से नामांकन के आधार पर हुआ है। यह दर्शाता है कि कई विकासशील देश शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के अधिकार और परमाणु निरस्त्रीकरण के मुद्दे पर ईरान के साथ खड़े हैं।



न्यूयॉर्क में सोमवार को शुरू हुआ परमाण अप्रसार संधि सम्मेलन।

### अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने किया कड़ा विरोध

इस चुनाव का अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने कड़ा विरोध किया है। अमेरिका ने इसे शर्मनाक और सम्मेलन की विश्वसनीयता के लिए अपमानजनक बताया है, उसका आरोप है कि ईरान अपनी परमाणु प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन कर रहा है। उपाध्यक्ष के रूप में ईरान प्रक्रियात्मक भूमिका में आ गया है, यह ईरान को वैश्विक परमाणु नीतियों पर चर्चा के दौरान अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का एक बड़ा मंच प्रदान करेगी।

### परमाणु हथियारों के विनाशकारी परिणामों को भूल रही है दुनिया : गुटेरस

- कहा- दुनिया में हो रही है परमाणु हथियारों में चिंताजनक बढ़ोतरी

सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया को आगाह करते हुए कहा कि देश परमाणु हथियारों के विनाशकारी परिणामों को भूलते जा रहे हैं और दुनिया भूलने की खतरनाक बीमारी की चपेट में है। गुटेरस ने याद दिलाया कि परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिशें 1946 से ही शुरू हो गई थीं, लेकिन अब दशकों की मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। परमाणु हथियारों की धमकियां फिर से सुनाई देने लगी हैं, देशों के बीच अविश्वास बढ़ रहा है और हथियार नियंत्रण की नीतियां दम तोड़ रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि पिछले साल दुनिया भर में सैन्य खर्च बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इसके साथ ही दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोतरी देखी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि परमाणु परीक्षणों को लेकर फिर से चर्चा शुरू होना और नए देशों द्वारा परमाणु हथियार पाने की कोशिश करना एक बड़ा खतरा है। गुटेरेस ने कहा, अतीत में दुनिया केवल इसलिए बची रही क्योंकि नेताओं ने संयम दिखाया। उन्होंने जोर दिया कि परमाणु युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता और इसे कभी लड़ा भी नहीं जाना चाहिए।

# होर्मुज में सुरक्षित आवागमन बहाल होना चाहिए : भारत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई बहस में जहाजों पर हमलों की निंदा की
- कहा- ऐसे हमले वैश्विक शांति और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित एवं निर्बाध समुद्री आवागमन को तत्काल बहाल करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमले वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा एवं आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के एजेंडे के अंतर्गत समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय खुली बहस में भारतीय प्रतिनिधि योजना पटेल ने जोर दिया कि महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा वैश्विक व्यापार एवं स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जलमार्गों की सुरक्षा के लिए नए सिरे से अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान करते हुए पटेल ने कहा कि ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं और इनके परिणामस्वरूप पहले ही भारतीय नाविकों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार का एक बड़ा हिस्सा वहन करते हैं और किसी भी व्यवधान के अंतरराष्ट्रीय स्थिरता के लिए दूरगामी परिणाम होते हैं।

पटेल ने कहा कि महत्वपूर्ण जलमार्गों पर नौवहन की स्वतंत्रता का अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने सुरक्षित एवं निर्बाध समुद्री मार्ग की तत्काल बहाली का आग्रह किया। भारत ने एक स्वतंत्र समुद्री व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### रूस ने कहा- ईरान को होर्मुज पर अपना नियंत्रण रखने का पूरा अधिकार

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने जोर देकर कहा है कि जंग के समय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन को विनियमित और प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है। नेबेंजिया ने सोमवार को इस मसले पर बोलते हुए सारा इल्जाम ईरान पर मढ़ने की कोशिशों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, पूरी जिम्मेदारी ईरान पर डालने की कोशिश की गई, मानो ईरान ने ही अपने पड़ोसियों पर हमला किया हो। होर्मुज में ईरान के कदम का बचाव करते हुए उन्होंने कहा युद्ध की स्थिति में खतरे का सामना कर रहे किसी भी तटीय देश के पास अपनी सुरक्षा के लिए अपने क्षेत्रीय जल क्षेत्र के भीतर आवाजाही को सीमित करने का अधिकार होता है। रूसी दूत ने पश्चिमी देशों पर दोहरे मानदंड अपनाने का भी आरोप लगाया।

# राजीव गांधी हत्या मामले के दोषी ने वकील के रूप में पंजीकरण कराया

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों में से एक एजी पेरारिवलन ने अपना नाम तमिलनाडु और पुडुचेरी बार एसोसिएशन में वकील के रूप में पंजीकृत कराया है।

पेरारिवलन को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी लेकिन उसे 2022 में रिहा कर दिया गया था। पेरारिवलन (54) का वकील के तौर पर पंजीकरण 27 अप्रैल को हुआ। वह मद्रास हाईकोर्ट में वकील के तौर पर काम करेगा और कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने पर जोर देगा। पेरारिवलन को सोमवार को औपचारिक रूप से बार एसोसिएशन में शामिल किया गया। मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी समारोह में उपस्थित थे। तमिलनाडु और पुडुचेरी बार काउंसिल के अध्यक्ष पी एस अमलराज और उपाध्यक्ष एस प्रभाकरण भी शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई 2022 को अनुच्छेद 142 के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए पेरारिवलन की रिहाई का आदेश दिया था।

# धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, फिर सुरक्षा गार्डों को चाकू घोंपा

## महाराष्ट्र के ठाणे में पहलगाम जैसी घटना, गिरफ्तार आरोपी से मिले आईएसआईएस के दस्तावेज

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार तड़के पहलगाम के आतंकी हमले से मिलती-जुलती घटना हुई। दो सुरक्षा गार्डों से धर्म पूछने और कलमा पढ़ने के लिए कहने के बाद एक शख्स ने उन पर चाकू से हमला कर दिया और दोनों को गंभीर रूप से घायल करने के बाद भाग निकला। बाद में उसे सीसीटीवी फुटेज से पहचान करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच एटीएस को सौंपी गई है। एटीएस ने उसके आवास से अकेले ही हमला करने और इस्लामिक स्टेट का उल्लेख करने वाला एक नोट, एक लैपटॉप और कुरान की तीन प्रतियां बरामद की हैं।

एटीएस के मुताबिक आरोपी की पहचान 31 वर्षीय जैब जुबैर अंसारी के रूप में हुई है जो 2020 में अमेरिका से भारत लौटा था। सोमवार तड़के उसने ठाणे के मीरा रोड इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत में हुई कहासुनी के बाद सुरक्षा गार्ड से कथित तौर पर उनका धर्म पूछा था। एक पीड़ित के मुताबिक इसके बाद उसने उन्हें कलमा पढ़ने को कहा। वे ऐसा नहीं कर पाए तो उसने चाकू से उन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे पहले आरोपी ने सुरक्षा गार्डों से किसी मस्जिद का पता पूछा था और उन्होंने उसकी जानकारी होने से इन्कार कर दिया था। एटीएस के एक अधिकारी के अनुसार, अभी तक की जांच में पता चला है कि इस हमले में अंसारी अकेले ही शामिल था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जांच सौंपे जाने के बाद एटीएस ने घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर मीरा रोड स्थित नया नगर के स्मिता रीजेंसी भवन स्थित आवास की तलाशी ली, जहां वह अकेले रहता था।



चाकू लेकर खड़ा आरोपी। ● सीसीटीवी फुटेज

### अमेरिका में 20 साल रहकर लौटा था भारत



ठाणे पुलिस ने सील किया घर।

एटीएस ने बताया कि आरोपी 2000 से 2020 तक अपने माता-पिता के साथ अमेरिका में रहता था। वर्क परमिट समाप्त होने के बाद वह भारत लौट आया और कुछ समय तक मुंबई के कुर्ला और पड़ोसी नवी मुंबई के वाशी में रहा। 2022 से वह स्मिता रीजेंसी बिल्डिंग में अकेला रह रहा उसकी पत्नी अफगान है जो उसे छोड़कर अमेरिका चली गई। मीरा भायंदर-वसई विरार क्षेत्र में मिश्रित आबादी रहती है, जिसमें मुस्लिम बहुल एक क्षेत्र भी शामिल है।

### खुद ही कट्टरपंथी बनने जैसा मामला : फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी कई वर्षों से अमेरिका में रह रहा था और संभवत: ऑनलाइन सामग्री और किताबों से प्रभावित होकर चरमपंथी मानसिकता अपना बैठा। ऐसा लगता है कि इसी से प्रभावित होकर उसने जिहाद और दूसरे धर्मों के लोगों की हत्या की सोच विकसित कर ली। हालांकि एटीएस और एनआईए जैसी एजेंसियों की मदद से हम इस बात की जांच करेंगे कि इस कट्टरपंथ के पीछे कौन है और क्या इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं।

# जामिया मिल्लिया में राष्ट्रीय स्वयं संघ के कार्यक्रम का भारी विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जामिया मिल्लिया के गेट पर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में भिड़ंत।

- भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद मुख्यद्वार बंद कर अतिथियों को आने से रोका
- जामिया हमारा विश्वविद्यालय आपकी शाखा नहीं के नारे लगे

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने मंगलवार को परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का कड़ा विरोध किया। दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की भारी तैनाती के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने प्रवेश द्वार को बंद कर अतिथियों को ऑडिटोरियम के अंदर आने से रोक दिया। उन्होंने संघ के कार्यक्रम को केंद्रीय विश्वविद्यालय की गरिमा के खिलाफ बताया और उसे रद्द करने की मांग की।

छात्रों ने इस दौरान 'जामिया हमारा विश्वविद्यालय है, आपकी शाखा नहीं' और 'कैंपस के भगवाकरण को बंद करो' जैसे पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इंकलाब जिंदाबाद के भी नारे लगाए और ऑडिटोरियम के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया। लेफ्ट विंग के छात्र संगठनों स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने इस विरोध का नेतृत्व किया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि आरएसएस अपने मुख्य अतिथि को ऑडिटोरियम में ले जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन छात्रों ने मुख्य द्वार पर मोर्चा संभाल लिया और आरएसएस पदाधिकारियों से कैंपस से निकलने को कहा।

आइसा ने एक बयान में कहा कि जामिया में आरएसएस के लिए कोई जगह नहीं है। आइसा ने आरोप लगाया कि जिस संगठन ने स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भूमिका नहीं निभाई, वह आज अपनी सत्ता मजबूत करने के लिए राष्ट्रवाद का कार्ड खेल रहा है। एसएफआई ने सोमवार को एक बयान में कहा, अल्पसंख्यक छात्रों वाले परिसर में संघ का कार्यक्रम आयोजित करना एक प्रत्यक्ष उकसावा और उसकी गरिमा व सुरक्षा पर हमला है।

**दूसरे कॉलेजों में भी हो चुका है विरोध:** जामिया में मंगलवार को बढ़ा यह तनाव दिल्ली विश्वविद्यालय के उन कॉलेजों की घटनाओं के बाद हुआ जहां हाल ही में संघ से जुड़े कार्यक्रमों का छात्रों और शिक्षक निकायों ने कड़ा विरोध किया था।

# मेलानिया के चेहरे पर विधवा होने के इंतजार जैसी चमक... भद्दे मजाक पर भड़के ट्रंप

- जिमी किमेल को एबीसी की नौकरी से निकालने की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने जिमी किमेल के एक आपत्तिजनक मजाक को लेकर एबीसी से उन्हें नौकरी से निकालने की मांग की है। किमेल ने बृहस्पतिवार को 'जिमी किमेल लाइव' के दौरान मजाक करते हुए कहा था कि मेलानिया के चेहरे पर विधवा होने का इंतजार कर रही महिला जैसी चमक है।

मेलानिया ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, किमेल जैसे लोगों को हर शाम टीवी के जरिए घरों में घृणा फैलाने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बाद में इसी बात को दोहराया।

इस मामले पर एबीसी की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। किमेल अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लंबे समय से राष्ट्रपति ट्रंप को निशाना बनाते रहे हैं तथा पिछले साल प्रशासन के साथ टकराव के बाद उन्होंने अपनी टिप्पणियों को और तीखा कर दिया। रूढ़िवादी नेता चार्ली किर्क की हत्या पर की गई एक टिप्पणी के बाद एबीसी ने उन्हें निलंबित कर दिया था और नेटवर्क के कुछ सहयोगी चैनलों ने भी उनका शो बंद करने का फैसला किया था। ट्रंप के संघीय संचार आयोग के प्रमुख ब्रेंडन कार ने इन कदमों का समर्थन किया था। हालांकि बाद में एबीसी और उससे जुड़े चैनलों ने किमेल को वापस ले लिया।

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही रुकने से 20,000 नाविक फंसे

**दुबई।** होर्मुज जलडमरूमध्य को पार न कर पाने के कारण सैकड़ों जहाजों पर सवार लगभग 20,000 नाविक खाड़ी में फंसे हुए हैं। इनमें गैस और तेल के टैंकर सहित कई मालवाहक जहाज शामिल हैं। समुद्र संबंधी डेटा देने वाली कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार 13 से 19 अप्रैल के दौरान इस जलडमरूमध्य से लगभग 80 जहाज गुजरे। युद्ध से पहले यहां से रोज 130 से ज्यादा जहाज गुजरते थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद अब तक दर्जनों जहाजों पर हमलों में 10 नाविकों की मौत हो चुकी है।

### पाकिस्तान: आंखों के इलाज के बाद इमरान खान को वापस जेल भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मंगलवार को एक स्थानीय अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दाहिनी आंख की बीमारी का इलाज किया गया और फिर उन्हें वापस जेल भेज दिया गया। जेल में बंद खान (74 वर्ष) को जनवरी के अंत में दाहिनी 'सेंट्रल रेटिनल वेन आक्कलुजन' का पता चला था और उन्हें 'पाकिस्तान आयुर्विज्ञान संस्थान में लाया गया था, जहां उन्हें एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया था, जो हर महीने दोहराया जाता है। उनका आखिरी इलाज 23 मार्च को हुआ था। पीआईएम के प्रवक्ता के अनुसार, खान को मंगलवार को नेत्र संबंधी उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था और उन्हें चौथा इंट्राविट्रियल इंजेक्शन दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई कार्ययोजनाओं को गति मिलेगी। जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश करने से बचें।

**तुला** – आज साझेदारी के कार्यों में अपेक्षित लाभ मिलेगा। नए व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे। पुराने मतभेद सुलझेंगे।

**वृष** – आज रुका हुआ धन प्राप्त होने से होगा। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतना जरूरी है।

**वृश्चिक** – आज शत्रुओं पर आपकी विजय सुनिश्चित है। नौकरीपेशा को सुखद समाचार मिल सकता है। कानूनी मामलों में स्थिति पक्ष में रहेगी।

**मिथुन** – आज संपर्कों का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक यात्राएं सफल रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी बुद्धि और कौशल की सराहना होगी।

**धनु** – आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्तम रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**कर्क** – आज कार्यभार बढ़ सकता है। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शांति के लिए थोड़ा समय एकांत में बिताएं।

**मकर** – आज घरेलू सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यस्थल पर काम की अधिकता रहेगी।

**सिंह** – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अटके हुए सरकारी कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।


**कुंभ** – आज पराक्रम में वृद्धि होगी। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। नए विचारों को साझा करने से करियर में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे।

**कन्या** – आज दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। अनावश्यक खर्चों और वाद-विवाद से दूर रहें। महत्वपूर्ण निर्णय टाल देना बेहतर होगा।

**मीन** – आज धन संचय के प्रयास सफल होंगे। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। परिवार में किसी धार्मिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19.51 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 30 अप्रैल 00.16 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |

### सुडोकू -134

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

**कड़े कदम** — केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की ताजा स्थिति रिपोर्ट, ऑनलाइन ठगी के खिलाफ कड़े कदम उठाने की दी जानकारी

# डिजिटल अरेस्ट के मामले में व्हाट्सएप ने बंद किए करीब 9,400 खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दूरसंचार नियामकों, सेवा प्रदाताओं, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों एवं सीबीआई को शामिल करते हुए बहुस्तरीय कार्रवाई की गई है। इसके अलावा व्हाट्सएप ने भी ऐसे अपराधों में शामिल 9,400 खातों पर रोक लगा दी है।

गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अपनी विस्तृत स्थिति रिपोर्ट में इस कार्रवाई का ब्योरा दिया। यह रिपोर्ट देश में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के नौ फरवरी के निर्देशों के अनुपालन में दाखिल की गई है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों का स्वतः संज्ञान लेते हुए कई निर्देश जारी किए थे। इनमें रिजर्व बैंक, दूरसंचार विभाग और अन्य से ऐसे मामलों में मुआवजे की व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार करने को लेकर संयुक्त बैठक करने को भी कहा गया था। इसी क्रम में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी के माध्यम से दाखिल स्थिति रिपोर्ट में इस वर्ष जनवरी से 12 सप्ताह में व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई का ब्योरा दिया गया है।

### प्रोफाइल में सरकारी प्रतीक चिह्नों का इस्तेमाल करने पर बंद होंगे खाते

**धोखाधड़ी रोकने के लिए नए कदम**

- नए खातों से कॉल आने पर दी जाएगी चेतावनी

स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई नए कदम लागू किए जा रहे हैं। व्हाट्सएप की ओर से इनमें 'लोगो' का पता लगाने का तंत्र भी शामिल है, ताकि प्रोफाइल तस्वीरों में पुलिस या सरकारी प्रतीक चिह्नों का इस्तेमाल करने वाले खातों की पहचान कर उन्हें हटाया जा सके। व्हाट्सएप एक नई सुविधा शुरू करने पर विचार कर रहा है, जिसके तहत लोगों को नए बनाए गए या कम अवधि से सक्रिय खाते से कॉल आने पर चेतावनी दी जाएगी। इसके अलावा दूरसंचार विभाग और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने फर्जी सिम कार्ड निष्क्रिय करने के लिए नई समयसीमा निर्धारित की है और संदिग्ध सिम कार्डों की पहचान होने के दो से तीन घंटे के अंदर उन्हें ब्लॉक करने की व्यवस्था पर काम कर रही है।

### संदिग्ध लेनदेन पर अस्थायी रोक लगाएंगे बैंक

रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करना है, ताकि सिम कार्ड जारी करने की प्रक्रिया की सभी नेटवर्क पर निगरानी की जा सके। दूरसंचार विभाग दिसंबर 2026 तक इसे लागू करेगा। रिजर्व बैंक ने एक एसओपी बनाई है, जिसमें बैंकों को संदिग्ध लेनदेन पर अस्थायी रोक लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि धन हस्तांतरण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फर्जी या मध्यस्थ खातों की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

### 10 करोड़ की ठगी की जांच सीबीआई करेगी

रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट मामले की जांच अपने हाथ में लेने के लिए 10 करोड़ रुपये के नुकसान की सीमा तय की है।



"दिल्ली कैपिटल्स के लिए घबराने का समय नहीं है बल्कि उन्हें यह सब भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। डीडी के खिलाड़ी सब कुछ भूलकर आगे बढ़ें, सकारात्मक क्रिकेट खेलें। यह सुनिश्चित करें कि ड्रेसिंग रूम में बहुत सकारात्मक माहौल बना रहे। –पीयूष चावला

स्टेडियम

कानपुर नगर, बुधवार, 29 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# पीएम ने बीसीसीआई की छह इंडोर क्रिकेट अकादमियों का किया उद्घाटन

**गंगटोक, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्वोत्तर भारत में छह अत्याधुनिक इंडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया जो इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

ये अकादमियां रंगपो (सिक्किम), दोइमुख (अरुणाचल प्रदेश), इंफाल (मणिपुर), मदनकुरक्लांग (मेघालय), आइजोल (मिजोरम) और दीमापुर (नगालैंड) में स्थित हैं। बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ' प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

यह खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (अईसीसी) के चेयरमैन जय शाह और बीसीसीआई के पदाधिकारी मौजूद थे जबकि पूर्वोत्तर के अन्य पांच राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। बीसीसीआई ने कहा, ''इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की गई थी और इसे जय शाह के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। उन्होंने अपने सचिव कार्यकाल के दौरान इस पर विशेष ध्यान दिया जिसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना था।'' उन्होंने कहा, ''इन अकादमियों की आधारशिला मई 2024 में शाह द्वारा रखी गई थी। इसके साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र में विश्व स्तरीय क्रिकेट बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई।'' इन अकादमियों को हाई परफोर्मेंस सेंटर के तौर पर डिजाइन किया गया है।





गंगटोक में एक समारोह के दौरान वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते पीएम मोदी।

इनमें इंडोर अभ्यास पिच, अत्याधुनिक जिम, तापमान-नियंत्रित तैराकी पूल और प्रशासन तथा प्रशिक्षण के लिए अलग से ब्लॉक बनाए गए हैं। ये सुविधाएं खिलाड़ियों को पूरे साल प्रशिक्षण की सुविधा देंगी। इससे विशेष रूप से इस क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाले मॉनसून के कारण आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। साथ ही खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण के लिए देश के अन्य हिस्सों में जाने की जरूरत भी काफी हद तक कम हो जाएगी। बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ''यह पहल क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को हर क्षेत्र तक पहुंचाने और इस खेल के लिए एक मजबूत, अधिक समावेशी नींव बनाने के हमारे साफ इरादे को दिखाती है।'' उन्होंने कहा, ''यह इस बात को पक्का करने की दिशा में भी एक अहम कदम है कि पूर्वोत्तर के उभरते हुए क्रिकेटरों को भी देश में किसी अन्य जगह की तरह ही अच्छे स्तर की सुविधाएं मिलें।''

**ऑरेंज कैप**







- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान–400 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –380 रन
- केएल राहुल दिल्ली–358 रन

**पर्पल कैप**







- भुवनेश्वर कुमार आरसीबी–14 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई –14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद–14 विकेट

## हाईलाइट

### ईस्ट बंगाल ने ओडिशा एफसी को हराया

**मडगांव (गोवा), एजेंसी।** ईस्ट बंगाल एफसी ने मंगलवार को यहां ओडिशा एफसी को इंडियन सुपर लीग मुकाबले में 3-0 से हरा दिया। बिपिन सिंह थोनाओजम (11वें मिनट) ने शुरुआत में ही ईस्ट बंगाल को बढ़त दिलाई जिसके बाद यूसेफ एजेजारी (70वें और 84वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की। इस जीत से ईस्ट बंगाल एफसी की टीम नौ मैच में 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है। ओडिशा एफसी की टीम छह अंक के साथ 13वें स्थान पर है।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने जीता चार स्वर्ण पदक


**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### विस्मया व श्रीनिवास को नाडा ने किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली :** एशियाई खेलों 2018 में चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय धाविका वी .के . विस्मया को प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन में दोषी पाए जाने के करीब दो साल बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने दो साल के निलंबन की सजा सुनाई है। विस्मया 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला रिले टीम का हिस्सा थीं। उनके नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमिफीन की पुष्टि होने के बाद 2024 में उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। यह पदार्थ हार्मोन और मेटाबोलिक मॉड्यूलेटर श्रेणी में आता है और खिलाड़ी के लिए हर समय प्रतिबंधित है। उनका नमूना 15 अगस्त 2024 को कोच्चि के पास पेरुंबवूर स्थित उनके घर पर प्रतियोगिता से बाहर परीक्षण के दौरान लिया गया था।

# डोनोवन फरेरा के तूफानी अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब को हराया

**आईपीएल : पंजाब ने बनाए थे 222 रन, राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी व सूर्यवंशी ने भी खेली आतिशी पारी**






**मुल्लांपुर, एजेंसी।**

डोनोवन फरेरा के तूफानी अर्धशतक और शुभम दुबे के साथ उनकी अटूट अर्धशतकीय साझेदारी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। मौजूदा सत्र में पंजाब की टीम की पहली हार है। पंजाब के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (51 रन, 27 गेंद, सात चौके, एक छक्का) और वैभव सूर्यवंशी (43 रन, 16 गेंद, पांच छक्के, तीन चौके) की तूफानी पारियों के बाद डोनोवन फरेरा (नाबाद 52 रन, 26 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) और शुभम दुबे (नाबाद 31 रन, 12 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 32 गेंद में 77 रन की अटूट साझेदारी से 19.2 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाकर जीत दर्ज की।

मंगलवार को पंजाब किंग्स ने मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62, 22 गेंद, छह छक्के, चार चौके) के ताबड़तोड़ अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन (59 रन, 44 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के जुझारू अर्धशतक से चार विकेट पर 222 रन बनाए। प्रभसिमरन ने अर्धशतक जड़ने के अलावा कूपर कोनोली (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 और कप्तान श्रेयस अय्यर (30) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी भी की। स्टोइनिस की तूफानी पारी से पंजाब किंग्स की टीम आखिरी तीन ओवर में 55 रन जोड़ने में सफल रही।





रॉयल्स की ओर से लेग स्पिनर यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। नांद्रे बर्गर काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने 59 रन देकर एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने 16 गेंद का सामना करते हुए पांच छक्के और तीन चौके मारे। सूर्यवंशी के आउट होने के बाद जायसवाल ने तेवर दिखाए। रॉयल्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 84 रन बनाए। अंतिम ओवर में रॉयल्स को 18 रन की जरूरत थी। फरेरा ने टीम को जीत दिलाई। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन सिंह (59) और मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62) के आतिशी अर्धशतकों से राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में चार विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। प्रभसिमरन ने 44 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाया जबकि स्टोइनिस ने मात्र 22 गेंदों में चार चौके और छह छक्के उड़ाए। प्रभसिमरन के 59 रनो की बदौलत 222 रन बनाए।

# हैदराबाद की बल्लेबाजी को रोकना मुंबई के लिए चुनौती

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक ज़बरदस्त "बचने बनाम आगे बढ़ने" का मुकाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ़ दो जीत के साथ, पाँच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफ़ी उतार-चढ़ाव भरा रहा है; बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाज़ी और स्ट्रोक-प्ले पर काफ़ी हद तक निर्भर रहेगी। हालाँकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ़ बल्लेबाज़ी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाज़ी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | 1.043 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | 1.919 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.617 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 5 | 4 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

# हम पिछले मैच की निराशा से उबर ही नहीं पाए थे : अक्षर पटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के ख़िलाफ़ उसी बल्लेबाज़ी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेज़लवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाज़ी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ़ 16.3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ़ ख़राब बल्लेबाज़ी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और ख़राब क़िस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया। प्रेस कॉन्फ़्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी। इतने रन बनाने के बाद अगर आप देखोगे तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है। लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफ़ेंड नहीं कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, "इसके अलावा हमारी क़िस्मत भी इस मैच में ख़राब थी। ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज़ सेट होकर आउट हुआ।



# ज्वेरेव ने मैड्रिड में लगातार 9वीं जीत की दर्ज

**मैड्रिड, एजेंसी**

अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहे। उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन ज्वेरेव ने खुद को संभाला और 6-3, 7-6(2) से जीत हासिल की। मनोलो सैन्टाना स्टेडियम में 1 घंटे 37 मिनट तक चले इस मैच में जीत के साथ, दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने इस टूर्नामेंट में अपने नौवें प्रयास में नौवीं बार अंतिम 16 में जगह बनाई है। 2025 सीजन की शुरुआत थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रही थी-जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल तक का सफर शामिल था।



### मैड्रिड ओपन के क्वार्टर-फाइनल में सिनर

- जानिक सिनर ने मंगलवार को यहाँ 2026 मैड्रिड ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से आसानी से हरा दिया और अगले मुकाबले में, सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए राफेल जोडर या विट कोप्रिवा में से किसी एक का सामना करेंगे; क्वार्टर फाइनल के मुकाबले 29 और 30 अप्रैल को होंगे, जबकि फाइनल 3 मई को खेला जाएगा।

**महिला टी20 रैंकिंग**

**भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की**

# पांचवें स्थान पर खिसकीं स्मृति, दीप्ति चौथे स्थान पर





ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गईं जबकि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

बल्लेबाजों की सूची में अन्य महत्वपूर्ण बदलावों में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर शामिल हैं जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला में 169 रन बनाने के बाद एक स्थान के फायदे से 646 अंक के साथ फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं। वहीं ऋचा घोष दो स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं और उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 786 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब वह दूसरे स्थान पर मौजूद बेथ मूनी से सिर्फ दो रेटिंग अंक पीछे हैं। जॉर्जिया वोल 815 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वोलवार्ट ने 56 गेंद में नाबाद 92 रन बनाकर भारत के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला का अंत 330 रन के साथ किया जो किसी भी महिला द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में किसी एक खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। उनकी टीम ने श्रृंखला 4-1 से जीती। टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इस सूची में पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल शीर्ष पर बनी हुई हैं जबकि टी20 विश्व कप से पहले भारत की ऑलराउंडर दीप्ति और दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम मैच में दो विकेट लेने के बाद बाएं हाथ की यह गेंदबाज 12 स्थान की छलांग लगाते हुए 11वें पायदान पर हैं।



# थॉमस-उबेर कप : चीन की पुरुष और महिला टीमों ने दर्ज की जीत

**होरसेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

चीन की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सोमवार को 2026 थॉमस और उबेर कप फ़ाइनल में कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की, और व्यस्त कार्यक्रम तथा देर रात की मुश्किलों पर काबू पाया। थॉमस कप के ग्रुप ए के दूसरे दौर में, चीन ने कनाडा को 4-1 से हराया, जबकि उसकी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी यूकी बीमारी के कारण देर से मुकाबले से हट गई थीं। शी, जिन्हें चीन की शीर्ष एकल खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, को टीम सूची जमा होने के बाद पेट की समस्या हो गई थी।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, एक बार टीमों की सूची का आदान-प्रदान हो जाने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। अपनी शारीरिक स्थिति और आगे होने वाले मैचों को देखते हुए, शी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया, जिससे कनाडा को शुरुआती 1-0 की बढ़त मिल गई। चीन की शीर्ष युगल जोड़ी लियांग वेइकिंग और वांग चांग ने शुरुआती कड़ा गेम 24-22 से जीता, और फिर मैच को 21-14 से अपने नाम कर लिया। इसके बाद ली शिफेंग ने ब्रायन यांग को 2-1 से हराकर चीन को बढ़त दिला दी। युगल की दूसरी जोड़ी हे जिटिंग और रेन शियांग्यू, तथा एकल खिलाड़ी वेंग होंगयांग, दोनों ने शेष मुकाबलों में सीधे गेम में जीत हासिल करके टीम की कुल जीत सुनिश्चित की।

### भारत का उबेर कप में सफर ग्रुप स्टेज में ही खत्म

- भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप 2026 के ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन के ख़िलाफ़ ज़ोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन 5-0 से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। भारत, जो डेनमार्क से 3-2 से मामूली हार और यूक्रेन पर 4-1 की जीत के बाद इस मुक़ाबले में उतरा था, उसे क्वार्टर-फ़ाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें – चीन और मेजबान डेनमार्क – आगे बढ़ गईं, जबकि भारत यूक्रेन से आगे तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिंधु ने सोमवार को शुरुआती सिंगल्स मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीयी को कड़ी टक्कर दी। पूर्व विश्व चैंपियन ने निर्णायक गेम के बड़े हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा और 18-12 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग झीयी ने लगातार सात अंक बनाकर 21-16, 19-21, 21-19 से जीत हासिल कर ली।